नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

वर्ष : 13

अंक : 20

सोमवार, 19 से 25 जून 2023

मूल्य : 5 रू प्रति

रू 250 वार्षिक

चांदनी चौक की तर्ज पर विकसित होगा गांधी नगर कपड़ा बाजार 03

बिखरते कुनबे से कमजोर होता एनडीए 08

# NCR समाचार

धोनी की कप्तानी में खिलाड़ी खुद को असुरक्षित महसूस नहीं करते थे 10

एथिकल हैकिंग जोर पकड़ रही है मांग 11



इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in

BY C.R.O. TEAM

twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

डेब्यू से पहले ही खुशी कपूर की अफेयर की चर्चा 12

# भारत-मिस्र के साथ संबंध सुधारने के लिए प्रतिबद्ध: मोदी

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली/काहिरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत मिस्र के साथ द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है और वर्ष 2023 पहले से ही दोनों देशों के लिए एक उल्लेखनीय साल रहा है।

प्रधानमंत्री ने यह बात शनिवार को काहिरा में अपने मिस्र के समकक्ष मुस्तफा मदबौली के साथ एक गोलमेज बैठक के दौरान कही।

स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार बैठक के बाद श्री मोदी ने बयानों में कहा कि उन्होंने अपने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के तरीकों पर अपने मिस्र के समकक्ष की सकारात्मक राय को ध्यान से सुना और प्रस्तावों पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

श्री मोदी ने कहा, यह हमारे साझा संबंधों के लिए एक उल्लेखनीय वर्ष है। इस वर्ष की शुरूआत में राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सिसी ने गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत का दौरा किया, जहां हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक स्तर तक बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

उन्होंने कहा कि सितंबर में नयी दिल्ली में होने वाली जी20 बैठकों में भाग लेने के लिए मिस्र के राष्ट्रपति को फिर से भारत में आमंत्रित करना उनके लिए सम्मान की बात है।

श्री मोदी ने कहा कि मिस्र और भारत अगले पांच वर्षों के भीतर द्विपक्षीय व्यापार में 12 अरब डॉलर के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले छह महीनों में ही भारतीय कंपनियों ने मिस्र में लगभग 17 करोड़ डॉलर का निवेश किया है। राष्ट्रपति के निमंत्रण के बाद यह श्री मोदी की पहली मिस्र यात्रा है।



## मिस्र यात्रा ऐतिहासिक रही : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी मिस्र यात्रा को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा है कि इससे भारत और मिस्र के संबंध अधिक मजबूत होंगे तथा दोनों देशों के लोगों को फायदा होगा। श्री मोदी ने दो दिन की यात्रा संपन्न होने के बाद स्वदेश रवाना होने से पहले कहा कि उनकी मिस्र यात्रा ऐतिहासिक रही है और इससे दोनों देशों के संबंध मजबूत होंगे तथा दोनों देशों के लोगों को फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह राष्ट्रपति अल सीसी , उनकी सरकार और मिस्र के लोगों के स्नेह के लिए धन्यवाद देते हैं। श्री मोदी ने कहा कि वह मिस्र के प्रधानमंत्री मुस्तफा मेडबोली को भी धन्यवाद देते हैं कि जो उनके साथ ऐतिहासिक पिरामिड देखने गये। इस दौरान हमने अपने देशों के समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास पर चर्चा के साथ साथ आने वाले समय में संबंधों को मजबूत बनाने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री अमेरिका की यात्रा संपन्न होने के बाद शनिवार को अपनी पहली मिस्र यात्रा पर काहिरा पहुंचे थे।

भारतीय राजदूत अजीत गुप्ते के मुताबिक 1997 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की काहिरा की यह पहली यात्रा है। श्री मोदी ने बैठक में उपस्थित लोगों से कहा, आपमें से कुछ लोगों ने हाल ही में भारत का दौरा किया है और यहां मैं कहना चाहूंगा कि दोनों पक्षों के बीच नियमित यात्राओं से द्विपक्षीय संबंध सक्रिय रूप से बढ़ेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मिस्र कैबिनेट में 'भारत इकाई' से मुलाकात कर रहे थे, जिसे इस साल की शुरूआत में मिस्र के राष्ट्रपति की भारत यात्रा के बाद स्थापित किया गया था। भारत इकाई का नेतृत्व प्रधानमंत्री मुस्तफा मदबौली करते हैं और इसमें कई मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

श्री मोदी ने कहा कि पिछले सप्ताह स्वेज नहर आर्थिक क्षेत्र के अध्यक्ष की भारत यात्रा सफल रही और इससे अन्य भारतीय कंपनियों को मिस्र में निवेश करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में दोनों पक्षों के बीच बढ़ता सहयोग पर्यावरण संरक्षण के प्रति संयुक्त प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने बताया कि कई भारतीय कंपनियां हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों में निवेश कर रही हैं। श्री मोदी ने कहा कि वह मिस्र की अपनी अगली यात्रा पर नई प्रशासनिक राजधानी का दौरा करना चाहेंगे। मिस्र के प्रधानमंत्री मदबौली ने अपनी ओर से दोनों पक्षों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए दोनों सरकारों के दृढ़ संकल्प की पुष्टि की। श्री मदबौली ने कहा कि दोनों देशों के बीच बढ़ता व्यापार आदान-प्रदान, जो 2022 में 7 अरब डॉलर तक पहुंच गया, अगले पांच वर्षों में 12 अरब डॉलर तक जाने की संभावना दिखाता है। इस संबंध में जुलाई 2022 में आयोजित संयुक्त व्यापार समिति की बैठक के दौरान सहमति हुई थी। उन्होंने मिस्र में भारतीय निवेश के मौजूदा स्तर की सराहना की, जो 3.5 अरब डॉलर है और कहा कि देश अधिक भारतीय पूंजी प्राप्त करने के लिए तैयार है।

समाचार पत्र 'अहराम ऑनलाइन' ने कहा कि श्री मदबौली ने मिस्र और क्षेत्र में भारतीय निवेश के लिए आशाजनक वृद्धि के उदाहरण के रूप में पिछले सप्ताह स्वेज नहर आर्थिक क्षेत्र प्राधिकरण के अधिकारियों की भारत यात्रा के दौरान दोनों पक्षों के बीच हस्ताक्षरित समझौतों का हवाला दिया।

मिस्र के प्रधानमंत्री मुस्तफा मदबौली ने देशों के बीच रणनीतिक संबंध विकसित करने में मिस्र की उत्सुकता पर जोर दिया और रुचि व्यक्त की कि भारत मिस्र को गेहूं का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता बन जाएगा। उन्होंने कहा कि मिस्र भी स्वास्थ्य सेवा और दवा उत्पादन के क्षेत्र में भारत के साथ अधिक सहयोग चाहता है, इस तरह के सहयोग के एक मॉडल के रूप में शहर में एक वैक्सीन उत्पादन संयंत्र स्थापित करने के लिए एक भारतीय कंपनी और मिस्र की वीएसीएसइआरए के बीच साझेदारी का हवाला दिया। मिस्र नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भारतीय कंपनियों द्वारा अधिक निवेश का स्वागत करता है, विशेष रूप से स्वेज नहर आर्थिक क्षेत्र में हरित हाइड्रोजन के उत्पादन में।

# कभी ऐसे प्रधानमंत्री नहीं देखे जो 'झूठ' बोलते हों : सिद्धरमैया

एनसीआर समाचार



**सांगली (महाराष्ट्र)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने नरेन्द्र मोदी नीत केंद्र सरकार को आड़े हाथ लेते हुए रविवार को दावा किया कि उन्होंने अपने 40 साल के राजनीतिक सफर में कभी ऐसे प्रधानमंत्री नहीं देखे जो 'झूठ' बोलते हों।

महाराष्ट्र के सांगली जिले में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिद्धरमैया ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर उनके राज्य में भ्रष्टाचार में संलिप्त होने का आरोप लगाया। इस जनसभा में कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई ने उन्हें सम्मानित किया।

सिद्धरमैया ने कहा कि यह प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए नरेन्द्र मोदी को हराए।

कांग्रेस नेता ने मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, "मैंने अपने 40 साल के राजनीतिक करियर में ऐसे प्रधानमंत्री नहीं देखे जो झूठ बोलते हों। वर्ष 2014 में उन्होंने (मोदी ने) लोगों के खाते में 15-15 लाख रुपये जमा करने, दो करोड़ नौकरियां देने और अच्छे दिन लाने की बात की थी। क्या इनमें से कोई वादा पूरा हुआ ?"

सिद्धरमैया ने कहा कि वह और उपमुख्यमंत्री एवं कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केसीपीपी) अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार राज्य के प्रत्येक हिस्से में जाएंगे और लोगों से प्रदेश की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के 'भ्रष्टाचार' की जानकारी देगी जो कथित तौर पर '40 प्रतिशत कमीशन' लेती थी।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भाजपा ने कर्नाटक में पिछला चुनाव जनादेश से नहीं जीता था बल्कि 'ऑपरेशन कमल' से जीता था। विपक्ष, भाजपा द्वारा विधायकों को कथित तौर पर लालच देकर अपने पाले में करने का संदर्भ 'ऑपरेशन कमल' से देता है।

उन्होंने कहा, "मुझे विश्वास है कि महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे-देवेंद्र फडणवीस सरकार भी भ्रष्ट है और यह प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह उन्हें हराने के लिए काम करे।"

उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव अगले साल प्रस्तावित है।

# मणिपुर के मुख्यमंत्री ने शाह को राज्य के हालात के बारे में जानकारी दी

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को राज्य में "बदलती स्थिति" के बारे में जानकारी दी और कहा कि राज्य और केंद्र सरकारें हिंसा को "काफी हद तक" नियंत्रित करने में कामयाब हुई हैं।

इंफाल से रविवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे सिंह, शाह से मिलने उनके आवास पर गये। सिंह ने ट्वीट किया, "आज नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और मणिपुर में जमीनी स्तर पर बदलती स्थिति के बारे में जानकारी दी। अमित शाह की करीबी निगरानी में, राज्य और केंद्र सरकार पिछले सप्ताह में काफी हद तक हिंसा को नियंत्रित करने में कामयाब हुई है।"

सिंह ने कहा कि 13 जून के बाद से हिंसा के कारण किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार मणिपुर में सामान्य स्थिति वापस लाने के लिए हर संभव कदम उठाएगी। सिंह ने कहा कि शाह ने "हमें स्थायी शांति प्राप्त करने की दिशा में अपने काम को पुख्ता करने की सलाह दी" और शांति सुनिश्चित करने के लिए मणिपुर में प्रत्येक हितधारक से सहयोग भी मांगा। शाह के साथ मुलाकात के समय सिंह के साथ भाजपा के कुछ नेता भी थे।

एक दिन पहले, गृह मंत्री ने मणिपुर की स्थिति पर सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की थी। तीन घंटे तक चली बैठक में 18 राजनीतिक दल, पूर्वोत्तर के चार सांसद और क्षेत्र के दो मुख्यमंत्री शामिल हुए थे। गृह मंत्री ने सर्वदलीय बैठक में बताया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले दिन से ही मणिपुर की स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं और समस्या का समाधान निकालने के लिए "पूरी संवेदनशीलता के साथ हमारा मार्गदर्शन" कर रहे हैं।

शाह ने बैठक में कहा था कि मणिपुर में हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं और 13 जून के बाद से राज्य में हिंसा में एक भी व्यक्ति की मौत नहीं हुई है।

## मणिपुर पर सर्वदलीय बैठक औपचारिकता मात्र : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मणिपुर की हिंसा को लेकर केंद्र सरकार की तरफ से आयोजित सर्वदलीय बैठक को औपचारिकता करार देते हुए इसके लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार बताया और कहा कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस ने कहा,ह्लमणिपुर हिंसा के 52 दिन बाद बुलाई गई सर्वदलीय बैठक औपचारिकता मात्र है। सरकार ने यह बैठक सिर्फ समाचारों की हेडलाइन बनाने के लिए रखी थी। कांग्रेस की तरफ से सर्वदलीय बैठक में शामिल मणिपुर विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह को तीन घंटे की बैठक में सिर्फ सात मिनट बोलने का समय दिया गया, जो मणिपुर का अपमान है।

# दक्षिण-पश्चिम मानसून दिल्ली पहुंचा





एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून रविवार को दिल्ली पहुंचा, जिससे राष्ट्रीय राजधानी में बिजली गिरने के साथ भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को बताया कि अगले दो दिनों के दौरान गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब के कुछ और हिस्सों और जम्मू-कश्मीर के शेष हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल हैं।

ह्लदक्षिण-पश्चिम मॉनसून आज (रविवार) मुंबई, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली सहित महाराष्ट्र के शेष हिस्सों को कवर करेगा।

आईएमडी के अनुसार, "यह आज गुजरात के कुछ हिस्सों, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के कुछ और हिस्सों में जाएगा।"

आईएमडी महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा, "दक्षिण-पश्चिम मानसून अभी सक्रिय है। मानसून मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, पंजाब और जम्मू के कुछ हिस्सों में भी पहुंच गया है। यह अगले 2 दिनों में आगे बढ़ेगा और अन्य हिस्सों में भी जाएगा।" दिल्ली में मानसून के आते ही रविवार तड़के राष्ट्रीय राजधानी उसके आसपास के कई हिस्सों में बिजली गिरने के साथ भारी बारिश हुई। श्री महापात्र ने कहा, "दिल्ली में अधिकतम पांच सेमी बारिश दर्ज की गई, अगले दो दिनों तक बारिश जारी रहेगी।"

बुलेटिन में राष्ट्रीय राजधानी और एनसीआर के आसपास के क्षेत्रों में अधिक बारिश के अनुमान जताए गए हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले पांच दिनों के दौरान पूर्वी मध्य और राष्ट्रीय राजधानी सहित उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी वर्षा होने के आसार हैं।

रिपोर्ट के अनुसार मुंबई क्षेत्र में अधिकतम 18 सेमी बारिश दर्ज की गई और आज भी भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। मध्य भारत में मानसून सक्रिय है।

मौसम विभाग ने कहा कि देश में अगले पांच दिनों के दौरान कोई लू नहीं चलेगी।

जारी रिपोर्ट के अनुसार अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस की कमी होने के आसार हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी मिस्र के सर्वोच्च राजकीय सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द नाइल' से अलंकृत

**काहिरा/नई दिल्ली।** मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने काहिरा में आज भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'ऑर्डर ऑफ द नाइल' सम्मान से अलंकृत किया। 'ऑर्डर ऑफ द नाइल' मिस्र का सर्वोच्च राजकीय सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी मिस्र की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर शनिवार से राजधानी काहिरा में हैं।



राजकीय यात्रा के आखिरी दिन काहिरा में प्रधानमंत्री मोदी ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी से मुलाकात की। इस दौरान कई द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने काहिरा स्थित हेलियोपोलिस वॉर मेमोरियल का दौरा किया। हेलियापोलिस वॉर मेमोरियल भारत के लिए काफी अहम है। प्रथम विश्व युद्ध में शहीद करीब चार हजार सैनिकों की वीरगाथा यहां दर्ज हैं। नरेन्द्र मोदी ने इन शहीदों को नमन किया और इन्हें श्रद्धांजलि दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने यहां की ऐतिहासिक अल-हाकिम मस्जिद का दौरा किया। इस दौरान मौजूद लोगों से बात भी की। यह मस्जिद 13,560 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली हुई है। इसका जीर्णोद्धार बोहरा समुदाय ने कराया था।24 नवंबर,1980 में यह नए रूप में लोगों के सामने आई। इसकी मरम्मत की जिम्मेदारी दाऊदी बोहरा समुदाय के 52वें धर्मगुरु सैयदना मोहम्मद बुरहानुद्दीन ने ली थी। इसमें कुल 27 महीने लगे। इस मस्जिद को ऐतिहासिक काहिरा के हिस्से के रूप में 1979 में यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल के रूप में शामिल किया था।

एनसीआर समाचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

कार्यालय:
12/276 , संगम विहार
नई दिल्ली-62

फोन:
8888883968,
9811111715

## एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें



# वैश्विक स्तर पर बदलाव लाने वाली प्रौद्योगिकियां विकसित करेंगे भारत-अमेरिका: बाइडन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि भारत और अमेरिका नयी प्रौद्योगिकियों को डिजाइन और विकसित करने के लिए मिलकर काम करेंगे जो दुनिया भर में जीवन में बदलाव लाएंगी। उन्होंने रेखांकित किया कि वह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्विपक्षीय तकनीकी सहयोग में बाधा डालने वाले "अवरोधकों" पर बातचीत करने के लिए सहमत हुए हैं।

बाइडन ने बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में मोदी के साथ व्यापक बातचीत की। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका साझेदारी को परिभाषित करने में तकनीकी सहयोग एक अहम हिस्सा होगा। उन्होंने शुक्रवार को कहा, "हम नयी तकनीकों को डिजाइन और विकसित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं जो दुनिया भर में लोगों के जीवन में बदलाव लाएंगी।"

उन्होंने कहा, "एकसाथ मिलकर हम इसे संभव बनाने के लिए निजी और सार्वजनिक साझेदारों को आगे बढ़ा रहे हैं, जिसमें भारत और अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों, भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों और उद्यमियों, वैज्ञानिकों और छात्रों के बीच एक नया कार्यक्रम शुरू करना शामिल है।" उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा, "सीधे शब्दों में कहें तो दोनों देश अपने संबंधों में नवाचार और सहयोग को एक नए स्तर पर ले जा रहे हैं।" इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी भी शामिल हुए थे। बाइडन ने कहा कि ये "अवरोधक" तकनीकी साझेदारी में बाधा बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह जलवायु परिवर्तन और उससे निपटने, ब्रह्मांड की खोज करने, लोगों को गरीबी से बाहर निकालने, कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों का इलाज करने, महामारी को रोकने और नागरिकों की वास्तविक अवसर देने के बारे में है। उन्होंने कहा, "यह हमारे बच्चों के लिए अधिक स्वतंत्र, सुरक्षित और अधिक समृद्ध भविष्य बनाने, हमारे लोकतंत्रों और हर जगह लोकतंत्रों की गतिशीलता और विविधता का समर्थन करने के बारे में है।"



प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी टिप्पणी में कहा कि भारतीय प्रतिभा और अमेरिकी प्रौद्योगिकी का एकसाथ आना निश्चित रूप से उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। मोदी ने कहा कि बाइडन के नेतृत्व में अमेरिका ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जो प्रगति की है, उसे देखकर वह बहुत प्रसन्न हैं।

मोदी ने व्हाइट हाउस के एक कार्यक्रम में प्रौद्योगिकी कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों और सीईओ के साथ बैठक में कहा, "भारत के युवाओं ने अपनी प्रतिभा की बदौलत, दुनिया में अपनी एक पहचान बनाई है। इसलिए, प्रतिभा और प्रौद्योगिकी का एकसाथ आना, मेरा मानना है कि यह निश्चित रूप से उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है।"

इस कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला, गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, रिलायंस के प्रमुख मुकेश अंबानी, महिंद्रा के प्रमुख आनंद महिंद्रा और अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने भाग लिया। अमेरिका की वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो की अध्यक्षता में हुई बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत के. डोभाल और अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू भी मौजूद थे।

## जापान में ओज वायरस से एक महिला की मौत

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान में ओड वायरस से संक्रमित एक महिला की मायोकार्डिटिस से मौत हो गयी। राष्ट्रीय संक्रामक रोग संस्थान (एनआईआईडी) और स्वास्थ्य, श्रम एवं कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक टोक्यो के उत्तर-पूर्व में इबाराकी प्रान्त में रहने वाली 70 वर्षीय महिला पिछले साल ओज वायरस से संक्रमित हुई थी, जिसने कभी विदेश यात्रा नहीं की थी बल्कि उसे उच्च रक्तचाप सहित अंतर्निहित बीमारियाँ थीं।

रिपोर्ट के अनुसार, महिला को पिछली गर्मियों में बुखार, थकान और जोड़ों के दर्द का अनुभव हुआ था, जिससे वह इन लक्षणों के साथ एक चिकित्सा संस्थान में गई, जहां पता चला कि उन्हें निमोनिया हो गया है। बाद में, हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जब उसकी जांच की गयी तब पता चला कि उनकी दाहिनी जांघ पर एक कठोर टिक खून चूसता हुआ पाया गया। अस्पताल में भर्ती होने के 26 दिन बाद, हृदय की सूजन, मायोकार्डिटिस से उनकी मृत्यु हो गई, जो चिंता का विषय है।

## एक नजर

### चीन ने सूडान से अपने 1,508 नागरिकों को निकाला है

**बीजिंग, एजेंसी।** चीनी विदेश मंत्रालय के कांसुलर मामले विभाग की निदेशक वु शी ने हाल में बताया कि इस अप्रैल में सूडान में सशस्त्र मुठभेड़ शुरू होने के बाद विदेश मंत्रालय आदि विभागों ने आपात अभियान चलाकर सुरक्षित रूप से सूडान से अपने 1508 नागरिकों को निकाला। वु शी ने लिनच्या नंबर 7 नामक सालोन पर नये युग में चीन के कांसुलर कार्य का परिचय देते हुए यह बात कही। वु शी ने बताया कि चीनी नागरिकों के अलावा चीनी पक्ष ने अपनी क्षमता के अंदर सक्रियता से अन्य देशों के नागरिकों की सहायता की और 200 से अधिक पाक नागरिकों समेत अन्य आठ देशों के नागरिकों को निकालने में मदद की। वु शी के अनुसार नये युग के 10 साल में विदेश मंत्रालय ने लगभग 20 बार विदेशों में फंसे चीनी नागरिकों को आपात रूप से निकालने की कार्रवाइयां की हैं। वु शी ने इस भी बताया कि चीन ने अब 152 देशों के साथ विभिन्न किस्मों के पासपोर्ट के लिए वीजा की छूट संधि पर हस्ताक्षर किये हैं।

### नेपाल डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा: नेपाली पीएम

**बीजिंग, एजेंसी।** नेपाली प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने शुक्रवार 23 जून को कहा कि नेपाल डिजिटल नवाचार और प्रतिभा प्रशिक्षण को बढ़ावा देने और लोगों को बेहतर डिजिटल सेवाएं प्रदान करने के लिए कई डिजिटल अर्थव्यवस्था और डिजिटल सेवाओं को विकसित करने के उपायों को प्रोत्साहित करेगा। पुष्प कमल दहल ने काठमांडू में आयोजित डिजिटल नेपाल सम्मेलन में भाषण देते हुए कहा कि नेपाली सरकार ने विकास पर बजट का एक प्रतिशत यानी 302 करोड़ नेपाली रुपये आवंटित किया है। इसका उपयोग नए वित्त वर्ष 2023-2024 तक देश में आवश्यक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर विकसित करने के लिए नवाचार और स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए किया जाएगा। इसके अलावा, नेपाली सरकार ने विदेशी कंपनियों के लिए नेपाल के सूचना और संचार प्रौद्योगिकी उद्योग में सीधे निवेश करने के लिए पूंजी की न्यूनतम राशि घटाकर दो करोड़ नेपाली रुपये कर दिया है, जबकि अन्य उद्योगों के लिए न्यूनतम निवेश राशि पांच करोड़ रुपये है। उन्होंने यह भी कहा कि नेपाली सरकार डिजिटल शासन क्षमताओं में सुधार के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, जिसमें सभी सरकारी डिजिटल सेवाओं को एकीकृत करने के लिए वन-स्टॉप सॉल्यूशंस और डेटा एक्सचेंज प्लेटफॉर्म सेवाएं शुरू करना शामिल है।

### ईरान में जहरीली शराब पीने से 17 लोगों की मौत

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के अल्बोर्ज़ प्रांत में पिछले 11 दिनों में जहरीली शराब पीने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई है।

ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी आईआरएनए ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।एजेंसी ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट अल्बोर्ज़ प्रांत के मुख्य न्यायाधीश होसैन फाजेली हेरिकंडी के हवाले से बताया कि इस अवधि के दौरान जहरीली शराब पीने के कारण तबीयत बिगड़ने पर करीब 191 लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जिनमें से चार अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने कहा कि अब तक प्रांतीय पुलिस ने नौ संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से दो पिछले दो दिनों में पकड़े गए है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोग मेथनॉल में पानी और अन्य घोल मिलाकर जहरीली शराब का उत्पादन करने या इसके वितरण में शामिल रहे हैं। एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक अल्बोर्ज़ में एश्तेहार्ड काउंटी में एक हेयरस्प्रे उत्पादन कारखाने के मालिक को ह्याअवैध रूप से औद्योगिक-ग्रेड अल्कोहल बेचते हुए पाया गया था, जिसका उपयोग जहरीले शराब के उत्पादन में किया गया था। पिछले हफ्ते, स्थानीय मीडिया ने बताया था कि अल्बोर्ज़ में जहरीली शराब पीने के बाद पिछले दिनों के दौरान 12 से अधिक लोग मारे गए। उल्लेखनीय है कि ईरान में मादक पेय पदार्थों का उत्पादन, बिक्री और पीना अवैध है।

### सैन फ्रांसिस्को में गोली मारकर एक व्यक्ति की हत्या

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।** पश्चिमी अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को में पुलिस ने कहा है कि अधिकारियों ने शहर के केंद्र में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने के संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। गोलीबारी गुरुवार रात करीब नौ बजे पॉवेल स्ट्रीट बार्ट (बे एरिया रैपिड ट्रांजिट) स्टेशन के पास हुई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कैलिफोर्निया की राजधानी सैक्रामेंटो से 18 वर्षीय डेवोन क्रॉफर्ड को हत्या के संदेह में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने एक बयान में कहा, जांचकर्ताओं ने संदेह के आधार पर क्रॉफर्ड को गिरफ्तार किया है।

### यूक्रेन के कई क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी जारी

**मॉस्को, एजेंसी।** यूक्रेन के कई इलाकों में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गयी है। देश के डिजिटल परिवर्तन मंत्रालय के हवाई हमले के आंकड़ों के अनुसार कई क्षेत्रों में रात भर हवाई हमले के सायरन बजते रहे है। मंत्रालय के ऑनलाइन मानचित्र में दिखाया गया है कि आधी रात के तुरंत बाद हवाई हमले की चेतावनी यूक्रेन के निप्रॉपेट्रोस, मायकोलाइव, ओडेसा, सुमी के साथ-साथ जापोरिज्जिया क्षेत्र के यूक्रेन-नियंत्रित हिस्सों में प्रभावी थी। यूक्रेनी मीडिया ने बताया कि ओडेसा, जापोरिज्जिया और खेरसॉन में रात भर विस्फोटों की आवाज सुनी गई। रूस ने क्रीमिया पुल पर आतंकवादी हमले के दो दिन बाद 10 अक्टूबर से यूक्रेन के बुनियादी ढांचे पर सटीक हमले किए। यूक्रेनी पावर ग्रिड ऑपरेटर उक्रेनर्गो के प्रमुख ने फरवरी में कहा कि रूसी हमलों के कारण यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को सीधा नुकसान करोड़ों डॉलर का हो सकता है।

### पाकिस्तान में अदालत के बाहर गोलीबारी, एक व्यक्ति की मौत, तीन घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी तथा तीन लोगों को घायल कर दिया। स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि पीड़ित अदालत में एक मामले की सुनवाई के बाद अपने घर जा रहा था। इस दौरान अज्ञात बंदूकधारियों ने अदालत के बाहर उन पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। इस घटना में एक पुलिसकर्मी सहित तीन अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद हमलावर मौके से फरार है। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है। अभी तक किसी भी समूह ने इस घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### रूस में आतंकवाद विरोधी कदम उठाए जा रहे हैं : सोबयानिन

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस की राजधानी मॉस्को में सुरक्षा मजबूत करने के उद्देश्य से आतंकवाद विरोधी कदम उठाए जा रहे हैं और शहर की सड़कों पर अतिरिक्त नियंत्रण शुरू किया गया है। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने शनिवार को यह जानकारी दी। सोबयानिन ने शनिवार सुबह टेलीग्राम पर कहा, सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से मॉस्को में आतंकवाद विरोधी उपाय किए जा रहे हैं।

## हाउसवाइफ पति की संपत्ति के आधे हिस्से की हकदार : मद्रास हाईकोर्ट

**चेन्नई, एजेंसी।** मद्रास उच्च न्यायालय ने माना है कि एक हाउसवाइफ (गृहिणी) अपने पति की संपत्ति के आधे हिस्से की हकदार है।

न्यायमूर्ति कृष्णन रामास्वामी की एकल-न्यायाधीश पीठ ने कहा कि एक गृहिणी अपनी दिनचर्या से बिना किसी छुट्टी के चौबीसों घंटे घर चलाने का काम करती है। न्यायाधीश ने कहा कि घर की देखभाल करने वाली महिला परिवार के सदस्यों को बुनियादी चिकित्सा सहायता प्रदान करके घरेलू डॉक्टर का काम भी करती है। उन्होंने आगे कहा कि एक महिला अपने पति द्वारा अपनी कमाई से खरीदी गई संपत्तियों में बराबर हिस्सेदारी की हकदार होगी। अदालत ने कहा कि पति परिवार की देखभाल के लिए अपनी पत्नी के सहयोग के बिना पैसा नहीं कमा पाता। अदालत ने कहा, संपत्ति पति या पत्नी के नाम पर खरीदी गई हो सकती है, फिर भी इसे पति और पत्नी दोनों के संयुक्त प्रयासों से बचाए गए पैसे से खरीदी गई माना जाना चाहिए।

अपने पति और बच्चों की देखभाल के लिए खुद को समर्पित करने के बाद एक महिला को अपना कहने के लिए किसी भी चीज के बिना नहीं छोड़ा जा सकता है। अदालत ने कहा कि भले ही गृहिणी द्वारा किए गए योगदान को मान्यता देने के लिए अब तक कोई कानून नहीं बनाया गया है, अदालतें योगदान को अच्छी तरह से पहचान सकती हैं, और यह सुनिश्चित कर सकती हैं कि जब महिलाओं को उनके बलिदान को पुरस्कृत करने की बात आती है तो उन्हें उचित इंसाफ मिले। अदालत ने कन्नियन की 2016 में अपनी अलग रह रही पत्नी के खिलाफ दूसरी अपील का निपटारा करते हुए यह टिप्पणी की।

## बारिश के रेड अलर्ट के बीच कई इलाकों में झमाझम बारिश

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की संभावना जताते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार प्रदेश में प्री-मानसून शावर तेज हो गए हैं।

शनिवार से सोमवार तक प्रदेश में मौसम को लेकर रेड अलर्ट है। शनिवार को प्रदेश में गरज-चमक के साथ कई स्थानों पर तीव्र बौछार और झोंकेदार हवाएं चलने की आशंका है। देहरादून, उत्तरकाशी, नैनीताल, टिहरी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में भारी वर्षा हो सकती है। साथ ही कहीं-कहीं 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चल सकती हैं। आपदा की आशंका के चलते संबंधित जिलों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून उड़ीसा, बंगाल व झारखंड पहुंच चुका है। अगले दो-तीन दिन



में मानसून के छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड पहुंचने की संभावना है।

उत्तराखंड में मौसम विज्ञान विभाग ने 24 से 27 जून तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके मद्देनजर राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की ओर से जिलों को दिशा- निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत सभी लाइन विभागों के अधिकारी-कर्मचारी 24 घंटे अलर्ट रहेंगे। इस दौरान कोई भी कर्मचारी और अधिकारी अपना मोबाइल फोन स्विच ऑफ नहीं करेगा। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के संयुक्त सचिव व ड्यूटी ऑफिसर विक्रम सिंह यादव की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, राज्य में अगले चार दिनों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, बहुत तीव्र से अत्यधिक तीव्र बौछारें पड़ने के साथ भारी बारिश हो सकती है।

वहीं तेज हवाएं भी चल सकती हैं। इसके लिए सभी लाइन विभागों के अधिकारी कर्मचारी इस दौरान विशेष एहतियात बरतेंगे। आईआरएस प्रणाली के नामित सभी अधिकारी एवं विभागीय नोडल अधिकारी हाई अलर्ट पर रहेंगे। किसी भी मोटर मार्ग के बाधित होने पर संबंधित विभाग तुरंत उसे खोलने की कार्रवाई करेंगे। सभी राजस्व उपनिरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी अपने क्षेत्रों में बने रहेंगे। विद्यालयों में भी विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

**आपदा की दृष्टि से जारी किए गए नंबर:**

-0135-2710335
-0135-2664314
-0135-2664315
-0135-2664316
-0135-2710334
-0135-2664317
-1070
-9058441404
-8218867005

## असम में बाढ़ की स्थिति अब भी गंभीर, 19 जिले प्रभावित

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम में बाढ़ की स्थिति शनिवार को भी गंभीर बनी रही। कम से कम 19 जिले अभी भी प्रभावित हैं।

असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 1,538 गांवों और दो शहरी क्षेत्रों में कुल 4,88,525 व्यक्ति प्रभावित हैं।

नलबाड़ी जिले में शुक्रवार को बाढ़ संबंधी घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

निखिलेश मल्ला बुजोरबरुआ अपने घर के पास गलती से बाढ़ के पानी में गिर जाने के बाद लापता बताए गए थे। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) ने बाद में उसका शव बरामद किया।

इस साल की पहली बाढ़ से राज्य में यह दूसरी मौत थी।



पहली मौत गुरुवार को तामुलपुर जिले में हुई।

राज्य सरकार के अधिकारियों ने कहा कि पीड़ित परिवारों को अनुग्रह योजना के तहत मुआवजा मिलेगा।

एएसडीएमए के अनुसार, 19 बाढ़ प्रभावित जिले बजली, चिरांग, दरांग, बक्सा, बारपेटा, बिस्वनाथ, बोंगाईगांव, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, गोलपारा, गोलाघाट, कामरूप, कोकराझार, लखीमपुर, नागांव, नलबाड़ी, तामुलपुर, उदलगुरी हैं।

बजाली जिले में सबसे ज्यादा 2,67,253 लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बारपेटा 73,23 प्रभावितों के साथ दूसरे स्थान पर है।

राज्य प्रशासन द्वारा 14 जिलों में संचालित 225 राहत शिविरों में कम से कम 35,142 बाढ़ प्रभावित लोगों ने शरण ली है।

सबसे ज्यादा शिविर बजाली में खोले गए जहां 15,841 लोगों ने 73 राहत शिविरों में शरण ली है। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, जिला प्रशासक बाढ़ प्रभावित लोगों को आवश्यक भोजन, दवा और अन्य आवश्यक चीजें उपलब्ध करा रहे हैं। एसडीआरएफ और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीमों को सभी बाढ़ संभावित जिलों में हाई अलर्ट पर रखा गया है।

इस बीच, किसानों के अनुसार, 10,782 हेक्टेयर से अधिक फसल भूमि बाढ़ के पानी में डूब गई है, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी मात्रा में कृषि उत्पादों को नुकसान हो सकता है।

## यूनान में दुर्घटनाग्रस्त हुई नाव में 300 पाकिस्तानी मारे गये: सनाउल्लाह

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह ने कहा है कि दक्षिण यूनान में हुई नाव दुर्घटना में 300 पाकिस्तानी मारे गये थे और नाव में कुल 350 पाकिस्तानी सवार थे।

डॉन समाचार पत्र की आज प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार श्री सनाउल्लाह ने शुक्रवार को नेशनल असेंबली में बताया कि अब तक मिली जानकारी के अनुसार इस हादसे में 300 से अधिक पाकिस्तानी नागरिकों मौत हुई है। उन्होंने कहा कि यह किसी एक आतंकवादी हमले में हुई मौतों की संख्या से भी अधिक है।

उल्लेखनीय है कि 14 जून को घटित हुई इस दुर्घटना और नाव पर सवार पाकिस्तानियों की संख्या के बारे में कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं था। इससे पहले की रिपोर्ट में इस हादसे में मरने वाले पाकिस्तानियों की संख्या 209 बतायी गई थी।

उन्होंने कहा, यह दुर्घटना न केवल भूमध्य सागर की सबसे भीषण त्रासदियों में से एक है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में किसी आतंकवादी हमले में भी इतनी बड़ी संख्या में लोग हताहत नहीं हुए हैं। बरामद शवों की पहचान डीएनए-मिलान के जरिए ही संभव है, जिसके लिए राष्ट्रीय डेटाबेस और पंजीकरण प्राधिकरण और फोरेंसिक प्रयोगशालाओं के माध्यम से पीड़ितों के माता-पिता और बच्चों के नमूने एकत्र किए गए है।

उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों से संपर्क करने के लिए विशेष डेस्क स्थापित किए गए हैं।

## राजस्थान बीजेपी नौ साल की उपलब्धियां बताकर कर रही दौरा

**जयपुर, एजेंसी।** बीजेपी ने 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारी शुरू कर दी है और पार्टी के वरिष्ठ नेता मोदी सरकार की नौ साल की उपलब्धियों पर बात करने के लिए अलग-अलग राज्यों का दौरा कर रहे हैं। राजस्थान भी 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए तैयार हो रहा है।

हाल ही में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और सांसद पूनम महाजन, पिछले नौ वर्षों में नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करने के लिए, जयपुर में थे।

इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित पार्टी और सरकार के शीर्ष अधिकारियों का एक महीने के भीतर रेगिस्तानी राज्य में दौरा तय किया गया है, जहां वे जनता से जुड़ेंगे और मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाएंगे।

पीएम मोदी पिछले आठ महीनों में छह दौरे कर चुके हैं, जिससे पता चलता है कि नेतृत्व राजस्थान को लेकर कितना गंभीर है, जहां दिसंबर 2023 में विधानसभा चुनाव भी होने हैं।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि लोकसभा चुनाव की तैयारी के साथ-साथ बीजेपी की नजर विधानसभा चुनाव पर भी है और उसकी योजना जातीय समीकरणों को



दुरुस्त कर उन क्षेत्रों में अपनी स्थिति सुधारने की है, जहां वह कमजोर है।

अगर पीएम मोदी के राजस्थान दौरों की समीक्षा की जाए तो वह लगभग हर डेढ़ महीने में राज्य का दौरा कर रहे हैं और जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। वे पहली बार 2022 में 30 सितंबर को आबू रोड आए थे। लेकिन, रात दस बजे के बाद लाउडस्पीकर पर प्रतिबंध के कारण उन्होंने बिना माइक के अपना भाषण दिया।

आबू रोड के बाद वे 1 नवंबर को बांसवाड़ा जिले के मानगढ़ धाम आए और एक जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद इसी साल 28 जनवरी को उन्होंने आसींद में देवनारायण मंदिर के दर्शन किए। यह गुर्जरों को लुभाने की कोशिश थी।

इसके बाद 12 फरवरी को पीएम मोदी ने दौसा के धनावड़ में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के उद्घाटन समारोह में एक जनसभा को संबोधित किया था। उन्होंने नाथद्वारा का दौरा करने के बाद आबू रोड में एक रोड शो और जनसभा को संबोधित किया।

इस यात्रा के बाद मई में उनकी अजमेर यात्रा हुई। अब पार्टी सूत्रों का कहना है कि पीएम जुलाई में जोधपुर आएंगे।

पार्टी सूत्रों की मानें तो बीजेपी ने विधानसभा चुनाव पीएम नरेंद्र मोदी के चेहरे पर लड़ने का मन बना लिया है। इसलिए, उन्होंने अभी तक राज्य में किसी सीएम चेहरे की घोषणा नहीं की है। लेकिन, दिग्गज नेता पिछले नौ वर्षों में पीएम मोदी की उपलब्धियों के बारे में बात कर रहे हैं।

किसी भी सीएम चेहरे की घोषणा न करके, पार्टी ऐसे समय में चेहरा बचाने में कामयाब रही है, जब भाजपा में गुटबाजी एक खुला रहस्य है। कुछ महीने पहले पार्टी ने अपना प्रदेश अध्यक्ष बदला था। चित्तौड़गढ़ से सांसद सीपी जोशी को पार्टी अध्यक्ष घोषित किया गया, जिन्होंने राज्य में रोज-रोज उभरती गुटबाजी की कहानियों से तंग आकर सतीश पूनिया की जगह ली।

इस घटनाक्रम से जाट लॉबी नाराज हो गई, जिसमें राज्य में राजपूतों के बाद दूसरा सबसे बड़ा समुदाय शामिल है। पूनिया जाटों से आते हैं। इसके अलावा, इससे पार्टी को शर्मिंदा होना पड़ा क्योंकि विपक्षी कांग्रेस ने यह कहकर उस पर हमला किया कि पार्टी ओबीसी विरोधी है और इसलिए, उसने पूनिया को हटा दिया है और जोशी को ऊपर उठाया है, जो एक ब्राह्मण हैं। बाद में डैमेज कंट्रोल पहल के तहत पूनिया को विपक्ष के उप नेता के रूप में घोषित किया गया।

लेकिन पार्टी नेतृत्व के बीच मतभेद लगातार सुर्खियां बनते रहे। हाल ही में नागौर में बुलाई गई बीजेपी प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक से दूर रहकर पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने कई सवाल खड़े कर दिए। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के मुताबिक, बीजेपी लोकसभा क्षेत्रों में क्लस्टर बनाकर जनसंपर्क अभियान चलाएगी, पार्टी कार्यकर्ता सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मंत्र के साथ गांव-गांव जाएंगे।

जोशी ने कहा कि चार-चार लोकसभा क्षेत्रों के क्लस्टर बनाए गए हैं, जहां भाजपा के दो-दो वरिष्ठ नेता आठ-आठ दिन का प्रवास कार्यक्रम रखेंगे।

इसके अलावा सम्मेलन, लाभार्थी संवाद, व्यापारी संवाद, बुद्धिजीवियों से संवाद जनसंपर्क अभियान में शामिल हैं। 21 जून को योग दिवस और 23 जून को बीजेपी संस्थापक एसपी मुखर्जी की जयंती मनाने के बाद 25 जून को आपातकाल पर सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।

जोशी ने कहा कि प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में एक बड़ा सम्मेलन और सार्वजनिक बैठक होगी। प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर लाभार्थियों का एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

पार्टी के कार्यक्रमों के संबंध में उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा लोकसभा, विधानसभा, मंडल स्तर और पंचायत स्तर के कार्यक्रम तय किये गये हैं।

# चांदनी चौक की तर्ज पर विकसित होगा गांधी नगर कपड़ा बाजार

## 150 करोड़ रुपये खर्च करेगी दिल्ली सरकार

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** एशिया के सबसे बड़े कपड़ा बाजार गांधी नगर को चांदनी चौक की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को गांधी नगर को गारमेंट हब के रूप में विकसित करने को लेकर उद्योग विभाग के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जल्द सलाहकार नियुक्त करके छह माह में बाजार का डिजाइन तैयार करने का निर्देश दिया है। इसे विकसित करने पर दिल्ली सरकार 150 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि गांधी नगर रेडिमेड कपड़ा मार्केट के रूप पूरे विश्व में मशहूर है। यह दिल्ली को एक अनूठी पहचान देता है। गांधी नगर का पुनर्विकास परियोजना हमारे लिए सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है, जो दिल्ली की अर्थ व्यवस्था को बढ़ाने और हजारों की संख्या में रोजगार उत्पन्न करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने अधिकारियों से बाजार में बिजली के तारों को भूमिगत करने, मार्केट की छोटी-बड़ी सड़कों को बेहतर बनाने और व्यापारियों के साथ मिलकर अतिक्रमण खत्म करने का निर्देश दिया है।



वहीं, उद्योग मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि गांधी नगर बाजार के ज्यादातर मसले दिल्ली नगर निगम से संबंधित हैं। इसलिए उद्योग विभाग एमसीडी को बतौर कार्यकारी एजेंसी नियुक्त करेगा। एमसीडी कार्यकारी एजेंसी के रूप में पूरी योजना को लागू करेगी। गांधी नगर बाजार की डिजाइन और प्रोजेक्ट प्रबंधन का काम स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) के प्रोफेसर मनोज माथुर द्वारा किया जाएगा। बाजार का विकास दो चरणों में किया जाएगा।

**दो चरणों में पुनर्विकास होगा**

**पहला चरण :** गांधी नगर के पहले चरण में जनसुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालयों की सुविधाएं, सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा निगरानी तंत्र, स्ट्रीट लाइट और स्ट्रीट फर्नीचर को री-डिजाइन करने के साथ-साथ विजुअल इनफार्मेशन सिस्टम स्थापित किया जाएगा।

**दूसरा चरण :** गांधी नगर बाजार का शहरी डिजाइन तैयार होगा। बाजार की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मार्केटिंग होगी। डिजिटलाईजेशन, अग्निशमन के साथ मौजूद सुविधाओं को अपग्रेड किया जाएगा।

**डिजाइन के लिए छह सप्ताह में प्रतियोगिता :** गांधी नगर के अलावा दिल्ली सरकार पांच अन्य बाजार कमला नगर, खारी बावली, लाजपत नगर, सरोजनी नगर और कीर्ति नगर को भी विकसित करने का काम करेगी। बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बैठक में बाजारों के लिए भी एमसीडी को कार्यकारी एजेंसी के रूप में नियुक्त करने का निर्देश दिया है। जबकि सरोजनी नगर का विकास एडीएमसी के साथ मिलकर किया जाएगा। बाजारों के डिजाइन के लिए छह सप्ताह में प्रतियोगिता होगी।

### इन पांच बाजारों का पुनर्विकास किया जाएगा

| मार्केट का नाम | यूएसपी/संभावित ब्रांडिंग |
|---|---|
| कमला नगर | यूथ हैंगआउट जोन |
| खारी बावली | दुनिया भर के बेहतरीन मसाले मिलते हैं |
| सरोजिनी नगर | फैशन और लेटेस्ट ट्रेंड सेटिंग बाजार |
| कीर्ति नगर | फर्नीचर और घरेलू सजावट के लिए ऑन-स्टॉप-शॉप |

# चार मंजिला फैक्टरी में भीषण आग लगी

**नई दिल्ली।** मायापुरी स्थित चार मंजिला फैक्टरी में बुधवार सुबह भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की 20 गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब साढ़े चार घंटे में आग पर काबू पाया। आग से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है। अग्निशमन विभाग के अनुसार, बुधवार सुबह 6:32 बजे मायापुरी फेस-दो की फैक्टरी में आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। इस दौरान वहां एक चार मंजिला इमारत में आग लगी हुई थी। ऊपर की मंजिल से आग की तेज लपटें और धुआं निकल रहा था। अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू करना शुरू किया और सुबह 11 बजे तक काबू पा लिया। इसके बाद कूलिंग का काम जारी रहा। वहीं जांच में पता चला कि इमारत में फैक्टरी चल रही थी। इसमें सर्जिकल उपकरण बनाया जा रहा था।

# विपक्ष की बैठक में सबसे पहले हो अध्यादेश पर चर्चा : केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 23 जून को पटना में विपक्षी दलों की बैठक में सबसे पहले दिल्ली के संदर्भ में केंद्र द्वारा लाए गए अध्यादेश पर सभी के रुख और संसद में इसे हराने को लेकर चर्चा की जाए। श्री केजरीवाल ने विपक्षी दलों के नेताओं को लिखी चिट्ठी को आज ट्विटर पर साझा कर आग्रह किया है कि बैठक में सबसे पहले दिल्ली के संदर्भ में केंद्र द्वारा लाए गए अध्यादेश पर सभी पार्टियों के रुख और संसद में इसे हराने को लेकर चर्चा की जाए। उन्होंने विपक्षी दलों को आग्रह करते हुए कहा है कि यदि केंद्र का दिल्ली में प्रयोग सफल होता है तो वह गैर-भारतीय जनता पार्टी (गैर-भाजपा) राज्यों के लिए भी ऐसे ही अध्यादेश लाया जाएगा और समवर्ती सूची के विषयों से राज्य सरकार का अधिकार छीन लिया जाएगा। दिल्ली के बाद एक-एक कर अन्य राज्यों से भी जनतंत्र खत्म कर दिया जाएगा और



प्रधानमंत्री राज्यपालों और उपराज्यपालों के जरिए सभी राज्य सरकारें चलाएंगे। मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा है कि उन्होंने इस विषय की तह तक जाकर अध्ययन किया है। यह समझना गलत होगा कि ऐसा आध्यादेश केवल दिल्ली के संदर्भ में ही लाया जा सकता है, क्योंकि दिल्ली आधा राज्य है। समवर्ती सूची में दिए गए किसी भी विषय के सारे अधिकार ऐसा ही आध्यादेश लाकर केन्द्र सरकार किसी भी पूर्ण राज्य से भी छीन सकती है। केन्द्र सरकार ने दिल्ली के संदर्भ में ऐसा अध्यादेश लाकर एक प्रयोग किया है।

# मेट्रो यात्रियों को पेपर टिकट आ रही पसंद, टोकन में 40 फीसदी आई कमी

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो ने यात्रियों की सुविधा के लिए पेपर टिकट शुरू की है। एक माह पहले शुरू क्यूआर टिकट को यात्री खूब पसंद कर रहे हैं। मेट्रो में सफर करने वाले अधिकतर यात्री पेपर टिकट ही खरीद रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक, बीते माह से अब तक करीब एक करोड़ यात्रियों ने क्यूआर टिकट से यात्रा की है। इसके साथ ही टोकन खरीदारी में लगभग 40 प्रतिशत की कमी आई है। दिल्ली मेट्रो प्रबंधन ने पेपर टिकट सिस्टम को प्रभावी बनाने के लिए सभी स्टेशनों पर प्रवेश और निकास के लिए आटोमैटिक फेयर कलेक्शन (एएफसी) गेट अपग्रेड किए हैं। इस गेट से यात्री अब टोकन की जगह टिकट लेकर मेट्रो में सफर कर सकते हैं।

**टिकट के जरिये खर्च हो रहा कम**



दिल्ली मेट्रो में प्रतिदिन लगभग 25 लाख यात्री सफर करते हैं। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के पेपर टिकट शुरू करने के पीछे का उद्देश्य प्लास्टिक के टोकन खरीदने में होने वाले खर्च को कम करना है। एक टोकन बनाने में 16 रुपये की लागत आती थी जबकि पेपर क्यूआर टिकट की कीमत बहुत मामूली है। वहीं, मेट्रो में इस्तेमाल होने वाले टोकन में लगी चिप विदेश से मंगाई जाती हैं। इसके अन्य हिस्सों को देश में तैयार किया जाता है। टोकन को बनाने में अधिक पैसे खर्च होते हैं, जबकि पेपर के साथ ऐसा नहीं है। लोगों की सुविधा के लिए एयरपोर्ट लाइन में व्हाट्सएप बेस्ड सुविधा भी शुरू की गई है। अब यात्री व्हाट्सएप से भी टिकट बुक करवा पाएंगे।

पेपर टिकट शुरू होने से कई मेट्रो स्टेशनों के बाहर इससे गंदगी फैल रही है। ऐसे में मेट्रो प्रबंधन ने इस समस्या को हल करने के लिए स्टेशनों पर डस्टबिन की व्यवस्था की है। जहां यह सुविधा नहीं है वहां भी जल्द इसे शुरू किया जाएगा। यात्री निकास एएफसी गेट के पास ही मौजूद डस्टबिन में टिकट डाल सकते हैं।

**60 मिनट तक मान्य है टिकट**

मेट्रो प्रबंधन के अनुसार, कई यात्री टिकट लेने के एक घंटे तक भी सफर नहीं कर रहे हैं, जिससे इन यात्रियों के सामने परेशानी आ रही है। मेट्रो प्रबंधन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पेपर टिकट सेवा में यात्रियों को एक बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि क्यूआर कोड आधारित पेपर टिकट खरीदने के एक घंटे के अंदर स्टेशन में प्रवेश करना होता है। ऐसे में अगर कोई यात्री 60 मिनट से ज्यादा देरी से स्टेशन में प्रवेश करेगा तो टिकट अमान्य हो जाता है।

# दस वर्ष बाद भी राशन वितरण प्रणाली नहीं सुधरी : एलजी

## उपराज्यपाल ने जताई नाराजगी, बोले 10 वर्ष बाद भी सोशल ऑडिट करने के नियम नहीं बनाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) लागू होने के 10 वर्ष बाद भी दिल्ली में राशन वितरण प्रणाली (पीडीएस) एवं उचित मूल्य की दुकानों के कामकाज में सोशल ऑडिट करने के लिए नियम नहीं बनाए गए हैं।

भारत सरकार द्वारा 30 जून तक नियम नहीं बनाने पर केंद्रीय सहायता रोकने की चेतावनी दिए जाने के बाद दिल्ली सरकार ने इससे संबंधित फाइल उपराज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेजी है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इसमें हुई देरी को लेकर नाराजगी जाहिर की है। उपराज्यपाल सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि एनएफएसए की धारा 40 की उप-धारा 2 के तहत अनिवार्य रूप से सोशल ऑडिट का प्रावधान है। इस नियम में पीडीएस के तहत राशन वितरण में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाती है। ये नियम झूठे लाभार्थियों की छंटाई, लाभार्थियों को समय पर अच्छी गुणवत्ता का राशन उपलब्ध कराने, सोशल ऑडिट प्रक्रिया में




विजिलेंस कमेटी की भूमिका को मजबूत करने, सत्यापन अभियान चलाने, सीसीटीवी कैमरों का प्रावधान, एसएमएस आधारित निगरानी आदि सुनिश्चित करते हैं। लेकिन, दिल्ली सरकार इसे वर्षों से लंबित रखे हुए थी।

**नियमों को प्रकाशित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी**

भारत सरकार ने हाल ही में निर्देश दिए हैं कि 30 जून तक सोशल ऑडिट संबंधी नियम नहीं बनाने पर इंट्रा-स्टेट ट्रांसपोर्टेशन पर होने वाले खर्च और एफपीएस डीलर्स मार्जिन के लिए दी जाने वाली केंद्रीय सहायता रोक दी जाएगी। इसके बाद दिल्ली सरकार ने 6 जून को इससे संबंधित फाइल उपराज्यपाल के पास भेजकर नियम अधिसूचित करने की मंजूरी मांगी है। उपराज्यपाल ने जनता के सुझावों/टिप्पणियों को आमंत्रित करने के लिए मसौदा नियमों को प्रकाशित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

**प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें**

उपराज्यपाल ने दिल्ली के लिए नियम बनाने में हुई देरी पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि इसके कारण ऐसी स्थिति पैदा हो गई है, जहां केंद्र सरकार और संसदीय स्थायी समिति को नियमों को अधिसूचित करने के लिए अंतिम समय सीमा 30 जून तय करनी पड़ी। उपराज्यपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि एनएफएसए, 2013 के तहत जनहित की सुरक्षा से संबंधित नियमों की अधिसूचना की प्रक्रिया को व्यक्तिगत रूप से शीघ्र पूरा करें।

# मणिपुर में शांति के लिए जंतर-मंतर पर सैकड़ों लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिंसा प्रभावित मणिपुर में शांति बहाली की मांग को लेकर 40 संगठनों के एक समूह ने शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने जातीय हिंसा पर अपनी हार्दिक संवेदना और दुख व्यक्त किया है।

रिपोर्ट के अनुसार, जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले समूहों ने राज्य के कुछ हिस्सों में जलाए गए सैकड़ों चचरें पर भी अपनी पीड़ा व्यक्त की।

समूहों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि हमारे राज्य में कानून और व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है, जहां सशस्त्र भीड़ आए दिन शासन करती है। मणिपुर के लोगों द्वारा कई दशकों में बनाई और विकसित की गई संपत्तियां कुछ ही घंटों में जलकर राख हो गई हैं। हालांकि, दुख की बात यह है कि स्थानीय अधिकारी स्थिति को नियंत्रित करने में अप्रभावी साबित हुए हैं, और पीड़ितों का अपने घरों को छोड़कर जाना जारी है। राज्य सरकार मणिपुर के लोगों के जीवन और संपत्ति की रक्षा करने के अपने कर्तव्य में निराशाजनक रूप से विफल रही है।

वर्तमान में, महिलाओं और बच्चों सहित 1,000 से अधिक व्यक्तियों ने असम और मिजोरम के पड़ोसी क्षेत्रों में राहत शिविरों में शरण ली है। इस बात पर जोर देना महत्वपूर्ण है कि राहत शिविरों में पनाह चाहने वाले लोग बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। उनके पास भोजन, कपड़े और साफ पानी जैसे जरूरी सामानों का अभाव है।

# जेएनयू के छात्रावासों और कॉलेजों में पानी का संकट, छात्र परेशान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के छात्रावासों और कॉलेजों में पानी किल्लत से छात्र काफी परेशान हैं। इस संबंध में कई बार छात्र जेएनयू प्रशासन से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। इससे लोगों में रोष है। गर्मी के बीच पानी की कमी से छात्रों की बुनियादी जरूरतें प्रभावित हो रही हैं। परेशान छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस बाबत जेएनयू प्रशासन को पानी की व्यवस्था करने की मांग की है। आगे भी इस तरह की दिक्कत न हो इसके लिए सुनिश्चित करने की अपील की है। प्रशासन की तरफ से कुछ पानी के टैंकर मंगवाए गए हैं, लेकिन छात्र इसे नाकाफी बता रहे हैं। जेएनयू में कंप्यूटर साइंस के छात्र हरीश ने बताया कि गर्मी के दिनों में पानी की दिक्कत बढ़ जाती है। पानी सुबह-शाम ही आ रहा है। जबकि हमें बाकी समय भी इसकी जरूरत है। हर छात्रावास में यही दिक्कत है। यहां विभिन्न कॉलेजों के बाथरूम में भी पानी नहीं आ रहा है। हम लोग प्रायः प्रशासन से शिकायत करते हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। जेएनयू के छात्र अंबुज का कहना है कि यहां पानी का संकट आए दिन की दिक्कत है। प्रशासन को इस बाबत शिकायत की थी, लेकिन बाद में प्रशासन का जवाब आया कि पानी की मांग अधिक होने से आपूर्ति धीरे आ रही है। इसलिए यह दिक्कत है।

पीने का पानी भी नहीं मिल रहा : जेएनयू में राजनीति विज्ञान की विद्यार्थी और छात्र प्रतिनिधि अनघा प्रदीप का कहना है कि जेएनूय के हॉस्टल और कॉलेज दोनों में पानी की दिक्कत है। कई बार रात को पीने का पानी भी नहीं मिल रहा है। वाशरूम में भी पानी नहीं है। हम मांग करते हैं फिर भी एक्शन नहीं लिया जाता। प्रशासन को एक ज्ञापन दिए हैं, लेकिन कहा जाता है कि पानी की आपूर्ति कम आ रही है।

# निजी स्कूलों में ईडब्ल्यूएस सीटों पर दाखिले शुरू

## शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर तीन जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** निजी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए कक्षा दूसरी से लेकर नौवीं तक आरक्षित आर्थिक पिछड़ा वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/निशुल्क श्रेणी की सीटों पर ऑनलाइन दाखिला आवेदन गुरुवार (आज) से शुरू होंगे। इसके लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। दाखिले के लिए शिक्षा निदेशालय की www.edudel.nic.in वेबसाइट पर ईडब्ल्यूएस लिंक पर जाकर तीन जुलाई को शाम पांच बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पहला कंप्यूटराइज्ड ड्रॉ 12 जुलाई को आयोजित होने की संभावना है। सरकारी और डीडीए की जमीन पर बने निजी स्कूलों में यह दाखिले होंगे।

**निवास और आय प्रमाण पत्र**



**जरूरी**

दाखिला प्रक्रिया से जुड़ी शिकायतों और प्रश्नों को लेकर हेल्पलाइन नंबर 8800355192 और 9818154069 जारी किया गया है। जिस पर सुबह दस से लेकर शाम पांच बजे तक सोमवार से शुक्रवार तक कॉल कर सकेंगे।

बता दें कि ईडब्ल्यूएस सीटों पर दाखिले के लिए दिल्ली का निवासी होना जरूरी है। इसके लिए निवास प्रमाण पत्र और राजस्व विभाग द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र मान्य होगा। अभिभावक की वार्षिक आय एक लाख से कम होनी चाहिए। साथ ही बीपीएल और एएवाई कार्ड धारक भी दाखिले के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा स्कूल दाखिले को लेकर कैपिटेशन फीस /डोनेशन फीस नहीं मांग सकेंगे। अगर कोई स्कूल ऐसा करता है तो उस पर दंडनीय जुमार्ना लगाया जाएगा, जो कैपिटेशन शुल्क से दस गुना अधिक होगा।

दूसरा पता भरने पर स्कूल आवंटन रद्द होगा

अगर कोई आवेदक फॉर्म भरने के बाद उसमें सुधार करना चाहता है तो उसे पहले आवेदन को हटाकर दोबारा से आवेदन करना होगा।

साथ ही ड्रॉ में चयन के बाद अगर आवेदक स्कूल में दाखिले के दौरान ऑनलाइन आवेदन से अलग कोई दूसरा पता भरता है तो स्कूल आवंटन को रद्द कर दिया जाएगा। आवेदन के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है ताकि लोग एक से अधिक आवेदन न कर सकें।

## एक नजर

### जांच में असहयोग पर जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अदालत ने धोखाधड़ी के आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि किसी आरोपी से निरंतर पूछताछ के अवसर से इनकार करके पुलिस की जांच करने की शक्ति को खत्म नहीं किया जा सकता है। अवकाश न्यायाधीश अपर्णा स्वामी की अदालत ने आरोपी ऋषभ शर्मा के जांच में सहयोग न करने के रवैये पर ध्यान दिया। अदालत ने आरोपी को सख्त हिदायत दी कि वह जांच में शामिल हो और पुलिस का सहयोग करे। मामला धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश, आपराधिक विश्वासघात और जालसाजी से संबंधित है। न्यायाधीश ने कहा कि साक्ष्य के निष्कर्ष के लिए आरोपियों से निरंतर पूछताछ के अवसर को नकारकर पुलिस जांच की शक्ति को कम नहीं किया जा सकता है, खासकर इस प्रकृति के मामले में जहां कई तथ्य अभी भी सुलझने बाकी हैं। आरोपी ऋषभ शर्मा ने यह दावा करते हुए अग्रिम जमानत मांगी थी कि वह इस मामले में मुख्य आरोपी नहीं है। अभियोजन पक्ष ने बताया कि धोखाधड़ी से ली गई रकम 11 करोड़ रुपये में से 3.44 लाख रुपये आरोपी के बैंक खाते में पाए गए हैं। यह राशि कथित तौर पर उनके पिता प्रेम रतन शर्मा द्वारा बैंक खाते में जमा की गई थी, जो मामले में मुख्य आरोपी थे, प्रेम रतन शर्मा को 4 मई, 2023 को गिरफ्तार किया गया था, जबकि प्राथमिकी 2019 में दर्ज की गई थी।

### कार ने पांच साल की बच्ची को कुचला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शाहदरा के कृष्णा नगर में लग्जरी कार ने पांच साल की मासूम बच्ची को कुचल दिया। घायल बच्ची को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी चालक आकाश को गिरफ्तार कर लिया है।

बच्ची परिवार के साथ कृष्णा नगर के घोंडली इलाके में रहती थी। उसका परिवार मूलरूप से उत्तर प्रदेश के बहराइच स्थित जरवर कस्बा का रहने वाला है। उसके पिता 32 वर्षीय कृष्णा नगर के डी-ब्लॉक स्थित एक कबाड़ी की दुकान पर काम करते हैं। पिता के अनुसार, 22 जून दोपहर 3:30 बजे उनकी बेटी खाना देने के बाद सड़क किनारे से घर जा रही थी। इस दौरान कार चालक तेजी से आया और उनकी बेटी को कुचल दिया। आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने चालक को पकड़ लिया। पुलिस मौके पर पहुंची और कार को कब्जे में लेकर आरोपी चालक आकाश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी चालक न्यू अशोक नगर इलाके का रहने वाला है।

### दूसरी मंजिल से गिरकर दो वर्षीय बच्ची की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुल्तानपुरी इलाके में दूसरी मंजिल से गिरकर दो वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने लापरवाही से मौत की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 35 वर्षीय मोहम्मद आरिफ निजी कंपनी में कार्यरत हैं। वह पत्नी नाजरीन और तीन बच्चों के साथ हरी एन्क्लेव किराड़ी में रहते हैं। आरिफ ने बताया कि शुक्रवार को घर पर मेहमान आने वाले थे। वह दूसरी मंजिल पर कुछ काम कर रहा था। तभी दोपहर में आरिफ के बहनोई परिवार सहित आए तो जैनब अपने पिता को बुलाने के लिए दूसरी मंजिल पर गई। उसने जैनब को नीचे जाने के लिए कहा। बच्ची को सीढ़ियों पर उतरते देखकर वह बाथरूम में चला गया। इस दौरान बच्ची वापस लौट आई और रेलिंग की तरफ चली गई। रेलिंग की ग्रिल पर पैर रखकर उचकने की वजह से वह नीचे गिर गई। स्थानीय लोग बच्ची को अस्पताल में ले गए जहां से उसे जयपुर गोल्डन अस्पताल रेफर कर दिया गया, लेकिन वहां ले जाते समय रास्ते में ही बच्ची ने दम तोड़ दिया।

### संगम विहार में घर के बाहर फायरिंग की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण जिले के संगम विहार में शुक्रवार रात घर के बाहर फायरिंग का मामला सामने आया है। आरोपियों ने दरवाजे के पास कुछ ज्वलनशील पदार्थ रखकर आग लगा दी। हालांकि फायरिंग में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे संगम विहार की जाट धर्मशाला के पास झगड़े की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि अंकित हरसाना और अजहरुद्दीन और इकबाल समेत अन्य के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद अंकित ने खुद को अपमानित महसूस किया और अपने भाई बबलू हरसान, सुनील समेत अन्य के साथ दोबारा झगड़ा स्थल पर पहुंच गया। जहां उनके बीच मारपीट हुई। इसमें अजहरुद्दीन और इकबाल घायल हो गए। इसके बाद बबलू हरसाना, सुनील पोसवाल, अंकित हरसाना, कपिल समेत अन्य लोग संगम विहार में मुकर्रम के घर पहुंचे और खिड़की तोड़कर वापस आ गए। इसी बीच रात 12:38 बजे बाइक सवार तीन युवक आए और अमित के घर के सामने फायरिंग कर दी और दरवाजे के पास आग लगा दी। अमित ने बताया कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। बबलू हरसाना का घर उनके पड़ोस में है, आरोपी बबलू का घर समझकर फायरिंग की होगी। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है।

### ऑटो से जा रही यूक्रेन की महिला मॉडल से झपटमारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाइक सवार बदमाशों ने लाल किला के पास ऑटो से जा रही यूक्रेन की मॉडल से बैग छीन लिया। बैग में आईफोन, पासपोर्ट और 44 हजार रुपये थे। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यूक्रेन की राजधानी कीव निवासी 21 वर्षीय क्रिस्टिना देश में युद्ध होने के चलते मार्च से दिल्ली में है। पीड़िता ने बताया कि वह अलग-अलग शो में मॉडल का काम करती है। वह बुधवार को ओबेराय होटल में किसी शख्स से मिलने के लिए आई थी। काम खत्म होने पर वह ऑटो से छतरपुर में दोस्त के घर जा रही थी। विजय घाट के पास बाइक सवार बदमाश वहां आए। उन्होंने पीड़िता का बैग छीन लिया और आईटीओ की तरफ भाग गए। हालांकि ऑटो चालक धीरजपाल सिंह ने बदमाशों का पीछा किया, लेकिन वे भाग निकले। इसके बाद ऑटो चालक ने पुलिस को सूचना दी। एसआई अंकुर सिंह को मामले की जांच सौंपी गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वारदात में शामिल बदमाशों की पहचान हो गई है। जल्द ही उन्हें दबोच लिया जाएगा। गौरतलब है कि लाल किला के पास से बदमाशों ने वर्ष 2017 सितंबर में यूक्रेन के राजदूत का आईफोन छीन लिया था।

### दिल्ली में लगातार बढ़ रहा है क्राईम रेट : परमानन्द शर्मा

नई दिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली में क्राइम रेट कम होने का नाम नहीं ले रहा। यह कहना है राम नगर ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष परमानन्द शर्मा का। परमानन्द शर्मा कहते है दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल यह कहकर पल्ला नहीं झाड सकते कि दिल्ली की कानून व्यवस्था उनके अधीन नहीं है। परमानन्द शर्मा कहते है शीला दीक्षित के समय अरविन्द केजरीवाल कानून व्यवस्था को ले शीला दीक्षित के खिलाफ आन्दोलन करते थे लिहाजा अब वे अपनी जिम्मेदारी से पल्ला कैसे झाड सकते हैं। परमानन्द शर्मा कहते हैं पिछले 9 वर्षों में दिल्ली में अपराध का ग्राफ इस कदर बढ़ गया है कि राजधानी महिलाओं के लिए सुरक्षित नही है। आम आदमी पार्टी और भाजपा के शासन में दिल्ली कैंट, पीरा गढ़ी, कोंडली में हुई नाबालिग लड़कियों के साथ बलात्कार के बाद उनकी हत्या तथा रोहिणी कोर्ट और साकेत कोर्ट में खुले आम गोलीबारी की घटना बिगड़ती कानून व्यवस्था का ज्वलंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि 5 मई, 2023 को दिल्ली सरकार के सरकारी अस्पताल में 40 वर्षीय कर्मचारी बलात्कार की घटना हुई।

मुख्यमंत्री ने जनपद मथुरा में उ0प्र0 ब्रजतीर्थ विकास परिषद के नवनिर्मित कार्यालय भवन का उद्घाटन किया

# ब्रज क्षेत्र के विकास से जुड़े प्रस्तावों को किसी भी स्तर पर लम्बित न रखा जाए : मुख्यमंत्री

एनसीआर समाचार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद मथुरा में उत्तर प्रदेश ब्रजतीर्थ विकास परिषद के नवनिर्मित कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मा0 मुख्यमंत्री जी ने भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर पुष्प अर्पित किए तथा विधि विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने नवनिर्मित कार्यालय का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश ब्रजतीर्थ विकास परिषद की छठवीं बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में ब्रजतीर्थ पथ परियोजना, गोवर्धन कनेक्ट परियोजना, मथुरा वृन्दावन रेल-बस मार्ग के स्थान पर यातायात के वैकल्पिक साधनों के प्रस्ताव परिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किए गए।



मुख्यमंत्री जी ने बैठक में निर्देश दिए कि ब्रज क्षेत्र के विकास से जुड़े प्रस्तावों को किसी भी स्तर पर लम्बित न रखा जाए। इनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मथुरा-वृन्दावन में श्रद्धालुओं व पर्यटकों की संख्या में निरन्तर हो रही वृद्धि के दृष्टिगत पर्यटन सम्बन्धी गतिविधियां भी बढ़ रही हैं। इसलिए मास्टर प्लान तैयार करते हुए पर्यटन विकास से जुड़ी परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जाए। उत्तर प्रदेश ब्रजतीर्थ विकास परिषद में कुशल मैन पावर बढ़ायी जाए। उन्होंने कहा कि परिषद विभिन्न संस्थानों को अपनी गतिविधियों से जोड़े।

मुख्यमंत्री जी ने परिषद के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि ब्रज तीर्थ क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भगवान श्रीकृष्ण की लीला पर आधारित लाइट एण्ड साउण्ड शो कराने की व्यवस्था की जाए। बाहरी क्षेत्रों में अच्छे होटलों को विकसित किया जाए। काशी की भांति ब्रह्म मुहूर्त में भक्ति संगीत का प्रसारण किया जाए। सातों तीर्थ स्थलों पर यह व्यवस्था की जाए। स्मार्ट एवं सेफ सिटी के रूप में जनपद को विकसित किया जाए। यातायात व अतिक्रमण की चुनौतियों का समाधान करने के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाए। विद्युत पोल को हटाकर सड़कों का चौड़ीकरण किया जाए। जनपद में पार्किंग स्पेस विकसित की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री जी ने बैठक में ब्रज विकास योजना-2041 पुस्तिका का विमोचन किया।

बोर्ड बैठक में वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 की पर्यटन निदेशालय को स्वीकृति हेतु प्रेषित परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया। इन परियोजनाओं में श्रीकृष्ण जन्मभूमि स्थित केशव वाटिका के सौन्दर्यीकरण का कार्य, मथुरा तहसील में मथुरा-वृन्दावन मार्ग पर मयूर संरक्षण केन्द्र के सौन्दर्यीकरण, संवर्धन और घायल मयूरों को उपचार उपलब्ध कराने सम्बन्धी परियोजना, राया नगर पंचायत के अन्तर्गत ब्रज 84 कोस परिक्रमा मार्ग के मुख्य मार्गों पर स्वागत द्वारों के निर्माण की परियोजना शामिल है।

जोधपुर झाल वेटलैण्ड का संरक्षण, गोवर्धन स्थित कुसुम सरोवर के सौन्दर्यीकरण, रसखान समाधि के पास रमनरेती पर जनसुविधा केन्द्र एवं यात्री सुविधा केन्द्र का निर्माण, ग्राम करहला स्थित ब्रजनाभ की समाधि का पुनरुद्धार एवं सौन्दर्यीकरण, राया स्थित गणेश बाग का विकास कार्य, सौभरि वन स्थापना (फेज-2) हेतु पौधशाला, मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण तथा जल संचयन, वृक्षारोपण व अन्य कार्यों के अनुरक्षण, नगर पंचायत कैमारा में वन तालाब का सौन्दर्यीकरण, तहसील छाता के अन्तर्गत अकबरपुर-जैत (चौमुहा) में टूरिस्ट फेसिलिटेशन सेण्टर के विकास कार्य सम्बन्धी परियोजना भी अनुमोदित परियोजनाओं में सम्मिलित है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर लड़ाकू विमानों ने किया हैरतअंगेज प्रदर्शन

**सुलतानपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शनिवार को वायुसेना के जंगी विमानों ने टच एंड गो का अभ्यास किया। वायुसेना के विमानों के हैरतअंगेज प्रदर्शन के गवाह वहां मौजूद अधिकारी और अन्य गणमान्य लोगों के अलावा हजारों की संख्या में उमड़े लोग बने।



विकास खण्ड कूरेभार के पास बनायी गयी 3.2 किलोमीटर लम्बी हवाई पट्टी पर वायुसेना के विमानों द्वारा करतब दिखाया गया। पट्टी पर आपात समय में विमान के उतरने की व्यवस्था की गयी है। आज वहां पर एयर शो का भी प्रदर्शन किया गया, जिसमें वायुसेना के विमान करतब दिखाते हुए लैण्ड किया। एयर-शो में वायुसेना के एक विमान एन 32, चार मिराज, एक जगुआर, दो सुखोई, सुमित 10 लड़ाकू विमान शामिल हुए। पूरे एयर-शो को ग्रुप कैप्टन डी नौटियाल द्वारा लीड किया गया। एयर कमोडोर मनीष सरदेव की मौजूदगी में संचालन कार्यक्रम किया गया। एयर-शो को प्रयागराज से कमांड किया गया था।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के कूरेभार स्थित अरवल कीरी करवत में बनी एयर स्ट्रिप पर शनिवार को दो घंटे से अधिक फाइटर विमानों द्वारा एयर शो किया गया। 3.5 किमी की एयर स्ट्रिप पर फाइटर प्लेन सुखोई और मिराज ने टच एंड गो का अभ्यास किया। इस कार्यक्रम के मद्देनजर 12 किमी मार्ग बंद कर रूट डायवर्जन किया गया था। इससे पूर्व 16 नवंबर 2021 को पहली बार एयर स्ट्रिप पर फाइटर प्लेन ने टच एंड गो किया था।

शनिवार सुबह 10 बजे से एयर फोर्स के अधिकारी एयर स्ट्रिप पर पहुंच गए थे। इसके बाद सेना के हवाई जहाजों का आना शुरू हुआ। एयरस्ट्रिप पर सुखोई व मिराज जैसे जंगी जहाजों ने प्रदर्शन किया।

भारतीय वायु सेना के अधिकारियों के द्वारा एयर स्ट्रिप के 5 किलोमीटर के क्षेत्र को 11 जून से ही अपने कब्जे में लिया गया था। जहां पर भारतीय सशस्त्र बल व भारतीय वायु सेना के जवानों द्वारा एयरस्ट्रिप पर समस्त तैयारियों की गयी। वायुसेना के लड़ाकू विमानों के एयर-शो को देखने हेतु आज सुबह से ही एयर स्ट्रिप के आस-पास लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई थी। एयर-शो कार्यक्रम में एन 32 के एक, चार मिराज, एक जगुआर, दो सुखोई, सुमित के 10 लड़ाकू विमान एयरशो में शामिल हुए।

जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के नेतृत्व में सम्पूर्ण एयर-शो कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## उप्र में बिजली कटौती के विरोध में आप ने किया प्रदर्शन

**बांदा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी के दौरान हो रही अंधाधुंध बिजली कटौती के विरोध में गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन भेजकर विद्युत कटौती बंद करने की मांग की है। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और इस संबंध में एक मांग पत्र एडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा है। इस ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश में बिजली की अघोषित कटौती हो रही है। जिससे जनता में आक्रोश व्याप्त है। पूरे प्रदेश में बिजली कटौती का संकट लोग झेल रहे हैं। गर्मी के वजह से अस्पतालों में बड़ी संख्या में मरीज भर्ती हो रहे हैं जिनकी मौतें भी हो रही हैं। अकेले पूर्वांचल में सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है। अस्पतालों में भर्ती मरीज गर्मी से बेहाल होकर भाग रहे हैं और तमाम बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह मौतें स्वाभाविक नहीं है। हल्की यह मौतें सीधे-सीधे हत्या हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में 27 हजार मेगावाट बिजली की जरूरत है। जबकि प्रदेश में सिर्फ चार हजार मेगा वाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। 23 हजार मेगा वाट बिजली बाहर से खरीदी जा रही है। इसके बावजूद 10 से 12 घंटे बिजली कटौती हो रही है। अघोषित बिजली कटौती से लोग बेहद परेशान हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि बिजली विभाग में वर्तमान में 100000 कर्मचारियों की जरूरत है लेकिन केवल 34000 कर्मचारी बिजली विभाग में कार्यरत हैं। 66000 कर्मचारियों की कमी है जिसकी वजह से विभाग ठीक से काम नहीं कर पा रहा है। ट्रांसफार्मर फूक रहे हैं जगह-जगह तार टूट रहे हैं कर्मचारियों के अभाव में काम नहीं हो पा रहा है और लोग गर्मी में रहने को मजबूर हैं।

## तीन बेटियों को जहर दे कर मां ने भी खा लिया, तीन की मौत

**सहारनपुर (उप्र), एजेंसी।** जिले में थाना गंगोह क्षेत्र में एक महिला ने अपनी तीन बेटियों को जहर देकर खुद भी जहर खा लिया जिससे महिला और उसकी दो पुत्रियों की मौत हो गई तथा तीसरी पुत्री की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने बताया कि जिले के गंगोह कस्बे के टाकान मोहल्ला निवासी संजय बैटरी रिक्शा चलाता है । घर में उसकी पत्नी ममता (26) और तीन बेटियां आर्ची (5), सोना (3) और आरवी (2) रहती थीं। जैन ने बताया कि बुधवार को बच्चों के खेलने को लेकर ममता की अपनी चचिया सास से कहासुनी हो गई जिसके बाद ममता ने गुस्से में अपनी तीनों बेटियों को जहर दे दिया और खुद भी खा लिया। जैन ने बताया कि घटना के समय संजय अपना बैटरी रिक्शा लेकर मजदूरी पर गया था । परिवार के किसी सदस्य ने सूचना मिलने पर वह लौटा । उन्होंने बताया कि आनन फानन में चारों को उपचार के लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां से इन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया ।

## प्रधानमंत्री की लोकप्रियता से घबरा गये हैं विपक्षी दल : स्वाती सिंह

### पूर्व मंत्री ने सपा और बसपा पर किया करारा हमला, कहा, खिसके रहे जनाधार से घबराहट

**लखनऊ, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षी दल घबरा गये हैं। अब उनको जनता के बीच पैर रखने की जमीन भी नहीं मिल रही है। यही कारण है कि अनर्गल बातें कर जनता को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। ये बातें भाजपा नेता और पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कही।



उन्होंने अखिलेश यादव द्वारा पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक के शोषण की बात उठाये जाने पर कहा कि वे अपनी सरकार में किये गये शोषण को याद कर रहे हैं। उनकी सरकार में सिर्फ परिवार को छोड़कर हर वर्ग शोषण का शिकार था। हर तरफ गुंडा और माफिया का राज था। आज मुख्यमंत्री उन्हीं के सरकार की उपज माफिया का सफाया करने में लगे हुए हैं।

स्वाती सिंह ने कहा कि नाम समाजवाद और काम परिवार का। सबसे विडंबन यह रही कि वे अपने परिवार को भी नहीं संभाल पाये। कहीं उनका भाई तो कहीं उनके चाचा नाराज होते हैं। उनको सिर्फ सत्ता से मतलब है। उनके मन में सेवा भाव का कोई अर्थ ही नहीं है।

मायावती के बयान "महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ापन, अशिक्षा, जातीय द्वेश, धार्मिक उन्माद, हिंसा आदि से ग्रस्त देश में बहुजन के त्रस्त हालात..." का जवाब देते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि मायावती सिर्फ और सिर्फ अपनी कुर्सी जानती हैं। उन्होंने कुर्सी पर रहते हुए कभी दलित उद्धार की बात तक नहीं सोची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब सबका साथ, सबका विकास के नारे को चरितार्थ किया तो मायावती की राजनीति ही खत्म हो गयी।

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिले में 10 अगस्त से चलेगा एमडीए कार्यक्रम : सीडीओ

## पूरे जुलाई माह चलेगा संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान

**औरैया, एजेंसी।** संचारी रोगों से निपटने के लिए जिले में एक जुलाई से 31 जुलाई के मध्य संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान और फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) कार्यक्रम 10 अगस्त से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलाया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए शासन एवं स्वास्थ्य विभाग काफी सक्रिय है और तैयारियों में जुटे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय बैठक विकास भवन के सभागार कक्ष में आयोजित हुई।



सीडीओ ने कहा कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जुलाई माह में संचालित होने वाले अभियान में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रत्येक घर पर जाकर क्षय रोग, कुष्ठ रोग समेत संचारी रोगों से पीड़ित लोगों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। साथ ही समस्त ब्लॉकों में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सर्वजन दवा वितरण (एमडीए) कार्यक्रम 10 अगस्त से संचालित किया जाएगा। इसमें आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन अपने समक्ष कराएंगी। उन्होंने अपील की है कि फाइलेरिया से बचने के लिए हर साल चलने वाले एमडीए राउंड के दौरान दवा का सेवन अवश्य करें। इस दवा का सेवन दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर बीमार को छोड़कर सभी को करना है। सीडीओ ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए प्रत्येक स्तर पर प्रयास करें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अर्चना श्रीवास्तव ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान में सभी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माइक्रोप्लान के तहत कार्य करेंगी। वह घरों व आस-पास जल भराव न होने देने, साफ-सफाई रखने, ताजा भोजन करने, पानी उबाल कर पीने, साबुन से हाथ अच्छी तरह से धोने, खुले में शौच से नुकसान आदि के बारे में जागरूक करेंगी। अभियान में 'हर रविवार मच्छरों पर वार' पर भी जोर दिया जाएगा। किसी भी प्रकार के रोग से पीड़ित होने पर रोगी को 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी व पीएचसी पर पहुंचायेंगी ताकि उन्हें समुचित इलाज मिल सके।

एसीएमओ व नोडल अधिकारी डॉ राकेश सिंह ने बताया कि अभियान शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। स्वास्थ्यकर्मियों, शिक्षक, ग्राम प्रधान, नगर पालिका व नगर पंचायत कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एमडीए की दवा फाइलेरिया के परजीवियों को नष्ट करने के साथ पेट के अन्य कीड़ों व समस्याओं को दूर करने में भी मदद करती हैं। इसलिए सभी लोग इस दवा का सेवन करें जिससे वह इस बीमारी से बच सकें। दो साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती और गंभीर रोगों से ग्रसित व्यक्तियों को इन दवाओं का सेवन नहीं करना है। दवा को चबाकर खाना है। खाली पेट दवा का सेवन नहीं करना है।

डॉ सिंह ने बताया कि एमडीए दवा का सेवन कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग सहित आईसीडीएस, पंचायती राज व ग्राम विकास, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, आपूर्ति, होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक, आजीविका, आईएमए, सूचना अधिकारी आदि का सहयोग लिया जाएगा। साथ ही डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ, पाथ, पीसीआई, सीफार व अन्य स्थानीय संस्थाओं का सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया बीमारी मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होती है। यह बीमारी मुख्यतः व्यक्ति के शरीर के चार अंगों जैसे पैर, हाथ, अंडकोष और महिलाओं के स्तन को प्रभावित करती है। शुरुआत में इस बीमारी के कोई लक्षण नहीं दिखाई देते है। इसके लक्षण दिखने में 10 से 15 साल लगते हैं।

## एक नजर

### वाटरवे शुरू होने से पूर्वांचल के उत्पाद पहुंचेंगे देश दुनिया तक: योगी

**बलिया, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि हल्दिया से वाराणसी के बीच वाटरवे शुरू हो चुका है यहां के किसानों की सब्जी, दाल समेत तमाम कृषि उत्पादों को प्रदेश, देश और दुनिया के बाजारों में पहुंचाने का कार्य हमारी सरकार करेगी। सरकार कृषि उत्पादों की सुरक्षा के लिए कोल्ड स्टोरेज स्थापना भी करेगी।

श्री योगी बुधवार को राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के साथ जनपद बलिया में स्थित लोकनायक जय प्रकाश नारायण (जेपी) के गांव सिताब दियारा पहुंचे। दोनों नेताओं ने तीन हजार 638.25 करोड़ रुपए की 144 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

योगी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह भूमि संत सेवादास, लोक नायक जय प्रकाश नारायण और अपने बेबाक भाषणों के माध्यम से लोकतंत्र को नई दिशा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर की है। आने वाली 25 जून को हम लोकतंत्र को बचाने के अभियान से जुड़ेंगे। आपातकाल के दौरान भारत के लोकतंत्र को नई संजीवनी देने का कार्य जेपी ने किया था। संत सेवादास और जय प्रकाश नारायण द्वारा जिस चिकित्सालय की नींव रखी थी, हमारी सरकार उसके विस्तार और सुंदरीकरण के कार्यक्रम को आगे बढ़ा रही है। साथ ही हमने इस चिकित्सालय का नाम लोकनायक जय प्रकाश नारायण की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभावती देवी के नाम पर रख रहा है। इसके अलावा हम यहां हेल्थ एटीएम की स्थापना भी कर रहे हैं। यही नहीं श्रीमती प्रभावती देवी के नाम पर बने इंटर कॉलेज के पुनरोद्धार के कार्यक्रम को भी हम आगे बढ़ा रहे हैं। इसके लिए हमने अतिरिक्त धनराशि स्वीकृति कर दी है।

### सहायक अभियोजन अधिकारी का परिणाम घोषित

**प्रयागराज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज ने 69 पदों के लिए सहायक अभियोजन अधिकारी का परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के सचिव अशोक कुमार ने बताया है कि सहायक अभियोजन अधिकारी परीक्षा 2022 की लिखित परीक्षा का परिणाम 24 मई, 2023 को घोषित किया गया था, जिसमें कुल 220 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 12 से 16 जून को हुआ। इसमें एक अभ्यर्थी अनुपस्थित रहा। इसके आधार पर 69 अभ्यर्थियों को संस्तुत किया गया है। सचिव ने बताया है कि जिन घोषित अभ्यर्थियों के सम्मुख प्रोविजनल अंकित है, उनसे अपेक्षा है कि वे समय के अंदर वांछित अभिलेख प्रस्तुत कर दें। अन्यथा उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

### गुरुद्वारे में लगे निशान साहिब को उखाड़ कर ले जाने पर कोतवाली में हंगामा

**पीलीभीत, एजेंसी।** पीलीभीत की पूरनपुर तहसील में स्थित गुरुद्वारे में लगे सिखों के धार्मिक चिह्न निशान साहिब को कुछ आरोपियों द्वारा तोड़कर घर ले जाने का आरोप लगा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद सिख समुदाय के लोग कोतवाली पहुंचे और मामले की शिकायत पुलिस से कर हंगामा किया। घटना के बाद इलाके में भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। पुलिस ने इसे दो पक्षों का जमीनी विवाद बताते हुए मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कही है। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्यारसपुर झुकाती स्थित गुरुद्वारे के सेवादार जसविंदर सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की है। गुरुद्वारे में लगे निशान साहिब को 20 जून की रात गुरविंदर सिंह व गोल्डी नाम के दो आरोपी तोड़कर अपने घर ले गए, जिससे गुरु ग्रंथ साहिब गुरुद्वारे का अपमान हुआ है शिकायतकर्ता का आरोप है कि रात के अंधेरे में दोनों ही आरोपी गुरुद्वारे की दीवार पर चढ़कर गुरुद्वारे में घुस आए और उक्त घटना को अंजाम देकर धमकी देते हुए भाग गए। पूरे मामले की जानकारी लगते ही पूरनपुर थाने में सिख समुदाय के लोगों ने इकट्ठा होकर शिकायत की। गुरुद्वारे से जुड़े मामले को लेकर सीओ पूरनपुर आलोक सिंह से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि ऐसी कोई घटना संज्ञान में नहीं है।

### मरीजों को भर्ती न करने वाले चिकित्सकों पर होगी कार्यवाही : जिलाधिकारी

**जालौन, एजेंसी।** जिला अस्पताल पुरूष और महिला अस्पताल में मरीजों को भर्ती न किये जाने की लगातार शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने अस्पतालों के सीएमएस को मरीजों को भर्ती किये जाने के साथ ही बेहतर इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने गुरुवार को कहा कि प्रतिदिन ओपीडी व इमरजेंसी में कराये जा रहे भर्ती मरीजों की देखरेख हेतु रोस्टर के अनुसार चिकित्सक करेंगे और निरन्तर भ्रमणशील रहकर उनका समुचित इलाज करेंगे। उन्होंने कहा कि ओपीडी व इमरजेंसी के माध्यम से किये गये भर्ती मरीजों की संख्या व किस बीमारी से ग्रस्त है, नाम, पता, मोबाइल इसकी सूचना प्रतिदिन उपलब्ध करायेंगे। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जिला अस्पताल महिला और पुरूष में भर्ती मरीजों का पर्यवेक्षण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही किसी भी भर्ती मरीजों को बाहर की दवा न लिखी जाये, छुटपुट बीमारी वाले मरीजों को रिफर न किया जाये। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल पुरूष और महिला अस्पताल में मरीजों को चिकित्सक द्वारा उपचार करने या बीमारी से ग्रस्त मरीजों को भर्ती न करने पर जिला प्रशासन को दूरभाष नं0-05162-252201, 05162-257090 पर शिकायतों को दर्ज करा सकते हैं जिससे संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जा सके।

### कुएं से महिला और उसके तीन बच्चों के शव बरामद

**प्रतापगढ़, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर कोहडौर थाना क्षेत्र के नरहरपुर गांव में एक कुएं से बृहस्पतिवार को एक महिला और उसके तीन बच्चों के शव बरामद किए गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। कोहडौर थाने के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि नरहरपुर गांव के लोगों ने बृहस्पतिवार सुबह नौ बजे के आसपास कुएं में चार शव देखने की सूचना दी, जिसके बाद अग्निशमन कर्मियों को तत्काल घटनास्थल पर भेजा गया और कुएं से चारों शव निकाले गए। कुमार के मुताबिक, मृतकों की पहचान पास के औरंगाबाद गांव की रहने वाली प्रमिला (35) और उसके तीन बच्चों-सलोनी (10), दिव्यांश (5) और शिवांश (3) के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार, प्रमिला का पति सोहनलाल मुंबई में मजदूरी करता है। उन्होंने बताया कि सोहनलाल पिछले मंगलवार को मुंबई लौटने लगा, तो प्रमिला भी उसके साथ जाने की जिद करने लगी और उसके मना करने पर वह बच्चों को लेकर घर से मायके जाने के लिए निकल पड़ी। पुलिस के मुताबिक, प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि पति के मुंबई ले जाने से इनकार करने के कारण प्रमिला ने अपने बच्चों के साथ कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। उसने कहा कि चारों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच की जा रही है।

### जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में नवनिर्मित फिजियोथैरेपी सेन्टर का किया शुभारंभ

**जालौन, एजेंसी।** जिला पुरुष अस्पताल में नवनिर्मित फिजियोथैरेपी सेंटर का जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने गुरुवार को फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अब मरीजों को फिजियोथैरेपी के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा और यहां आने वाले मरीजों को इसका लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने कहा कि फिजियोथैरेपी से मरीजों को कई प्रकार की बीमारियों से छुटकारा मिलेगा। अब जनपद के मरीजों को फिजियोथैरेपी के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा, इसके लिये जिला पुरुष चिकित्सालय में फिजियोथैरेपी विभाग द्वारा उपचार शुरू कर दिया गया है।

# खंडेहा चौकी उद्घाटन में A.D.G रेंज प्रयागराज आदरणीय भानु भास्कर एवं चित्रकूट एसपी बृंदा शुक्ला ने फीता काटकर चौकी का किया उद्घाटन

**अशोक कुमार खरे**

आज अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर द्वारा पुलिस अधीक्षक जनपद चित्रकूट वृन्दा शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में थाना बरगढ़ की नव सृजित हरदीकला पुलिस चौकी व थाना मऊ की नव सृजित खण्डेहा पुलिस चौकी का लोकार्पण किया गया।

उल्लेखनीय है कि नवसृजित पुलिस चौकी के गाँव का सम्बंधित थाने से दूरस्थ होने के कारण अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण रखने में व क्षेत्रीय जनता को अपने थाने पर शीघ्र पहुँचने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था को दृष्टिगत रखकर पुलिस अधीक्षक महोदया चित्रकूट द्वारा व्यक्तिगत प्रयास कर नव सृजित पुलिस चौकियों की मंजूरी प्राप्त कर शीघ्रातिशीघ्र भवन तैयार कराकर आज अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन महोदय की गरिमामयी उपस्थिति में उनके कर-कमलों द्वारा लोकार्पण कराया गया।






अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन महोदय द्वारा मिशन शक्ति अन्तर्गत सराहनीय कार्य करने के क्रम में प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक रीता सिंह, थानाध्यक्ष महिला थाना उ0नि0 शालिनी सिंह भदौरिया सहित अन्य 31 महिला आरक्षियों को प्रशस्ति-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया तथा जनपद स्तर पर वीरता का उदाहरण प्रस्तुत करने वाली अवयस्क वीरांगना जो अपने माता पिता की अनुपस्थिति में अपने घर के अन्दर सोयी हुयी थी के घर में गाँव का एक व्यक्ति बदनियती से घुसकर उसे जबरन एक कमरे में ले गया कि अपने बचाव में सूझ-बूझ व साहस का परिचय देते हुए तत्परता से कमरे के बाहर कमरे की कुण्डी लगाकर आवाज देकर आस-पास लोगों को मौके पर बुलाकर अपनी रक्षा की गयी व कु0 कामिनी उम्र 09 वर्ष पुत्री कुबेर निवासी ग्राम पहाड़ी बुजुर्ग थाना पहाड़ी जनपद को दिनाँक 08.04.2023 को गेहूँ की फसल की थ्रेसिंग के दौरान कुमारी अंजली उम्र 11 वर्ष के सिर के बाल थ्रेसर के पट्टे में फसने से जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही थी।

अपनी बड़ी बहिन को अपने द्वारा बचाव के प्रयास में सूझ-बूझ व वीरता के साथ उसकी प्राण रक्षा की गयी को वीरता प्रशस्ति-पत्र व नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान मौके पर क्षेत्राधिकारी लाइन निष्ठा उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी मऊ राज कमल, प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ अंजनी कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश द्विवेदी,थानाध्यक्ष महिला थाना श्रीमती शालिनी भदौरिया, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल सहित नव सृजित चौकी के ग्राम प्रधान व क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।

# सीएम राइज स्कूलों में भी भ्रष्टाचार गरीब मजदूर वर्ग को नहीं मिल पा रहा कोई लाभ

**अशोक साहू**

सीएम राइज स्कूलों में भी भ्रष्टाचार सीएम साहब द्वारा गरीब मजदूर वर्ग की बेहतर शिक्षा के लिए सीएम राइज स्कूलों की स्थापना की लेकिन इनसे गरीब मजदूर वर्ग को कोई लाभ नही मिल पा रहा। यहाँ भी भ्रष्टाचार व्यप्त है, राइज (चावल) पकाए जा रहे है। वह भी अमीरों को मिल रहे है, गरीब आदमी सीएम राइज (चावल) खाने से दूर है, सीएम राइज के चावल अमीरों को मिल रहे हैं। गरीबी चावल के लिए दर-दर भटक रहे हैं, सीएम राइज स्कूल में पिछले 1 महीने से सीट फुल होने का बहाना बनाकर संचालक अपना पल्ला झाड़ रहे हैं, कुछ साल पहले इन्हीं स्कूलों में




गरीबों के बच्चे पढ़ते थे। अमीरों के नहीं लेकिन आज सीएम राइज स्कूल बनने के बाद गरीबों के बच्चों को बाहर कर दिया अमीरों के बच्चों को एडमिशन दिया जा रहा है।

यही अमीर सरकारी स्कूल की यूनीफॉर्म देखकर हंसी-मजाक उड़ाते थे, जो कल तक लाखों रुपए फीस भरकर प्राइवेट स्कूल तलाशते थे और सरकारी स्कूलों को यही अमीर सरकारी डब्बा बोलकर संबोधित करते थे। आज यही लालची अपने बच्चों को यहां भेज रहे हैं, भ्रष्टाचार का खेल यहां भी शुरू कर दिया गरीबों को यहां ना तो एडमिशन मिल रहा ना ही कोई रिस्पांस मिल रहा है। एडमिशन प्रक्रिया जटिल है यह प्रक्रिया गरीब पूर्ण नहीं कर पा रहा है, और इसी का फायदा उठाकर स्कूल संचालक उन्हें बेवकूफ बना रहे, कारण सभी सीएम राइज स्कूलों में संपूर्ण स्टाफ को चेंज कर दिया गया है।

पहले वाले स्टॉप जो गरीब बच्चों पढ़ाया करते थे और उनके दर्द को समझते थे,और स्कूल किन समस्याओ से लड़कर चला रहे थे,कम सुविधाएं होने के बावजूद भी इन गरीब बच्चों को पढ़ाया करते थे, बच्चों की संख्या भी बहुत कम होती थी लेकिन फिर भी यह पढ़ाते थे, लेकिन आज नए स्टाफ अपने तरीके से एडमिशन कर रहा है। मुझे तो लगता है इसमें भी एक बहुत बड़ा घोटाला हो रहा है स्कूल की सीटों को अमीरों मै बेचा जा रहा है, इसकी प्रक्रिया को बदलना होगा जो विद्यार्थी वर्षों से सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हैं, उनको प्राथमिकता देकर बाकी बची सीट बाहरी बच्चों से देना चाहिए, अन्यथा यहां वह बच्चे एडमिशन नहीं ले पाएंगे जो वर्षों से सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हैं! यहां भी अमीरों के बच्चों का कब्जा हो जाएगा गरीबमजदूरवर्गफिरशिक्षा से बंचित रह जायेगा।

# विद्युत समस्या से जूझती मंडला बिंछिया शारदा कालोनी



**प्रशांत कुमार पटेल**

मंडला जिला के मुख्यालय स्थित बिंछिया शारदा कालोनी के निवासियों को बिजली समस्या से परेशानी हो रही है। यह कालोनी विद्युत व्यवस्था की गंभीर समस्या के चलते दिन-प्रतिदिन सामरिक अवस्था में रहती है। या तो बिजली पूरी तरह से बंद रहती है या बोल्टेज की समस्या होती है, जिससे उनके लिए दिनचर्या को चुनौतीपूर्ण बना देती है।

शारदा कालोनी के निवासियों को रोजमर्रा की गतिविधियों को संचालित करने में बहुत समस्या होती है। घरों में बिजली की कमी के कारण, इन लोगों को उचित बिजली सप्लाई से महजर होना पड़ता है, जिससे उनकी रोजमर्रा की जीवनशैली प्रभावित हो रही है।

# कबड्डी स्टार खिलाड़ी बनने का सपना टूटा, सफलता देख गुंडो ने किया हमला, ऑपरेशन में कटा गया पैर

**विनोद कुमार कुंद्रा**

लुधियाना बीरी धापई को कबड्डी में चढ़ते देख कुछ बदमाशों ने युवक की मोटरसाइकिल में टक्कर मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस युवक को गंभीर हालत में डीएमसी लुधियाना में भर्ती कराया गया और युवक अभी भी अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। कल उसकी तबीयत में सुधार हुआ और माता-पिता को कुछ उम्मीद की किरण जगी कि शायद उनका बेटा ठीक होने के बाद वह फिर से कबड्?डी के खेल के मैदान में नजर आएगा लेकिन भगवान को कुछ और ही मंजूर था।

हादसे में बीरी का पैर जांघ से टूट गया और खोपड़ी में दरारें आ गईं, लेकिन इस बहादुर लड़के ने बहादुरी से मौत से लड़ाई की। लेकिन कल रात डॉक्टरों के मुताबिक जिस पैर में रॉड डाली गई



थी, उसमें इन्फेक्शन ज्यादा थी। वह और बड़ी रही थी, इसलिए मजबूरन बीरी का एक पैर काटना पड़ा और इस लड़के का कबड्डी स्टार खिलाड़ी बनने का सपना टूट गया। महज 23 साल की उम्र में यह लड़का गरीबी की हालत में रात में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था और उस पैसे से अपने गुजरा करता था। एक कबड्डी खिलाड़ी मन में घुलने-मिलने से नहीं बनता, मिट्टी में ही मिट्टी बन जाना पड़ता।

# सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा विभिन्न स्थानों पर जागरूकता शिविर का हुआ आयोजित

**कुलभूषण वर्मा**

पंजाब में किसी भी प्रकार के शोषण या हिंसा से पीड़ित महिलाओं को सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपायुक्त के दिशा-निदेशानुसार जिला कार्यक्रम पदाधिकारी गुरुमीत सिंह के नेतृत्व में इसका गठन किया गया।

स्तरीय टीम ने सिविल अस्पताल, फतेहगढ़ साहिब और महिला मित्र हेल्प डेस्क, गोबिंदगढ़ पब्लिक कॉलेज, एमसीएच अस्पताल और नगर निगम कार्यालय, मंडी गोबिंदगढ़ में जागरूकता शिविर आयोजित किए और सरकार द्वारा महिलाओं को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सखी वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी रजनी बाला ने कहा कि,



महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तहत सरकार किसी भी प्रकार की हिंसा जैसे घरेलू हिंसा, एसिड अटैक, बलात्कार से पीड़ित महिलाओं को सहायता प्रदान करती है।

गैर-मानव तस्करी, दहेज पीड़ित और छेड़छाड़। एक छत के नीचे विभिन्न सेवाएं जैसे पुलिस सहायता, चिकित्सा सहायता, मनोवैज्ञानिक-सामाजिक परामर्श, मुफ्त कानूनी सहायता/कानूनी सलाह और पीड़ित महिला के लिए पांच दिन (किसी भी उम्र की बेटी और बेटे सहित) 8 वर्ष की आयु तक) को अस्थायी आश्रय प्रदान करने के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर योजना जारी की गई है। उन्होंने कहा कि, ये केंद्र पंजाब के हर जिले में खोले गए हैं और जिला फतेहगढ़ साहिब में यह केंद्र सिविल अस्पताल, फतेहगढ़ में खोला गया है। आपातकालीन भवन के सामने साहब और केंद्र प्रभारी ने महिलाओं की सहायता के लिए केंद्र से संपर्क करने के लिए टेलीफोन नंबर 01763-233054, 9988100-415, 9569030645, 7710758976 भी दिए।

इस अवसर पर केस वर्कर निर्मल कौर ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनी अधिकारों जैसे यौन शोषण अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम आदि के बारे में जागरूक किया। उन्होंने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 181, 112 या 1091 के बारे में भी बताया कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा के संबंध में किसी भी समय शिकायत दर्ज की जा सकती है।

# खराब परीक्षा परिणाम के विरोध में इनसो ने आईजीयू के खिलाफ महेंद्रगढ़ के राजकीय महिला महाविद्यालय में किया प्रदर्शन

**सतीश**

इंदिरा गांधी मीरपुर विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए वार्षिक परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में भारी रोष व्याप्त है। खराब परीक्षा परिणाम के विरोध में शनिवार को महेंद्रगढ़ के राजकीय महिला महाविद्यालय में इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन (इनसो) की ओर से खराब रिजल्ट के विरोध में आईजीयू प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया गया, जिसका नेतृत्व इनसो के जिलाध्यक्ष अभिषेक कुरहावटा ने किया। इनसो नेता अभिषेक ने आरोप लगाते हुए ने कहा कि इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी का रवैया छात्र-छात्राओं के हित में नहीं है। यूनिवर्सिटी निरंतर छात्र हितों का हनन कर रही है और बार-बार घटिया परीक्षा परिणाम जारी किए जा रहे हैं। यूनिवर्सिटी के निरंतर रिजल्ट में गिरावट कहीं न कहीं प्रशासन पर प्रश्नचिह्न लगा रहे हैं, जिस कारण छात्रों के हितों पर कुठाराघात हो रहा है और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़



किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन का इतना खराब रवैया है कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत के बावजूद उनके परीक्षा परिणाम में उन्हें बेहद कम अंक दिए जाते हैं या फिर उनके कंपार्टमेंट आती है या फिर कई विद्यार्थियों को तो फेल ही कर दिया जाता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यूनिर्वर्सिटी 24 घण्टे के अंदर इसका समाधान करे। अन्यथा अगला प्रदर्शन यूनिवर्सिटी कैंपस में किया जाएगा, जिसका खमियाजा यूनिवर्सिटी को भुगतना पड़ेगा और यदि उससे भी उसके कान पर जूं नहीं रेंगी तो इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देसवाल, प्रदेश अध्यक्ष अजय राव एवं प्रदेश प्रभारी रवि मसीत के नेतृत्व में हरियाणा में विरोध किया जाएगा, जिसका जिम्मेदार यूनिवर्सिटी प्रशासन होगा। इस मौके पर मुस्कान, अंकिता, कोमल, पूजा, मोनिका व संजू समेत कॉलेज की सैकड़ों छात्राएं व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भारतीय रिजर्व बैंक ने आम जनता को जागरूक करने के लिए ग्राम नलिनी में शिविर का किया आयोजन



**कुलभूषण वर्मा**

**पंजाबः** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा लोकपाल सेवा के तहत ब्लॉक सरहिंद के गांव नलिनी में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व भारतीय रिजर्व बैंक, चंडीगढ़ की सहायक महाप्रबंधक मंजीत कौर ने किया। इसमें विभिन्न गांवों से लगभग 300 लोग शामिल हुए।

इसमें भाग लिया। शामिल हुए इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक मुकेश कुमार सैनी ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत किया तथा शिविर में उपस्थित आम जनता को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति बीमा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर आर.बी.आई शिक्षा मंत्रालय की वरिष्ठ अधिकारी सुश्री मंजीत कौर ने लोगों को बैंकिंग लोकपाल सेवाओं और बैंकिंग धोखाधड़ी, ऑनलाइन/डिजिटल धोखाधड़ी आदि की रोकथाम के बारे में जागरूक किया और उनके समाधान बताए। इसके अलावा बैंकिंग व्यवहार में हो रहे तकनीकी बदलावों और सुविधाओं की जानकारी देने के लिए एक वीडियो क्लिप भी चलाई गई।

इस शिविर में विभिन्न विभागों के कई उच्च अधिकारियों ने भी भाग लिया. इनमें सुमंत कुमार मुख्य प्रबंधक और दलीप कुमार एसएलबीसी, पंजाब चंडीगढ़, गुरजिंदर सिंह और धर्मवीर सिंह जिला उद्योग केंद्र, मंडी गोबिंदगढ़, किरणदीप सिंह एन.आर. एलम, गुरबचन सिंह सरपंच नलिनी गांव, मुकेश कुमार सैनी अग्रणी जिला प्रबंधक और श्री वरिंदर नाकैब एफएलसी। वित्तीय सलाहकार आदि शामिल हुए।

## एक नजर

# कुशीनगर में ग्रामीणों ने तालाब की सफाई ना होने पर खुद चलाया सफाई अभियान



**श्रवण कुमार**

**उत्तर प्रदेशः** कुशीनगर विकासखण्ड सुकरौली के ग्राम सभा पैकौली लाला में ग्रामीणों ने तालाब की सफाई ना होने के कारण सड़क पर जलजमाव की समस्या से निजात पाने के लिए खुद ही सफाई की। लोगों का आरोप है कि, पोखरी की चारो तरफ हुए अतिक्रमण के कारण जल की निकासी नहीं हो पाती है, जिससे बरसात आते ही गांव के मस्जिद के पास मुख्य मार्ग पर जलजमाव हो जाता है। जिससे राहगीरों तथा ग्रामीणों को काफी दिक्कत होती है।

इसी से निजात पाने के लिए ग्रामीणों ने खुद नालियों की सफाई की। बताते चलें कि इस गांव की आबादी करीब तीन हजार हैं। गांव में एक सफाई कर्मचारी की तैनाती हैं। गांव में सफाई व्यवस्था ध्वस्त है। इससे जगह-जगह कूड़े का ढेर है और नालियां जाम हो गई हैं। गांव के सहादत हुसैन, सरताज आलम, अलाउद्दीन, वशीर, इकबाल, भिखारी, मजनू, सुक्खन, अनिल, बित्तन अमीर आदि ने आरोप लगाया कि कि कई बार इसकी शिकायत अधिकारियों से की गई पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे परेशान होकर गांव के लोगों ने शनिवार को नालियां और कचरे की सफाई किया।

इस सम्बंध में एडीओ पंचायत रामाशीष गौतम ने कहा कि मामला संज्ञान में है। मेरे द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। मौके पर जल्द ही सफाई कराई जाएगी।

# अखिल भारतीय प्रधान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी का नरसिंह बगीची भूतेश्वर चौराहे एवम कान्हा की नगरी मथुरा पर हुआ आगमन



**बसंत कुमार**

रविवार को अखिल भारतीय प्रधान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी का नरसिंह बगीची भूतेश्वर चौराहे एवम कान्हा की नगरी मथुरा पर आगमन हुआ जिसमें अखिल भारतीय प्रधान संगठन मथुरा के समस्त ब्लॉकों से निम्न प्रधान साथी उपस्थित रहे। जिन्होंने अपनी मांगे राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष रखी आखिल भारतीय प्रधान संगठन की कार्यकारणी घोषित की सगठन एवम आज की सभा के अध्यक्ष पंडित राजेश पहलवान आगरा मंडल अध्यक्ष ने की जिसमें अखिल भारतीय प्रधान संगठन का जिलाध्यक्ष पण्डित ओम प्रकाश प्रधान गंगरौली ब्लॉक चौमूहा को नियुक्त किया गया।

मूलचंद सिसोदिया को जिला प्रभारी और नीरज सोलंकी को जिला संयोजक नियुक्त किया गया और साथ में रहे सभी ब्लॉकों के प्रधान रूपचंद प्रधान अस्तौली निहाल सिंह, प्रधान अकबरपुर रूप सिंह, प्रधान अगर याला हुकम सिंह, प्रधान जावली, मोहित प्रधान, बिडावली कमल सिंह, प्रधान नंदगांव नागोड़ा धर्मवीर सिंह, प्रधान खिरारी देवेंद्र सिंह, प्रधान गुडेरा सुरेश प्रधान, बिलोड़ा इंद्रजीत प्रधान, बाजना योगेश चौधरी, प्रधान भधाल सुंदर मूलचंद, सिसोदिया प्रधान संजय धनगर, प्रधान बाटी देवी सिंह, प्रधान स्यारहा देवराज सिंह, प्रधान हुसैनी रूप सिंह, प्रधान वसई एवं प्रदेश उपाध्यक्ष योगेंद्र गोतम एवं अलीगढ़ मंडल के अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

# लुधियाना फोकल प्वाइंट धागा फैक्टरी से धागा चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



**विनोद कुमार कुंद्रा**

लुधियाना फोकल प्वाइंट धागा फैक्टरी से धागा चोरी करने वाले तीन आरोपियों को थाना फोकल प्वाइंट की पुलिस ने गिरफ्तार किया। दो आरोपी फैक्टरी के ही वर्कर थे आरोपियों के कब्जे से 250 किलोग्राम धागा व इस्तेमाल की गईं महिंद्रा गाड़ी बरामद की गई है। आरोपियों की पहचान मुंडियां खुर्द जमालपुर निवासी बाबू राज, जीवन, नगर निवासी पंकज व राकेश राज के रूप में हुई है।

फैक्टरी के हॉल में पड़े धागे के 20 डिब्बे चोरी हुए थे हर डिब्बे में 50 किलोग्राम धागा था। इस बारे में पुलिस को सूचित किया गया था जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। तफ्तीश के दौरान पुलिस ने आरोपियों को काबू किया इंचार्ज अमनदीप बराड़ ने बताया कि आरोपी बाबू राज ने फैक्टरी वर्कर पंकज और राकेश राज के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था।

उन लोगों ने महिंद्रा गाड़ी फैक्टरी की दीवार के साथ लगाई और दीवार फांदकर 20 डिब्बे चोरी कर ले गऐ पुलिस हिरासत में है। थाना फोकल प्वाइंट के इंचार्ज अमनदीप बराड़ ने बताया कि आरोपी बाबू राज पर पहले भी चोरी का मामला दर्ज है , जबकि बाकी दो आरोपियों का कोई अपराधिक रिकॉर्ड नहीं है फेस -8 स्थित लक्ष्मी प्रोसैसिंग प्राइवेट लिमिटिड के मालिक चैतन्य डावर ने पुलिस को शिकायत दी।

# दिल्ली में होगा 'स्टार ब्रिलियंस अवार्ड और दूसरा ज्योतिषीय शिखर सम्मेलन' का आयोजन

**एनसीआर समाचार**

इन्फिनिटी फाइव 6 अगस्त, 2023 को दिल्ली में होने वाले एक आकर्षक और ज्ञानवर्धक ज्योतिष कार्यक्रम "स्टार ब्रिलिएंस अवार्ड और दूसरे ज्योतिष शिखर सम्मेलन" की घोषणा करते हुए रोमांचित है। यह घटना ज्योतिष के रहस्यों और ज्ञान की खोज करते हुए एक दिव्य यात्रा होने का वादा करती है।

"स्टार ब्रिलिएंस अवार्ड और दूसरा ज्योतिष शिखर सम्मेलन" एक अनूठी सभा है जो ज्योतिष की प्राचीन कला और हमारे जीवन पर इसके गहरे प्रभाव का जश्न मनाती है। ज्योतिष में रुचि रखने वाले, आध्यात्मिक जिज्ञासु और जिज्ञासु दिमाग समान रूप से ब्रह्मांडीय ज्ञान की गहराई में जाने और सितारों के छिपे हुए प्रतीकवाद को उजागर करने के लिए एकत्रित होंगे।

"स्टार ब्रिलिएंस अवार्ड एवं द्वितीय ज्योतिष शिखर सम्मेलन" की मुख्य विशेषताएं शामिल हैं।

ज्ञानवर्धक वाताएँः प्रसिद्ध ज्योतिषी और विशेषज्ञ आकर्षक प्रस्तुतियों और चचाओं के माध्यम से अपनी अंतर्दृष्टि और ज्ञान साझा करेंगे। उपस्थित लोगों को जन्म कुंडली व्याख्या, ग्रह पारगमन और भविष्यवाणी तकनीकों सहित ज्योतिष के विभिन्न पहलुओं के बारे में बहुमूल्य ज्ञान प्राप्त होगा।




ज्ञानवर्धक व्याख्यान अजय भामी, सिद्धार्थ एस कुमार और पदम उपाध्याय द्वारा दिए जाएंगे।

इंटरएक्टिव कार्यशालाएँः प्रतिभागियों को इंटरएक्टिव कार्यशालाओं में शामिल होने का अवसर मिलेगा, जहाँ वे ज्योतिषीय सिद्धांतों को अपने जीवन में लागू कर सकते हैं। व्यक्तिगत अनुकूलता को समझने से लेकर कैरियर की संभावनाओं की खोज तक, ये कार्यशालाएँ आत्म-खोज और सशक्तिकरण के लिए व्यावहारिक उपकरण प्रदान करेंगी।


सेलेस्टियल नेटवर्किंगः "स्टार ब्रिलिएंस अवार्ड और दूसरा ज्योतिष शिखर सम्मेलन" ज्योतिष प्रेमियों के एक विविध समुदाय को एक साथ लाएगा, जो नेटवर्किंग और सार्थक कनेक्शन बनाने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। उपस्थित लोगों को समान विचारधारा वाले व्यक्तियों से मिलने, अनुभव साझा करने और अपने ज्योतिषीय नेटवर्क का विस्तार करने का मौका मिलेगा।

पुरस्कार और मान्यताः कार्यक्रम में एक पुरस्कार और मान्यता शाम भी शामिल होगी जिसमें ज्योतिषियों और संबद्ध विशेषज्ञों को पेशेवर दुनिया में उनके योगदान के लिए मान्यता दी जाएगी और धन्यवाद दिया जाएगा।

"स्टार ब्रिलिएंस अवार्ड और दूसरे ज्योतिष शिखर सम्मेलन" की मेजबानी करके, हमारा उद्देश्य लोगों को ज्योतिष की आकर्षक दुनिया के बारे में प्रेरित और शिक्षित करना है। यह कार्यक्रम हमारे जीवन को आकार देने वाली ब्रह्मांडीय शक्तियों का पता लगाने और खुद की गहरी समझ हासिल करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। और ब्रह्मांड," इन्फिनिटी फाइव के लिए दीपक नामदेव ने कहा। इन्फिनिटी फाइव रीता वर्मा, डॉ. सूर्या अग्रवाल, अमीत बहल, दीपक नामदेव और सोहनी पांडे की एक नेक पहल है।

"स्टार ब्रिलिएंस अवार्ड और दूसरा ज्योतिषीय शिखर सम्मेलन" शुरूआती से लेकर अनुभवी चिकित्सकों तक, सभी स्तरों के ज्योतिष उत्साही लोगों के लिए खुला है।

## उत्तर प्रदेश से BJP राज्यसभा सांसद हरिद्वार दुबे का 74 वर्ष की उम्र में निधन



उत्तर प्रदेशः आगरा जिले में छावनी विधानसभा सीट से 2 बार विधायक रहे और वर्तमान समय के राज्यसभा सांसद हरिद्वार दुबे का आज निधन हो गया। हरिद्वार दुबे भाजपा नेता थे उनकी उम्र 74 वर्ष थी उनके निधन की सूचना पर पूरे आगरा में शोक का माहौल है।

एएनआई रिपोर्ट के मुताबिक, आगरा के रहने वाले भाजपा राज्यसभा सांसद हरिद्वार दुबे का 74 वर्ष की आयु में दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। यह जानकारी उनके बेटे प्रांशु दुबे ने शाहजहां की जानकारी के मुताबिक, हरिद्वार दुबे को अक्टूबर 2020 में भाजपा की ओर से राज्यसभा भेजा गया था। भाजपा की ओर से यह कदम पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ब्राह्मणों को अपनी तरफ करने के लिए उठाया गया था।

## पुलिस ने 24 घंटे के अंदर रेप के आरोपी को किया गिरफ्तार



**प्रभाश हिरा**

प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी रणहट थाना चलगली में अपराध क्रमांक 27/23 धारा 376, 506, 294 भादवि पंजीबद्ध किया गया एवं वरिष्ठ अधिकारियों को घटना से अवगत कराया गया। उक्त घटना को संज्ञान में लेते हुए नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह द्वारा एक टीम गठित कर आरोपियों की गिरफ्तारी के आदेश प्राप्त होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील नायक एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन में एक टीम का गठन किया गया। अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक झा को आरोपी का पता लगाने के लिए भेजा गया है।

आरोपी राजेंद्र सिंह पिता स्वर्गीय हरिकेश दूल्हा उम्र 21 वर्ष साकिन गुरुमुट्ठी थाना बसंतपुर को 24 घंटे के अंदर रणहट पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी योगेन्द्र जयसवाल, प्रधान आरक्षक फूलचंद पालागे, नारद राजपूत, आरक्षक केश्वर पैकरा, अजीत केरकेट्टा, संदीप टोप्पो, महिला आरक्षक मनिया गुप्ता, महिला आरक्षक पूनम आयाम का योगदान रहा।

## दो करोड़ 82 लाख रुपए से नागाजी सरोवर का होगा जीर्णोद्धार बनेगा पर्यटक स्थल

**अजय सिंह तोमर**

पोरसा के जनक तोमर घर के आराध्य 1008 नागाजी महाराज के कर कमलों से बना पवित्र नागाजी सरोवर जिसमें कई वार मालपुआ सिके, का अब होगा जीर्णोद्धार शासन ने दो करोड़ 82 लाख रुपए की डीपीआर सांसद नरेन्द्र सिंह तोमर के प्रयासो से स्वीकृत हुई। जिससे नागाजी सरोवर एक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होगा। सीएमओ ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि 28000000 रूपए से पेपर ब्लॉक का कार्य होगा। एक घाट बनाया जाएगा, रेडस्टोन की जाली लगाई जाएगी, रेडस्टोन बिछाया जाएगा। दो प्लेगस्टोन भी लगाए जाएंगे एवं पूर्णता उसे पर्यटक स्थल का रूप दिया जाएगा।



संबद्ध 1450 में नागाजी महाराज के कर कमलों से इस सरोवर का निर्माण हुआ था जो 11 बीघा जमीन में बनाया गया था इस सरोवर को ग्रहण 1975 में लगा जब ग्राम पंचायत ने शहर की गंदे पानी की नालियों का मुख नागाजी सरोवर में मोड़ दिया था। समाजसेवियों के द्वारा लगातार बिरोध प्रयास करने पर गंदे पानी की नालियों का पानी बंद हुआ, उसके बाद समाजसेवियों के अथक प्रयास से बराबर नगरपालिका जो 1982 में स्थापित हुई। उससे इसके जीर्णोद्धार की मांग बराबर जारी रही। इसके पीछे भूख हड़ताल तक भी हुई तब अब जाकर उसकी डीपीआर नगरपालिका ने बनवाई, जो भोपाल में स्वीकृत हुई, अब उसका निर्माण कार्य नगरपालिका कराएगी। इस बार बेहतर सरोवर की गरिमा के अनुसार इस सरोवर में स्नान करने से असाध्य से असाध्य रोग भी ठीक हुआ करते थे, आज भी इसकी आस्था बरकरार है, बाहर से आने वाले भक्त आज भी इस सरोवर पर नव मस्तक होते हैं, नागाजी सरोवर परिक्रमा भक्त मंडल के द्वारा प्रतिवर्ष धनतेरस को दीपदान समारोह का आयोजन भी किया जाता है।

इस सरोवर की धार्मिक मान्यताएं उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश राजस्थान दिल्ली आदि में फैली हुई है इस सरोवर से कई सैकड़ा कोढ़ रोग से पीड़ित लोगों के कोढ ठीक हो चुके हैं। शासन जिस हिसाब से इस सरोवर का निर्माण करा रहा है वह भक्तों को पसंद नहीं आ रहा है। भक्तों से हुई बात की बात ज्ञात हुआ कि सरोवर की अंदर की बाउंड्री पर पुल बनाया जाए तथा मध्य सरोवर में भगवान भोलेनाथ की एक बड़ी मूर्ति स्थापित की जाए। जिससे इसकी धार्मिक मान्यता बरकरार रहेगी, अभी सरोवर का निर्माण कार्य शुरू हुआ है यदि शासन चाहे तो इसे बदल के पर्यटक स्थल के रूप में विकसित हो सकता है।

## स्वास्थ्य विभाग ने कोटपा एक्ट के बारे में किया जागरूक

**कुलभूषण वर्मा**

पंजाब में सिविल सर्जन डॉ. देविंदरजीत कौर के निर्देशानुसार जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवजोत कौर के नेतृत्व में सरहिंद शहर में दुकानदारों को कोटपा एक्ट के बारे में जागरूक किया गया और उल्लंघन करने वालों पर जुमार्ना लगाया गया। अधिनियम का इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवजोत कौर ने बताया कि, तंबाकू के खिलाफ जागरूकता के लिए डॉ. नवनीत कौर, एएमओ नरिंदर सिंह और एसआई इंद्रजीत सिंह और जगरूप सिंह की टीम आज सरहिंद शहर बाजार में स्थित है।

वहीं कमेटी पार्क के पास आम जनता व दुकानदारों को तंबाकू के दुष्प्रभाव व कोटपा एक्ट के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि, चेकिंग के दौरान तंबाकू नियंत्रण अधिनियम का उल्लंघन करने वाले 5 दुकानदारों पर जुमार्ना लगाया गया। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति खाने-पीने की वस्तुओं के साथ-साथ तंबाकू बेचकर कोटपा का उल्लंघन करता है और ऐसा करता है तो विभाग द्वारा समय-समय पर जांच कर उनका चालान किया जाता है।



उन्होंने कहा कि, तंबाकू स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, इसके सेवन से मुंह, गले और फेफड़े का कैंसर होने का खतरा रहता है। तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम के अनुसार शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध है।

## 8वीं तक की कक्षाओं के लिए बढ़ा दी गई छुट्टियां, 3 जुलाई से खुलेंगे स्कूल

**एनसीआर समाचार**

उत्तर प्रदेश शिक्षा विभाग ने बड़ा फैसला लिया हैं। यूपी के सभी जिलों में कक्षा आठ तक के बच्चों की गर्मी की छुट्टी एक बार फिर बढ़ा दी गई है। अब 27 जून की बजाय तीन जुलाई से स्कूल खुलेंगे। पहले स्कूलों में 15 जून तक छुट्टी थी। इसके बाद 25 जून तक इसे बढ़ा दिया गया। रविवार को एक बार फिर छुट्टी को बढ़ाने का फैसला लिया गया। अब दो जुलाई तक स्कूलों में छुट्टी रहेगी। तीन जुलाई से सभी स्कूल खुलेंगे। आदेश के अनुसार सरकारी के साथ ही मान्यता प्राप्त स्कूलों के लिए निर्देश का पालन करना आवश्यक होगा। वाराणसी के बेसिक शिक्षाधिकारी डॉ. अरविंद पाठक ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से सूचना मिलने के बाद शिक्षकों और बच्चों को गर्मी की छुट्टी बढ़कर दो जुलाई तक होने की सूचना दे दी गई है।

# कुशीनगर में 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना' अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**श्रवण कुमार**

**उत्तर प्रदेशः** कुशीनगर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत बुद्धा पार्क रवींद्र नगर धूस जिला मुख्यालय पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद कुशीनगर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत कुल 196 जोड़े की शादी हुई जिसमे 24 अल्पसंख्यक जोड़ो का निकाह हुआ। उक्त वैवाहिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत प्रति जोड़ा खर्च हेतु निर्धारित धनराशि 51 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें 35 हजार रुपए की धनराशि कन्या के खाते में अंतरित की जाएगी। 10 हजार रुपए की वैवाहिक सामग्री तथा कार्यक्रम के आयोजन हेतु 6 हजार रुपए की धनराशि खर्च की गई है। कार्यक्रम की शुरूआत सांसद विजय कुमार दुबे, जनप्रतिनिधिगण, द्वारा दीप प्रज्वल्लन कर किया गया।



कार्यक्रम स्थल पर मंत्रोच्चारण व श्लोक व अन्य वैवाहिक संस्कारो के माध्यम से विधिवत सामूहिक विवाह करवाया गया। ने एक दूसरे को माला पहनाई तथा फेरे लगाए, वहीं अल्पसंख्यक वर्ग की शादियां भी विधिपूर्वक सम्पन्न की गई। उक्त अवसर पर सांसद ने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम का प्रतिवर्ष आयोजन किया जाता है तथा मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि, महिला सशक्तिकरण के कार्य को निरंतर आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत मिशन शक्ति, कन्या सुमंगला व अन्य विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। इस आयोजन को एक पुनीत आयोजन बताते हुए सांसद ने आयोजन को सफल बनाए जाने हेतु सभी विभागीय अधिकारियों को बधाई दी।

उन्होंने जनपद कुशीनगर के लिए एक शुभ संयोग बताते हुए कहा सामूहिक विवाह योजना के पुनीत आयोजन में सभी जोड़ों को आशीर्वाद व सुख समृद्धि व उन्नति के लिए उन्होनें ईश्वर से किया और सभी दंपतियों को इस बात के लिए आश्वासन दिया कि आगे वैवाहिक जीवन में कभी किसी प्रकार की समस्या या कठिनाइयों का सामना करना पड़े तो वे उनकी समस्याओं का निराकरण करने में हमेशा आगे रहेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक उपमा पांडेय ने सभी नव दम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए ईश्वर से प्रार्थना की गई कि आप सभी सदैव आगे बढ़ते रहें, नया जीवन सुखमय / मंगलमय हो।

उक्त कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ों को प्रतीकात्मक रूप से विवाह के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नव दंपत्तियों को एक एक पौधा भी प्रदान किया गया, तथा 35 हजार रुपए के प्रतीकात्मक चेक भी दिया गया। सभी नव दंपतियों को उपस्थित जनप्रतिनिधिगणो, द्वारा आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस अवसर पर विधायक पडरौना मनीष जयसवाल, विधायक फाजिलनगर सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, विधायक तमकुहीराज डॉ. असीम राय, हाटा मोहन वर्मा, रामकोला विनय गौंड, जिलाध्यक्ष भाजपा प्रेमचन्द्र मिश्र, दर्जा प्राप्त मंत्री राजेश्वर सिंह, कॉपरेटिव चेयरमैन लल्लन मिश्र, सांसद देवरिया प्रतिनिधि राधेश्याम पांडेय, पड़रौना न०पा० अध्यक्ष विनय कुमार जायसवाल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक उपमा पांडेय, मार्कण्डेय शाही, जिला समाज कल्याण अधिकारी विपिन पांडेय, उपायुक्त मनरेगा राकेश कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सहित अन्य अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सोनमर्ग में पिकनिक पर गए स्कूली बच्चे की डूबने से मौत

**प्रवेज अहमद हजम**

**श्रीनगर।** पिकनिक पर गए बारामूला के एक स्कूली लड़के की 24 जून शनिवार को मध्य कश्मीर गांदरबल जिले के सोनमर्ग इलाके में डूबने से मौत हो गई। स्कूल के साथ पिकनिक पर गया पब्लिक स्कूल बारामूला का छात्र नहाते समय सिंध नदी में डूब गया।

उन्होंने कहा कि लड़के की पहचान शोएब फारूक चाची (14) पुत्र फारूक अहमद चाची निवासी चंदौसा बारामूला के रूप में हुई है, जिसे पीएचसी सोनमर्ग ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

### बिपरजोए चक्रवात से क्षेत्र में गिरे बिजली 10 दिन से नही हुए सही



**विक्रम कुमार मेघवाल**

**जालौरः** जालौर जिले के जसवंतपुरा उपखंड क्षेत्र के डोरडा Gss से बिजली सप्लायर से आगे दो गावों में सप्लाई होने वाली बिजली सप्लाई बंद। राजस्थान में कुस दिन पूर्व बिपरजोय चक्रवात तूफानी हवा एवं भारी बरसात से बिजली के पोल गिरे थे यह चक्रवात दिन पूर्व आया है।

लेकिन अभी तक दो गावों बिजली आपूर्ति बाधित है। बिजली विभाग की इस लापरवाही को क्या कहा जाए। भारी गर्मी में बिजली के ना होने से पशुओं को पानी पिलाने के लिए भी नही एवम आमजन को कड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हालांकि ग्रामीणों द्वारा पैसे एकत्रित कर बिजली पोल को ठीक करवाने के अपील करने पर एक दिन पहले काम चालू किया गया है।

### बरसात से गलियों में भरा पानी ग्रामीण हुए परेशान



**अजय सिंह तोमर**

बरसात से ग्रामीणों की ज्यादातर गलियों में पानी भरा लोग हुए परेशान ग्रामीणों में नहीं है। कोई बड़ा नाला पानी नहीं निकलने पानी से लोग होते हैं परेशान ग्राम पंचायत कीचौल आज दोपहर 1:30 कोई बारिश से ग्रामीण की ज्यादातर गलियों में हुई परेशानी या निकलने की ग्रामीण नहीं औरैया सुनवाई जिससे हर बरसात मैं समस्या आती रहती है। यहा परिजनों बनी रहती है अभी तक यहां पर कोई सुनवाई नहीं हुई है।

इस ग्राम पंचायत कीचौल मैं सरकारी तालाब बना हुआ है इस तालाब का कोई साफ सफाई नहीं हुई है यहा पर इस तालाब की होगा या फिर सफाई की जाए और यहां पर नाला निर्माण किया जाए ताकि इस तालाब का पानी निकलने का कारण बना रहे यहां पर ग्रामीणों या फिर राहगीरों को परेशानियां का कारण बना रहता है। यहां पर पक्की आरसीसी रोड बनी हुई है एसआरजीसी रोड पर बरसात के मौसम मैं पानी भरा रहता है ग्रामीणों का कहना है कि इसकी जल्द से जल्द सुनवाई की जाए।

### नगरपालिका सभागार चेयरपर्सन डॉक्टर इरा श्रीवास्तव ने अधिशासी अधिकारी संजय कुमार व स्वास्थ्य टीम के साथ संचारी जनित रोगों की रोकथाम हेतु की बैठक




**अशोक कुमार**

लखीमपुर खीरी, नगरपालिका सभागार चेयरपर्सन डॉक्टर इरा श्रीवास्तव ने अधिशासी अधिकारी संजय कुमार व स्वास्थ्य टीम के साथ संचारी जनित रोगों की रोकथाम हेतु बैठक की। बैठक में उपस्थित सभासदगण को अपने-अपने वार्डों में वृहद स्तर पर साफ-सफाई के साथ एंटी लारवा दवा का छिड़काव समय से कराया जाए। संचारी जनित रोगों की रोकथाम हेतु नगर वासियों को जागरूक किया जाए। कार्यक्रम में मोहल्ला निगरानी समितियों का पुनर्गठन फागिंग स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार किया जाए।

### रेखा बहन देंगी प्रवचन ग्रामीणों को वृक्षारोपण और नशा मुक्ति का देंगी संदेश

**अजय सिंह तोमर**



पोरसा, आज रविवार को बीके रेखा बहन ककनामठ, मितावली, पडावली,बटेश्वर में ग्रामीणों को वृक्षारोपण करने व नशा छोड़ने तथा घर की रसोई घर की दवा खाने के बारे में तथा योग प्राणायाम के बारे में विस्तार से बताएंगीं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राकेश रुस्तम सिंह उद्योगपति रहेंगे। संचालन देवेंद्र सिंह हर्षाना करेंगे तथा व्यवस्था संजय सिंह कौरव सरपंच ग्राम पंचायत मितावली देखेंगे,वह अध्यक्षता बीजेपी नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता करेंगे। इसमें पोरसा से लगभग आधा सैकड़ा से अधिक भक्त एक गाड़ी से जाएंगे। इस कार्यक्रम में भक्तों को भिन्न- भिन्न तरीके की जानकारियां प्रदान की जाएगी एवं अंत में भोजन प्रसादी भी प्रदान की जाएगी।

## एक नजर

### गुरुग्राम पुलिस ने ठक्अ के इनामी गैंगस्टर संदीप को किया गिरफ्तार




**एनसीआर समाचार**

राजधानी दिल्ली के निकटवर्ती क्षेत्र गुरुग्राम की पुलिस ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी NIA द्वारा एक लाख के इनामी गैंगस्टर संदीप उर्फ बंदर को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक, गुरुग्राम पुलिस जल्द ही इस मामले में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, ठक्अ ने संदीप का नाम हरियाणा के वंचित गैंगस्टरों की सूची में डाल दिया था। वह काफी समय से ही फरार चल रहा था, जिसके बाद उस पर इनाम रखा गया था। गुरुग्राम की नाहरपुर का रहने वाला बताया जा रहा है।

पिछले एक साल से ठक्अ गैंगस्टरों और आतंकवादियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्यवाही कर रही है और पंजाब हरियाणा राजस्थान यूपी समेत कई जगहों पर छापेमारी करके यंगस्टर्स को गिरफ्तार किया गया है।

### जनता की प्यास बुझाने वाले खुद नहीं बुझा पाए, अपने प्लांट की आग कहीं रची गई साजिश तो नहीं



**विजय**

लाबरिया, सरदारपुर तहसील के ग्राम लाबरिया में जैसा कि रात्रि से लगातार 6 घंटे से हो रही बारिश में लाबरिया नल जल योजना के वाटर प्लांट पर रखे पाइप पर आग लगना कहीं ना कहीं ठेकेदार पर लापरवाही का संकेत जाता नजर आ रहा है। वहीं आसपास की जनता का कहना है कि लगातार 6 घंटे की बारिश के बाद आग लगना कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार छुपाने के लिए रची गई साजिश तो नहीं वही गुप्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कहना है कि यह आग छोटी सी लगी थी।

जिस पर आंख पर समय रहते काबू पाते तो आग पर काबू पाया जा सकता था। वही पब्लिक का कहना है कि कहीं आग लगाई तो नहीं जिससे अपनी काली करतूतें इस काले धुवे के साथ छिपा सके वही एक तरफ आग लगी थी। पब्लिक बुझाने की कोशिश में लगी वही ठेकेदार पटेल साहब द्वारा मोबाइल से वीडियो बनाते दिखे जैसे कोई तमाशा चल रहा है। अगर इस वाटर प्लांट को लेकर कहीं भ्रष्टाचार के मामले पूर्व में खबरों के माध्यम से बताए गए अगर इस पर क्षेत्र के आला अधिकारी बारीकी से जांच की जाए तो कई भ्रष्टाचार सामने आ सकते हैं।

### खानपुर राजकीय प्राथमिक विद्यालय को क्रमोन्नत कराने की लगाई गुहार



**प्रवीन कुमार बेरवा**

सालोदिया सेवा समिति खानपुर बड़ौदा के तत्वाधान में राजकीय प्राथमिक विद्यालय जाटव बस्ती खानपुर बड़ौदा को राजकीय उच्च प्राथमिक में क्रमोन्नत करने हेतु गंगापुर सिटी विधायक एवं मुख्यमंत्री के सलाहकार रामकेश मीना को ज्ञापन सौंपा गया। विद्यालय माध्यमिक विद्यालय हिंडौन रोड ओवर ब्रिज के पास खानपुर बड़ौदा जाटव-बेरवा बस्ती के सभी साथियों ने विधायक से राजकीय प्राथमिक विद्यालय को क्रमोन्नत कराने की गुहार लगाई है।

### असम के मुख्यमंत्री और मंत्री अशोक सिंघल का पुतला जलाने को लेकर युवा कांग्रेस और एनएसयूआई की पुलिस के बीच झड़प



**सचिन्द्र शर्मा**

युवा कांग्रेस अध्यक्ष नासिर उद्दीन और एनएसयूआई कार्यकर्ता शुभजीत चक्रवर्ती ने 23 जून (शुक्रवार) को करीमगंज जिला कांग्रेस कार्यालय के सामने परिसीमन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकताओं ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर असम राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा और शहरी विकास मंत्री अशोक सिंघल का पुतला जलाया। परिसीमन की मसौदा सूची के प्रकाशन के बाद बराक घाटी समेत करीमगंज जिले में तनाव जारी है।

युवा कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकताओं ने बराक घाटी में दो विधानसभा सीटों के हस्तांतरण सहित विधानसभा और लोकसभा सीटों के उथल-पुथल पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बाद में उन्होंने पत्रकारों से मुखातिब होकर प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा, हम सब मिलकर जन आंदोलन करेंगे। यह अस्तित्व के संकट की लड़ाई है। अगर सरकार हमारी बात नहीं सुनेगी तो हम और मजबूती से आंदोलन जारी रखेंगे।

### कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति ने राज्यपाल से की भेंट

**युधिष्ठिर राणा**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से आज यहां राज भवन में चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर के कुलपति डॉ. एच.के. चौधरी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की गतिविधियों से भी अवगत करवाया।

# राज्यपाल ने प्रो-बॉक्सिंग टूर्नामैंट का किया शुभारम्भ

**युधिष्ठिर राणा**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज यहां अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग ऑगेर्नाइजेशन, हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित एक दिवसीय प्रो-बॉक्सिंग टूनार्मैंट का शुभारम्भ किया। यह प्रतियोगिता प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह की स्मृति में उनकी जयंती पर आयोजित की गई।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वर्गीय वीरभद्र सिंह ने अपना सम्पूर्ण जीवन प्रदेश के विकास के लिए समर्पित किया है। राज्य में विकास के लिए उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजनों से जहां प्रदेश के नवोदित बॉक्सिंग खिलाड़ियों को मंच प्राप्त होगा, वहीं अन्य युवा भी इस खेल के प्रति आकर्षित होंगे। उन्होंने कहा कि मुक्केबाजी एक ऐसा खेल है जिसमें शारीरिक व मानसिक दृढ़ता के साथ कौशल भी जरूरी है। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे हार-जीत की सोच से आगे बढ़ते हुए खेल भावना के साथ अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करें।




राज्यपाल ने कहा कि मोबाइल व इंटरनैट के इस दौर में दैनिक क्रियाकलापों की कमी व बढ़ती सुख सुविधाओं से समाज में शारीरिक गतिविधियों में एक ठहराव सा आ गया है। खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने से युवाओं को नशे से दूर रखने में भी सहायता मिलती है। उन्होंने प्रदेश में ड्रग्स व अन्य नशीले पदार्थों के सेवन के खिलाफ एक बड़ी मुहिम चलाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इसमें समाज के प्रत्येक वर्ग व समुदाय को सहयोग करना चाहिए।

शुक्ल ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रोत्साहन एवं निरंतर प्रेरणा से भारतीय खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। खेलों को ग्रामीण स्तर तक बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत खिलाड़ियों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भी खेलों के विकास के लिए सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं।

राज्यपाल ने वियतनाम व पंजाब के मुक्केबाजों के मध्य आयोजित बॉक्सिंग टूनार्मेंट का पहला मैच भी देखा। उन्होंने पंजाब टीम के विजेता लवप्रीत सिंह को सम्मानित किया।

इस प्रतियोगिता में खेलो इंडिया के स्वर्ण पदक विजेता सक्षम ठाकुर सहित रूस, वियतनाम, फिलीपींस और दक्षिण कोरिया के मुक्केबाजों ने भी भाग लिया।

इस अवसर पर हिमाचल पुलिस ऑरकेस्ट्रा ह्यहॉर्मनी ऑफ दि पाइन्सह्न ने देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर लोक निर्माण व युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने राज्यपाल का स्वागत करते हुए आधुनिक हिमाचल के निर्माण के लिए पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल में खेलों को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठा रही है।

इस अवसर पर सांसद एवं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा, विधायक इंद्र दत्त लखनपाल तथा हरीश जनारथा, नगर निगम की उप-महापौर उमा कौशल, प्रो बॉक्सिंग संघ हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष मोहिन्द्र सिंह सतान, वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## ख्वाजा साहब पर अभद्र टिप्पणी करने वाले के खिलाफ मुस्लिम समुदाय ने अजमेर जिला कलेक्टर को सोपा ज्ञापन

**मोहम्मद नवाज खान**

अजमेर जिला कॉलक्टर मेडम भारती दीक्षित को आज ललित सिंह मुक्तावत द्वारा ख्वाजा गरीब नवाज की शान में अभद्र टिप्पणियां किए जाने एवं सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने, पर कानूनी कार्यवाही कर मुकदमा दर्ज करने बाबत सादर निवेदन है कि पिछले कुछ समय से एक विशेष कम्युनिटी को टारगेट किया जा रहा है और समय-समय पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा धार्मिक भावनाओं को भड़काने एवं ठेस लगाकर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयत्न किया जा रहा है।



उक्त क्रम में ललित सिंह मुक्तावत नामक व्यक्ति जो तालेड़ा बाईपास गांव जिला बूंदी का रहने वाला है ने ख्वाजा गरीब नवाज की शान में गुस्ताखी करके धार्मिक भावनाओं को भड़काने एवं गंगा जमुनी तहजीब के प्रतीक माने जाने वाले ख्वाजा गरीब नवाज पर अभद्र व असामाजिक व असंवैधानिक टिप्पणियां करके माहौल को बिगाड़ने का काम किया है साथ ही अपने व्हाट्सएप ग्रुप में राजनीतिक टिप्पणी कर के भड़काऊ भाषण के रूप में ड्राफ्टिंग करके पूरे राज्य एवं देश का माहौल बिगाड़ने का प्रयत्न किया है।

जिसके कारण संपूर्ण मुस्लिम समुदाय के साथ-साथ सभी धर्मों के लोगों में रोष है अतः आप से निवेदन है कि ललित सिंह मुक्तावत को तुरंत प्रभाव से गिरफ्तार करके उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करके सख्त से सख्त सजा दिलवाई ताकि भविष्य में ऐसे असामाजिक तत्व, समाज एवं देश का माहौल बिगाड़ ना पाएं और कानून का खौफ इस तरह के कांड करने वाले व्यक्तियों के दिलों में बना रहे और देश में शांति व्यवस्था बनी रहे धन्यवाद ज्ञापन देने वालो में फारुख खान दौराई, तौफीक खान,तोसिफ अहमद,तोहसिन खान,अमान खान,फैजान खान,मोसिन रंगरेज,नियाज खान और साथी भाई मौजूद रहे।

## गाजियाबाद की युवती ने की सोशल मीडिया के जरिए बिहार के युवक से ठगी

**मनजीत कुमार**

यह मामला बिहार के पटना का है। इस मामले को सुनने के बाद आप हैरान हो जाएंगे। बता दें कि, बिहार पटना के रहने वाले मंजीत कुमार ने गाजियाबाद के खोड़ा कॉलोनी की एक युवती और उसके पूरे परिवार पर ऑनलाइन ठगी का आरोप लगाया है।

बिहार के पीड़ित युवक का कहना है कि, आरोपी कोमल जोशी पिता चंद्रा दत्त जोशी जो वंदना विहार खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद की रहने वाली है। उन्होंने ऑनलाइन सोशल मीडिया के जरिए कुछ अश्लील वीडियो बनाकर और तस्वीरें खींचकर उन्हें परेशान किया और उनसे लगभग 13 लाख रुपए तक की ठगी की।

पीड़ित मनजीत कुमार का आरोप है कि, जब उन्होंने उनसे पैसों की मांग की तो पहले तो आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया, फिर ब्लॉक कर दिया और उसके बाद पीड़ित पर झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया।



इन सब से तंग आकर बिहार के पीड़ित युवक मनजीत कुमार ने मीडिया का सहारा लिया और आरोपी द्वारा किए गए ठग को पूरी दुनिया के सामने उजागर करना शुरू किया।

पीड़ित मनजीत कुमार का कहना है कि, जब उन्होंने मीडिया का सहारा लेकर आरोपी कोमल जोशी उनके पति और पूरे परिवार के बारे में जानकारियां मीडिया में दी तो अब आरोपी ने पीड़ित मंजीत को अनब्लॉक करके उनसे बातचीत करनी शुरू कर दी है।

## औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में ट्रैफिक चेकिंग के दौरान कांगड़ा के एक व्यक्ति की मौत, 2 पुलिस कर्मियों को निलंबित

**विपुल**




औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में ट्रैफिक चेकिंग के दौरान कांगड़ा के एक व्यक्ति की मौत के मामले में बद्दी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस संदर्भ में आईपीसी 304 के तहत एफआईआर दर्ज की है। दर्ज की गई थी और इसके साथ ही एएसपी बद्दी रमेश शर्मा की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया गया था और मौके पर ही 2 पुलिस कर्मियों को निलंबित कर विभागीय जांच बैठा दी गई थी और जांच अभी भी सुचारू रूप से चल रही है लेकिन इसके बावजूद भी इस घटना की सूचना मिली है। मीलों दूर बैठे एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया के माध्यम से बिना तथ्य के आरोप लगाए हैं। बिना किसी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के मौत का कारण सिर में चोट लगना बताया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। सूत्रों के मुताबिक, सीसीटीवी में मृत व्यक्ति के साथ किसी तरह की मारपीट की कोई फुटेज नहीं मिली है। वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने भी ऐसी किसी घटना से इनकार किया है. हालांकि इस मामले में दूसरे पार्टनर के तथाकथित आरोपों पर भी सवाल उठ रहे हैं.

## मुख्यमंत्री ने की माँ शूलिनी मेले को राष्ट्र स्तरीय दर्जा प्रदान करने की घोषणा

**युधिष्ठिर राणा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार सायं सोलन में राज्य स्तरीय माँ शूलिनी मेले का शुभारम्भ किया। प्रदेशवासियों को मेले की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने माँ शूलिनी मेले को अगले वर्ष से राष्ट्र स्तरीय मेले के रूप में आयोजित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि है और यहां के लोगों की देवी-देवताओं में गहरी आस्था है।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस वित्त वर्ष के लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट में समाज के सभी वर्गों की आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए इसमें समृद्ध हिमाचल की परिकल्पना की गई है और यह आत्मनिर्भर हिमाचल की झलक



भी पेश करता है। उन्होंने कहा कि आर्थिक चुनौतियों के बावजूद सरकार अगले चार वर्षों के भीतर राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, हिमाचल प्रदेश परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और दो से तीन वर्ष के भीतर सरकार की कल्याणकारी नीतियां धरातल पर उतरेंगी। मुख्यमंत्री ने शूलिनी माता की पूजा-अर्चना कर उन्हें नमन किया और राज्य की शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने माँ शूलिनी मंदिर की वेबसाइट भी लॉन्च की और स्मारिका का विमोचन किया।

इससे पहले, ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोलन में 3.15 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित सैनिक विश्राम गृह का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री के सोलन आगमन पर लोग भारी उत्साह के साथ उनकी एक झलक पाने के लिए सोलन माल रोड पर एकत्रित हुए। लोगों ने मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी भी ली। उपायुक्त एवं माँ शूलिनी मेला समिति के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने मुख्यमंत्री को हिमाचली शॉल और टोपी भेंट कर सम्मानित किया। पहली सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी गायक जस्सी गिल ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, मुख्य संसदीय सचिव चौधरी राम कुमार और संजय अवस्थी, विधायक विनोद सुल्तानपुरी और सुदर्शन बबलू, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा, मुख्यमंत्री

## शिमला में यातायात सुव्यवस्थित करने के लिए 100 करोड़ रुपये की योजना - हिमाचल प्रदेश मुख्यमंत्री

**युधिष्ठिर राणा**

देश की ग्रीष्मकालीन राजधानी रहा शिमला शहर आज भी पर्यटकों को बड़ी संख्या में अपनी ओर आकर्षित करता है। देश-विदेश से हर वर्ष लाखों की संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं। इनकी बढ़ती संख्या के अनुरूप शहर में सड़क अधोसंरचना और अन्य सुविधाएं प्रदान करने पर वर्तमान प्रदेश सरकार विशेष ध्यान केन्द्रित कर रही है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि शिमला शहर में सर्कुलर रोड पर वाहनों की भीड़-भाड़ कम करने और पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टि से 100 करोड़ रुपये की व्यापक योजना तैयार की गई है। इस योजना का उद्देश्य शहर में बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ-साथ पर्यटकों एवं आंगतुकों को आवाजाही की निर्बाध सुविधा प्रदान करना है।

इस योजना के तहत आवंटित धनराशि में से लगभग 77 करोड़ रुपये भूमि एवं



निजी ढांचागत निमार्णों इत्यादि के अधिग्रहण पर खर्च किए जाएंगे, जबकि 20 करोड़ रुपये का प्रावधान सड़कों के विकास और विस्तारीकरण के लिए किया गया है। इसके अतिरिक्त, मेट्रोपोल से प्रदेश उच्च न्यायालय जंक्शन तक फ्लाईओवर के निर्माण के लिए 3.50 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग को इस कार्य में तेजी लाने और समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विश्व-विख्यात पर्यटन स्थल शिमला पहुंचने वाले पर्यटकों तथा स्थानीय लोगों को सुविधाएं प्रदान करने पर प्रदेश सरकार विशेष बल दे रही है। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग को इस संबंध में सर्वेक्षण करने तथा संकरे एवं तंग स्थलों की पहचान कर एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा गया है।

उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए 97 करोड़ रुपये की राशि जारी कर दी गई है और आवश्यकता अनुसार राज्य सरकार अतिरिक्त धनराशि भी उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने कहा कि शिमला शहर में पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए विभिन्न पार्किंग स्थल भी विकसित किए जाएंगे।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल में पर्यटन उद्योग के विकास के लिए अनुकूल नीतिगत बदलावों एवं पर्यटन मित्र दृष्टिकोण से कार्य कर रही है साथ ही, पर्यटकों को अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करने की दिशा में भी तत्परता के साथ कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अनछुए पर्यटन स्थलों को विकसित करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। कांगड़ा घाटी को राज्य की पर्यटन राजधानी घोषित किया गया है और यहां बुनियादी ढांचे के विकास के लिए लगभग 3000 करोड़ रुपये की योजना तैयार की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था में पर्यटन की महत्त्वपूर्ण भूमिका है और प्रदेश सरकार हिमाचल में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के दृष्टिगत विभिन्न सुविधाओं का विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि मई, 2023 तक प्रदेश में लगभग 72 लाख पर्यटक पहुंचे और प्रदेश सरकार ने आने वाले पांच वर्षों में पर्यटकों की इस संख्या को पांच करोड़ तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार एक नई पर्यटन नीति भी लाएगी जिससे पर्यटन क्षेत्र को और बढ़ावा मिलेगा।पर उपस्थित थे।

## संपादकीय

# दोस्ती के साथ तोहमतें भी

राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रधानमंत्री मोदी के द्विपक्षीय संवाद के बाद भारत की लगभग तमाम मुरादों और अपेक्षाएं सम्पन्न हो गईं। साझा बयान और सहमति-पत्रों पर हस्ताक्षर से यह स्पष्ट है। लड़ाकू विमान के इंजन एफ-414, विनाशक ड्रोन, सेमीकंडक्टर, घातक मिसाइल, तोप, राइफल आदि अस्त्रों और रक्षा उपकरणों का उत्पादन अब भारत में होगा। हमारी कंपनियां उत्पादन करेंगी। अमरीका ने प्रौद्योगिकी साझा करने के करारों पर भी दस्तखत किए हैं। इसरो-नासा संयुक्त अंतरिक्ष मिशन के जरिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक जाएंगे। मानव को अंतरिक्ष में ले जाने की रणनीति पर भी दोनों संगठन विमर्श करेंगे। माइक्रोन कंपनी 22,500 करोड़ रुपए की लागत से प्लांट लगाएगी और सेमीकंडक्टर असेंबली पर 6500 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। सेमीकंडक्टर से ही जुड़ी एक और विख्यात कंपनी देश में 60,000 इंजीनियरों को प्रशिक्षित करेगी और फिर रोजगार देगी। कमोबेश अब हमें सेमीकंडक्टर चिप्स के लिए चीन, सिंगापुर पर आश्रित नहीं रहना पड़ेगा। 5-जी और 6-जी प्रौद्योगिकी में भी अमरीकी सहयोग और क्वांटम समन्वय करार भी किया गया है। जिस अमरीका ने 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान भारत को जीपीएफ डाटा देने से इंकार कर दिया था, वही अमरीका आज भारत के साथ विविध स्तर की साझेदारी के करार करने को उतावला है। जाहिर है कि भारत बहुत बदला है। वैसे अमरीकी राष्ट्रपति तब भी और आज भी डेमोक्रेटिक पार्टी के रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के राजकीय प्रवास के दौरान भारत की झोली खूब भरी गई, लेकिन डेमोक्रेटिक पार्टी के ही पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने एक सवालिया तोहमत लगाते हुए कहा है कि राष्ट्रपति बाइडेन को प्रधानमंत्री मोदी से, भारत में अल्पसंख्यक मुसलमानों की सुरक्षा और आसन्न संकटों पर, सवाल जरूर करना चाहिए। बराक ने साक्षात्कार में यह भी साफ किया है कि यदि वह आज अमरीका के राष्ट्रपति होते, तो भारतीय प्रधानमंत्री से यह सवाल जरूर करते। बराक ओबामा राष्ट्रपति रहे हैं और बाइडेन 8 सालों तक उनके उपराष्ट्रपति थे। जब प्रधानमंत्री मोदी ने अमरीका का दौरा किया था और पहली बार अमरीकी संसद को संबोधित किया था, तब बराक ही राष्ट्रपति थे। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ओबामा को कई मौकों पर अपना 'मित्र' भी घोषित किया था। बराक ओबामा ने यह सवाल तब क्यों नहीं उठाया? यही नहीं, अमरीका के 75 सांसदों ने राष्ट्रपति बाइडेन को पत्र लिख कर आग्रह भी किया था कि प्रधानमंत्री मोदी से भारत में धार्मिक असहिष्णुता, राजनीतिक अंकुश, अभिव्यक्ति की कम आजादी, असुरक्षित अल्पसंख्यक, मानवाधिकार हनन, लोकतंत्र-संविधान पर संकट, इंटरनेट प्रतिबंध आदि पर सवाल पूछे जाने चाहिए।

# बिखरते कुनबे से कमजोर होता एनडीए

> कभी देश के अधिकांश बड़े दल एनडीए का हिस्सा होते थे। मगर आज स्थिति उसके उलट हो गई है। अब एनडीए नाम मात्र का रह गया है। 1998 में कांग्रेस से मुकाबला करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस विरोधी राजनीतिक दलों को एक छतरी के नीचे लाने के लिए अटल बिहारी बाजपेई की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का गठन किया था। जॉर्ज फर्नांडिस को इसका संयोजक बनाया गया था।

-रमेश सर्राफ धमोरा-

कहने को तो केंद्र में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की सरकार चल रही है। मगर सरकार में शामिल दलों की सूची देखें तो एनडीए के नाम पर इक्का-दुक्का छोटे दलों को छोड़कर कोई भी बड़ी पार्टी केंद्र सरकार में शामिल नहीं है। कभी देश के अधिकांश बड़े दल एनडीए का हिस्सा होते थे। मगर आज स्थिति उसके उलट हो गई है। अब एनडीए नाम मात्र का रह गया है। 1998 में कांग्रेस से मुकाबला करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस विरोधी राजनीतिक दलों को एक छतरी के नीचे लाने के लिए अटल बिहारी बाजपेई की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का गठन किया था। जॉर्ज फर्नांडिस को इसका संयोजक बनाया गया था। 1998 के लोकसभा चुनाव से पूर्व गठित एनडीए में शामिल 16 दलों ने मिलकर चुनाव लड़ा और केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में सरकार बना ली थी। जो मात्र एक साल बाद ही अन्नाद्रमुक के समर्थन वापस लेने से गिर गई थी। 1999 में फिर अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी जो 2004 तक चली थी। गठन के समय एनडीए में छोटे-बड़े कुल 16 राजनीतिक दल शामिल थे। 1999 के चुनाव में 21 दल, 2004 में 12 दल, 2009 में 8 दल, 2014 में 23 दल व 2019 में 20 राजनीतिक दल एनडीए में शामिल होकर एक साथ चुनाव लड़े थे।

मगर अब एनडीए की स्थिति बहुत कमजोर हो गई है। एनडीए में शामिल अधिकांश बड़े राजनीतिक दल भाजपा से गठबंधन तोड़ कर अलग हो गए हैं। वर्तमान समय में एनडीए में छोटे बड़े मिलाकर कुल 13 राजनीतिक पार्टियां शामिल हैं। जिस में भी बहुत सी पार्टियां नाम मात्र की ही है। एनडीए के कुनबे की बात करें तो इसमें भाजपा के अलावा अपना दल (सोनेलाल),



ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन, नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी, मिजो नेशनल फ्रंट, नागा पीपुल्स फ्रंट, लोक जनशक्ति पार्टी, शिवसेन (शिंदे), सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा, अखिल भारतीय एनआर कांग्रेस, अन्नाद्रमुक, पीएमके, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) जैसी पार्टियां शामिल है।

2019 के लोकसभा चुनाव के बाद शिरोमणि अकाली दल, जनता दल (यूनाइटेड), शिवसेना, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी जैसे कई दलों ने भाजपा का साथ छोड़ दिया है। एनडीए छोड़ने वाले सभी दलों ने भाजपा नेतृत्व पर आरोप लगाया कि वह अपनी मनमानी करता है। एनडीए गठबंधन नाम मात्र का रह गया है। सारे फैसले भाजपा नेतृत्व ही करता है। 2019 में शिवसेना ने एनडीए में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। मगर बाद में राज्य विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री के पद को लेकर विवाद होने के बाद शिवसेना ने एनडीए छोड़कर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी व कांग्रेस के साथ मिलकर महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी बनाकर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में सरकार बना ली। हालांकि भाजपा ने शिवसेना में ही फूट डलवा कर एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनवा दिया। इसी तरह बिहार में मुकेश साहनी की वीआईपी पार्टी के तीनों विधायकों को तोड़कर भाजपा में विलय करा लिया। उत्तर प्रदेश में भी ओमप्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी एनडीए से बाहर निकल गई थी।

कभी तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की द्रुमक, उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की बीजू जनता दल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस, तेलुगू देशम पार्टी, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा की जनता दल (सेकुलर), तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की तेलंगाना राष्ट्र समिति, बिहार में उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक समता पार्टी, हरियाणा जनहित कांग्रेस, तमिलनाडु की डीएमडीके, पीएमके, महाराष्ट्र का स्वाभिमानी पक्ष, बिहार में जीतन राम मांझी की हम पार्टी एनडीए का हिस्सा थी। आज ये सभी पार्टियां भाजपा से दूर जा चुकी है। शिरोमणि अकाली दल और राजस्थान की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी तो किसान आंदोलन के दौरान केंद्र सरकार की नीतियों से खफा होकर एनडीए को छोड़ा था। शिरोमणि अकाली दल की नेता हरसिमरन कौर ने केंद्रीय मंत्री का पद भी छोड़ दिया था। उसके बाद पंजाब में हुए विधानसभा के चुनाव में भी भाजपा व शिरोमणि अकाली दल ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था। 2019 में राजस्थान की नागौर सीट हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को देकर भाजपा ने उससे समझौता किया था। मगर अब हनुमान बेनीवाल भी अपनी एकला चलो की नीति पर काम कर रहे हैं। वह राजस्थान में खुलकर भाजपा के खिलाफ बोल रहे हैं और भाजपा को उखाड़ने में लगे हैं। वर्तमान में देश के दस प्रदेशों में भाजपा के मुख्यमंत्री हैं व 5 प्रदेशों में भाजपा नीत गठबंधन के मुख्यमंत्री शासन कर रहे हैं। वही देश के चार प्रदेशों में कांग्रेस व 3 प्रदेशों में कांग्रेस यूपीए गठबंधन के मुख्यमंत्री शासन कर रहे हैं।

अरुणाचल प्रदेश, असम, गुजरात, गोवा, हरियाणा, मध्य प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में भाजपा के मुख्यमंत्री हैं। वही सिक्किम में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के प्रेम सिंह तमांग, नागालैंड में नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के नेफ्यू रियो, मेघालय में नेशनल पीपुल्स पार्टी के कानराड संगमा, महाराष्ट्र में शिवसेना (शिंदे) गुट के एकनाथ शिंदे, पुडुचेरी में अखिल भारतीय एनआर कांग्रेस के एन रंगास्वामी मुख्यमंत्री है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को हरियाणा में बहुमत नहीं मिलने पर वहां जननायक जनता पार्टी के दुष्यंत चौटाला को उपमुख्यमंत्री तथा कुछ निर्दलीय विधायकों को मंत्री बनाया गया था। उत्तर प्रदेश में अपना दल व निषाद पार्टी के विधायक भी मंत्रिमंडल में शामिल है। असम में असम गण परिषद व यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल सरकार में शामिल है। गोवा में भाजपा को पिछले विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत नहीं मिला था इस कारण वहां महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी व निर्दलीयों के सहारे से भाजपा की सरकार चल रही है। त्रिपुरा में इंडिजिनियस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा का एकमात्र विधायक शुक्ला चरण नोएतिया भी सरकार में शामिल है।

# लोकसभा चुनाव से पूर्व विपक्षी दलों की एकता बैठक

-डॉ. भरत मिश्र प्राची-

बिहार में राजग से अलग हुये जदयू नेता एवं बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार बहुत दिनों से विपक्षी एकता के प्रयास में लगे हुये थे जिसके तहत देश के सभी विपक्षी राजनीतिक दलों के सुप्रीमों से अलग - अलग मिलकर एकजूट करने के क्रम में लगातार बने रहे और अंत में इस प्रयास में सफल रहे। जिसके चलते 23 जून को सुबह 11.30 बजे मुख्यमंत्री आवास पटना बिहार में लोकसभा 2024 चुनाव से पूर्व साझा कार्यक्रम को लेकर पिपक्षी राजनीतिक दलों की एकता बैठक होने जा रही है। जिसमें कांग्रेस से वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी, आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, झारखंड के मुख्यमंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रमुख एवं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, सपा सुप्रीमो एवं उ.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं शिवसेना उद्धव गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे, एनसीपी सुप्रीमो शरद पंवार, नेशनल कांफ्रेस नेता फारूक अब्बदुला, पीडीपी सुप्रीमो महबुबा मुफ्ति, लेफट सुप्रीमो सीताराम येचुरी एवं डी राजा, जदयू एवं राजद के प्रमुख नेता शामिल हो रहे है।



इस बैठक में दलित राजनीति से जुडी बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो एवं उ. प्र. की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को नहीं बुलाया गया है। इस बैठक में उड़िसा के मुख्य मंत्री एवं बिजु जनता दल सुप्रीमो नवीन पटनायक एवं तेलगू राज्य के मुख्यमंत्री तेलगू टीडीपी सुप्रीमो के. चन्द्रशेखर राव नहीं शामिल है। इस बैठक में महागठबंधन में शामिल एचएएम एस सुप्रीमो जीतन राम मांझी को भी नहीं बुलाया गया है जो महागठबंधन छोड राजग में जाने की तैयारी कर रहे है। वर्तमान बिहार सरकार में मंत्री रहे जीतन राम मांझी के बेटे संतोष सुमन ने कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया है।

चुनावी परिप्रेक्ष्य में बुलायी गई विपक्षी राजनीतिक दलों की एकता बैठक काफी महत्वपूर्ण है जिसमें कई विचार धारा के राजनीतिक दल शामिल हो रहे है। जिनके आपसी मतभेद समय - समय पर उभरकर सामने आते रहे है। जहां अस्तित्व को बचाये रखने का भी प्रश्न सामने है। लोकसभा चुनाव 2024 ,से पहले देश में इसी वर्ष राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलगाना, मिजोरम, में विधानसभा चुनाव होने वाले है। आगमी वर्ष के प्रारम्भ में लोकसभा से पूर्व या लोकसभा के साथ आंध्र प्रदेश, अरूणाचल ,सिक्किम और ओड़िसा के भी विधानसभा चुनाव होने वाले है। जहां केन्द्र की सत्ता पक्ष राजनीतिक दल के साथ देश के अन्य विपक्षी दलों भी चुनाव में आमने सामने होंगे। जहां सभी की नजर सत्ता की ओर केन्द्रीत है। इस दिशा में पक्ष एवं विपक्ष दोनों एक दूसरे को टक्कर देने की रणनीति बनाने में सक्रिय हो चले है। जहां सभी अपने अपने समर्थित राजनीतिक दलों को एक करने में जुटे हुये है। आगामी चुनावों के परिद्दश्य को सामने रखकर बैठक में किस तरह चर्चा हो पाती है। आपसी समजंस्य कितना उपस्थित राजनीतिक दलों में स्थपित हो पाता है जहां बैठक से पूर्व ही विपक्षी एकता बैठक में शामिल होने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो केजरीवाल ने बैठक में सबसे पहले दिल्ली में केन्द्र सरकार द्वारा लाये अध्यादेश पर चर्चा करने की बात कर बैठक को नया स्वरूप दे दिया है जिसका प्रतिकूल प्रभाव एकता बैठक पर पड़ सकता है । इस दिशा में केजरीवसल के प्रस्ताव पर विपक्षी दलों की एकता बैठक में शामिल राजनीतिक दलों का क्या रूख रहेगा यह तो बैठक उपरान्त ही मालूम हो पायेगा।

# क्या ममता पर लगे आरोप पचा पाएगा विपक्ष

-योगेंद्र योगी-

जोर-शोर से विपक्षी एकता की कवायद में जुटी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता को सुप्रीम कोर्ट ने तगड़ा झटका दिया है। पंचायत चुनाव से पहले हो रही हिंसा को लेकर केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ तौर पर कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले में दखल देने से मना कर दिया है। इस मुद्दे पर ममता सरकार की याचिका खारिज कर दी। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार पर लोकतंत्र को खतरे में डालने की दुहाई देने वाले विपक्षी दलों के लिए चुनावी हिंसा पर ममता के खिलाफ दिए इस फैसले को पचाना आसान नहीं होगा। ममता बनर्जी को मिली इस शिकस्त को विपक्षी दलों की एकता के प्रयासों को तगड़ा झटका लगना निश्चित है। भाजपा इस मामले को विपक्षी दलों के खिलाफ भुनाए बगैर नहीं रहेगी। भाजपा भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर पहले ही विपक्षी दलों पर हमलावर रही है। अब चुनाव जीतने के लिए हिंसा का सहारा लेने के आरोप का मौका ममता बनर्जी ने भाजपा को दे दिया। सुप्रीम कोर्ट ने जो तल्ख टिप्पणी की है वह भी विपक्षाी दलों के लिए परेशानी का सबब बनेगी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि चुनाव के बीच जो हिंसा हो रही है वो सही नहीं है। निष्पक्ष रूप से चुनाव कराना ही लोकतंत्र की पहचान है। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल का चुनाव आयोग और ममता सरकार दोनों ने ही हाई कोर्ट के फैसले पर ऐतराज जताया था। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों से ये सवाल भी किया है कि जब आप अपने पड़ोसी राज्यों से फोर्स मांग रहे हैं तो फिर आपको केंद्रीय सुरक्षा बलों से क्या परेशानी है। ममता बनर्जी के वर्ष 2011 से सत्ता में आने के बाद पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा का तांडव जारी है। तत्कालीन वाम मोर्चा सरकार के दौरान हिंसा की पीड़ा झेल चुकी ममता बनर्जी की सरकार भी चुनावी हिंसा को लेकर लगातार कटघरे में है। विगत विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद पश्चिम बंगाल के अलग-अलग हिस्सों में 12 लोग मारे गए थे।

ऐसी चुनावी हिंसा के लिए कभी बिहार और उत्तर प्रदेश बदनाम थे। टीएन शेषन के मुख्य चुनाव आयुक्त बनने के बाद इन दोनों राज्यों में चुनावी हिंसा पर काफी हद तक लगाम लगी थी। दूसरे शब्दों में कहें तो शेषन ने अपने मजबूत इरादों से देश में चुनावी हिंसा को लगभग इतिहास का विषय बना दिया। इसके बावजूद पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा का दौर खत्म नहीं हो सका। पश्चिम बंगाल में चाहे पंचायत चुनाव हों या फिर लोकसभा या विधानसभा चुनाव, यहां हिंसा अपरिहार्य बन चुकी है। नेशनल क्राइम रिकाड्र्स ब्यूरो (एनसीआरबी) ने 2018 की अपनी रिपोर्ट में कहा था कि देश में होने वाली 54 राजनीतिक हत्याओं के मामलों में से 12 बंगाल से जुड़े थे। उसी साल केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार को जो एडवाइजरी भेजी थी, उसमें कहा गया था कि पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा में 96 हत्याएं हुई हैं और लगातार होने वाली हिंसा गंभीर चिंता का विषय है। उस रिपोर्ट में कहा गया था कि वर्ष 1999 से 2016 के बीच पश्चिम बंगाल में हर साल औसतन 20 राजनीतिक हत्याएं हुई हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2018 के पंचायत चुनाव के दौरान 23 राजनीतिक हत्याएं हुई थीं। वर्ष 1998 में ममता बनर्जी की ओर से टीएमसी के गठन के बाद वर्चस्व की लड़ाई ने हिंसा का नया दौर शुरू किया। उसी साल हुए पंचायत चुनावों के दौरान कई इलाकों में भारी हिंसा हुई। ममता बनर्जी सरकार सिर्फ चुनावी हिंसा ही नहीं बल्कि भ्रष्टाचार और राज्य में हुए गंभीर अपराधों के आरोपों से भी घिरी रही है। देश में पश्चिम बंगाल एकमात्र ऐसा राज्य है जहां एनआईए सर्वाधिक मामलों की जांच कर रही है। इनमें सांसद अर्जुन सिंह के घर बम विस्फोट कांड, मोमिनपुर हिंसा के दो मामले, बीरभूम में 81 हजार जिलेटिन की छड़ें बरामद होने का मामला, रामनवमी में हिंसा के 6 मामले, लश्कर आतंकवादी तान्या परवीन का मामला (लंबित मुकदमा), जेएमबी के कई मामले, खजूर ब्लास्ट केस, भूपतिनगर विस्फोट मामला, नैहाटी विस्फोट कांड, मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में स्कूल के पास बम धमाका, मालदा के टोटो में धमाका और छत्रधर महतो मामले का कोर्ट में ट्रायल चल रहा है। ईडी के पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग भर्ती घोटाले के संबंध में एक्शन से टीएमसी कार्यकताओं के एक कथित नेटवर्क का पदार्फाश हुआ। कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग को स्कूलों में ग्रुप सी के पदों पर कार्यरत 785 लोगों की भर्ती को रद्द करने के निर्देश दिए थे। वामपंथियों के 34 साल के राज को खत्म कर 2011 में बंगाल की सत्ता पाने वाली ममता बनर्जी के करीब 25 विधायक ईडी और सीबीआई के राडार पर हैं। इनमें तृणमूल के वरिष्ठ नेता भी शामिल हैं।

पार्टी के लिए वर्ष 2017 में कोलकाता हाईकोर्ट में वकील बिप्लव रॉय चौधरी ने जनहित याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि 2011 से 2016 के बीच तृणमूल के 19 विधायकों की प्रॉपर्टी बेहिसाब बढ़ी। इसकी जांच होनी चाहिए। इनमें ममता के सबसे खास कहे जाने वाले और कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम का नाम भी है। बिप्लव रॉय चौधरी की याचिका का 5 साल से निपटारा नहीं हुआ। पार्थ चटर्जी की सहयोगी अर्पिता मुखर्जी के पास से 50 करोड़ रुपए और 5 किलो सोना मिलने के बाद चौधरी फिर हाईकोर्ट पहुंच गए। उन्होंने हाईकोर्ट में पार्थ से मिले कैश के विजुअल्स दिखाए और कहा कि 19 विधायकों की प्रॉपर्टी की जांच भी जल्दी होनी चाहिए। बंगाल में शिक्षक भर्ती, कोयला व मवेशी तस्करी कांड के बाद लाटरी का घोटाला भी सामने आ चुका है। इसके तार दूसरे घोटालों से जुड़े बताए जा रहे हैं। दरअसल यह घोटाला करने का नया तरीका है। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय में तृणमूल के कई नेताओं व उनके रिश्तेदारों को भारी-भरकम रकम वाली लाटरी लगी है।

## कर्म, भाग्य और जीवन

-पीके खुराना-

हमारा अज्ञान हमसे कैसे-कैसे अन्याय करवा लेता है, इसकी कहानी बहुत अजीब है। अभी हाल ही में मुझे समझ आया कि खुद मैं कितना अज्ञानी था और इस अज्ञान से प्रभावित मेरी सोच कितनी दूषित थी। हम सफलता की कहानियां पढ़ते हैं और उनसे सीखने की कोशिश करते हैं। हम असफलता की कहानियां पढ़ते हैं और असफल लोगों द्वारा की गई गलतियों का विश्लेषण करते हैं तथा उन गलतियों से बचने की कोशिश करते हैं। जो आदमी सफल हो जाता है उसके बारे में हम मान लेते हैं कि उसने अनुभव से या प्रशिक्षण के माध्यम से सही फैसला लेने की तकनीक सीख ली है और जो व्यक्ति असफल हो जाता है उसके बारे में हम धारणा बना लेते हैं कि उसमें अनुशासन की कमी थी, लोगों से व्यवहार सही नहीं था, और उसने अहंकारवश गलत फैसले लिए, वगैरहए वगैरह। लेकिन अगर और बारीकी में जाएं तो हमें समझ आ जाता है कि हमारी धारणा पूर्वाग्रह ग्रसित थी। दरअसल हर सफलता और असफलता में मेहनत, कौशल, अनुशासन, निरंतरता और भाग्य की भूमिका होती है। समस्या यह है कि यह सुनिश्चित कर पाना संभव नहीं है कि इसमें भाग्य की भूमिका कितनी बड़ी है। कभी-कभी तो यह लगता है कि एक विशेष संयोग ही किसी खास सफलता या असफलता का कारण बना। आइए, इसे कुछ उदाहरणों से समझने की कोशिश करते हैं। हम बिल गेट्स की सफलता की कहानियां पढ़ते हैं, उनकी समृद्धि के चर्चे सुनते हैं और सुनाते हैं। पर क्या हमने उनके जीवन वृत्त को समग्रता में समझने की कोशिश की है? संयुक्त राष्ट्र संघ के आंकड़ों के मुताबिक सन् 1968 में विश्व भर में हाई स्कूल की उम्र के बच्चों की संख्या सवा तीस करोड़ के आसपास थी। इनमें से लगभग एक करोड़ अस्सी लाख बच्चे अमेरिका में रहते थे। इनमें से भी लगभग पौने तीन लाख बच्चे वाशिंगटन राज्य में रहते थे। इन बच्चों में से एक लाख बच्चे सियेटल क्षेत्र के निवासी थे।

इन एक लाख बच्चों में से 300 बच्चे लेकसाइड स्कूल के विद्यार्थी थे। लेकसाइड स्कूल उस समय विश्व का अकेला ऐसा स्कूल था जिसके पास कंप्यूटर भी था और लेकसाइड स्कूल के विद्यार्थी के रूप में बिल गेट्स को कंप्यूटर चलाना सीखने और कंप्यूटर का प्रयोग करने की सुविधा उपलब्ध थी। यह सुविधा हाई स्कूल जाने की उम्र के सवा तीस करोड़ बच्चों में से केवल 300 बच्चों को उपलब्ध थी और बिल गेट्स उनमें से एक थे। क्या यह भाग्य नहीं है? सन् 2005 में अपने स्कूल के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खुद बिल गेट्स ने स्वीकार किया कि अगर लेकसाइड स्कूल न होता तो माइक्रोसॉफ्ट भी न होती। माइक्रोसॉफ्ट की स्थापना में ही नहीं, उसके सह-संस्थापकों के चुनाव में भी भाग्य की भूमिका रही है। स्कूल में केंट इवान्स और बिल गेट्स पक्के दोस्त थे। दोनों को स्कूल का कंप्यूटर उपलब्ध था। दोनों दोस्त कंप्यूटर के दीवाने थे और कंप्यूटर के प्रयोग में सिद्धहस्त थे। केंट इवान्स और बिल गेट्स में गहरी छनती थी और दोनों घंटों बतियाते रहते थे।

दुर्भाग्यवश पर्वतारोहण के एक कार्यक्रम में केंट इवान्स की मृत्यु हो गई, वरना माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापकों में बिल गेट्स और पॉल एलेन के अलावा केंट इवान्स का भी नाम होता। भाग्य ने केंट से यह अवसर छीन लिया। हां, यह किस्मत ही थी, और आज हम यह समझने की कोशिश करेंगे कि किस्मत बनती कैसे है? किसी व्यक्ति की सफलता और असफलता में भाग्य की भी भूमिका होती ही है, पर उसका अनुपात क्या था, इसे तय करना हमारे लिए मुमकिन नहीं है। अक्सर हम बाकी सारे घटकों को जानते हैं, उनका विश्लेषण करते हैं, पर उसमें शामिल भाग्य की भूमिका के बारे में नहीं सोचते।

जब कोई दूसरा व्यक्ति सफल होता है तो इसका श्रेय हम उसकी मेहनत, अनुशासन और योग्यता को देते हैं, लेकिन जब खुद हम किसी काम में असफल हो जाते हैं तो हम सारा दोष भाग्य को देते हैं, संयोगों को देते हैं। ऐसे बहुत से उदाहरण हैं कि दो लोगों ने एक सरीखा निर्णय किया और भाग्य ने एक को सफल बना दिया जबकि दूसरा उसी सफलता के लिए तरसता रह गया। मेहनत और योग्यता के बावजूद कोई व्यक्ति असफल हो सकता है और मेहनत तथा योग्यता के साथ भाग्य के साथ के कारण कोई व्यक्ति सफल हो सकता है। मैं मेहनत और योग्यता की भूमिका पर सवाल नहीं उठा रहा। मैं बस यह कह रहा हूं कि इसमें भाग्य की भूमिका को भी कम करके न आंका जाए। मैं ऐसा क्यों कह रहा हूं? मैं भाग्य की भूमिका की वकालत क्यों किए जा रहा हूं?

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार
प्रात: 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अत: भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# भारत और अमेरिका डब्ल्यूटीओ में अपने छह व्यापार विवादों को समाप्त करने पर सहमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और अमेरिका विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में अपने छह व्यापार विवादों को समाप्त करने पर सहमत हो गए हैं। नयी दिल्ली ने बादाम, अखरोट और सेब जैसे 28 अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी सीमा शुल्क भी हटाने का फैसला किया है। राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा के बीच यह कदम उठाया गया है। 2018 में अमेरिका ने राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर कुछ इस्पात और एल्यूमीनियम उत्पादों पर क्रमशः 25 प्रतिशत और 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया था। इसके जवाब में भारत ने जून 2019 में काबुली चना, दाल, बादाम, अखरोट, सेब, बोरिक एसिड और डायग्नोस्टिक अभिकर्मकों समेत 28 अमेरिकी उत्पादों पर सीमा शुल्क लगा दिया था।

संयुक्त राज्य अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई ने आज घोषणा की कि संयुक्त राज्य अमेरिका और भारतीय गणराज्य विश्व व्यापार संगठन में छह बकाया विवादों को समाप्त करने के लिए सहमत हुए हैं। भारत ने इस्पात और एल्यूमीनियम पर धारा 232 राष्ट्रीय सुरक्षा उपायों के जवाब में लगाए गए जवाबी टैरिफ को हटाने पर भी सहमति व्यक्त की। इसमें कहा गया है कि इन शुल्क कटौती से अमेरिकी कृषि उत्पादकों और निर्माताओं के लिए बाजार के अवसरों को बहाल और विस्तारित किया जाएगा। ताई ने कहा, आज का समझौता हमारे आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को गहरा करने के लिए अमेरिका-भारत व्यापार नीति मंच सहित पिछले दो वर्षों में गहन द्विपक्षीय संबंधों की परिणति को दर्शाता है। हमारे काम के परिणामस्वरूप, अमेरिकी कृषि उत्पादकों और निर्माताओं को अब एक महत्वपूर्ण वैश्विक बाजार में नए सिरे से पहुंच का आनंद मिलेगा और हम अपने निकटतम भागीदारों में से एक के साथ अपने व्यापार संबंधों को मजबूत करेंगे। मैं अपने समकक्ष (भारत के वाणिज्य और उद्योग) मंत्री (पीयूष) गोयल के साथ काम करना जारी रखने के लिए उत्सुक हूं, क्योंकि हम अपने लोगों और हमारी अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाने के लिए अतिरिक्त तरीकों की पहचान करते हैं।



## वैश्विक मानदंडों से इतर कर लगाने पर डब्ल्यूटीओ में अपील का ये है प्रावधान

डब्ल्यूटीओ के नियमों के अनुसार, कोई सदस्य देश जिनेवा स्थित बहुपक्षीय निकाय में मामला दर्ज कर सकता है यदि उन्हें लगता है कि कोई विशेष व्यापार उपाय विश्व निकाय के मानदंडों के खिलाफ है। द्विपक्षीय परामर्श किसी विवाद को हल करने के लिए पहला कदम है। यदि दोनों पक्ष परामर्श के माध्यम से मामले को हल करने में सक्षम नहीं हैं, तो दोनों में से कोई भी विवाद निपटान के लिए बने पैनल से संपर्क कर सकता है। पैनल के फैसले या रिपोर्ट को डब्ल्यूटीओ के अपीलीय निकाय की ओर से चुनौती दी जा सकती है। दिलचस्प बात यह है कि अपीलीय निकाय अपने सदस्यों को नियुक्त करने के लिए सदस्य देशों के बीच मतभेदों के कारण काम नहीं कर रहा है। इस निकाय के साथ पहले से ही कई विवाद लंबित हैं। अमेरिका सदस्यों की नियुक्ति को रोकता रहा है।

## छह विवादों में तीन अमेरिका तो तीन भारत की ओर से शुरू किए गए थे

इन छह विवादों में तीन भारत और इतने ही विवाद अमेरिका की ओर से शुरू किए गए हैं। इनमें भारत के कुछ हॉट रोल्ड कार्बन स्टील फ्लैट उत्पादों पर काउंटरवेलिंग उपाय, सौर सेल और मॉड्यूल से संबंधित कुछ उपाय, नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित उपाय, निर्यात से संबंधित उपाय, इस्पात और एल्यूमीनियम उत्पादों पर कुछ उपाय और अमेरिका के कुछ उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क शामिल हैं। व्यापार विशेषज्ञों के अनुसार, दोनों देश पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर विवादों को हल कर सकते हैं और बाद में जिनेवा स्थित डब्ल्यूटीओ को इसके बारे में सूचित कर सकते हैं। अमेरिका ने विभिन्न योजनाओं के तहत अपने निर्यात क्षेत्र को भारत के समर्थन उपायों के बारे में डब्ल्यूटीओ में शिकायत दर्ज कराई थी। 2019 में, एक डब्ल्यूटीओ विवाद पैनल ने फैसला सुनाया कि भारत के निर्यात उपाय वैश्विक व्यापार मानदंडों के साथ असंगत हैं। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2022-23 में द्विपक्षीय वस्तु व्यापार बढ़कर 128.8 अरब डॉलर हो गया, जो 2021-22 में 119.5 अरब डॉलर था।

## 2022 में स्विस बैंकों में भारतीयों की जमा राशि 11 प्रतिशत घटकर 30 हजार करोड़ रुपये हुई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्विस बैंकों में भारतीय व्यक्तियों और फर्मों से जमा होने वाला धन 2022 में 11 फीसदी घटकर 30,000 करोड़ रुपये (लगभग लगभग 3.42 अरब स्विस फ्रैंक (सीएचएफ)) हो गया। इसमें भारत स्थित शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से जमा की गई रकम भी शामिल है। स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक (एसएनबी) के गुरुवार को जारी डाटा से यह खुलासा हुआ है। स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों की कुल निधि में यह गिरावट, 2021 में सीएचएफ 3.83 अरब के 14 साल के उच्चतम स्तर और लगातार दो वर्षों की वृद्धि के बाद आई है। ग्राहक जमा खातों में आई 34 फीसदी की कमी बीते सात साल की उच्चतम गिरावट है। यह आंकड़ा स्विस बैंकों के एसएनबी को दिए ब्योरे पर आधारित है और इसमें स्विट्जरलैंड में भारतीयों के रखे बहुचर्चित कथित कालाधन की मात्रा की ओर संकेत नहीं किया गया है। इन आंकड़ों में वह पैसा भी शामिल नहीं है जो भारतीयों, एनआरआई या अन्य लोगों के पास तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर स्विस बैंकों में हो सकता है। एसएनबी की रिपोर्ट के मुताबिक 3.4 अरब सीएचएफ की कुल राशि 2022 के अंत में स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियां' या उनके भारतीय ग्राहकों को 'देय राशि' है। इसमें ग्राहक जमा खातों में रखा 39.4 करोड़ सीएचएफ (2021 के अंत में 60.2 करोड़ सीएचएफ से कम), अन्य बैंकों का 1.11 अरब सीएचएफ (1.225 अरब से कम) और बांड, प्रतिभूतियों और विभिन्न अन्य वित्तीय साधनों के रूप में ग्राहकों को दिया जाने वाला 1.896 अरब सीएचएफ (2021 में 2.002 अरब से कम) शामिल है।

## पीएनबी सहित 14 कंपनियां बांट रही हैं डिविडेंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप भी डिविडेंड देने वाली कंपनियों के शेयरों पर दांव लगाने की सोच रहे हैं तो आपके लिए अच्छा मौका है। आज शेयर बाजार में 12 से अधिक कंपनी एक्स-डिविडेंड ट्रेड कर रही है। इन 12 कंपनियों की लिस्ट में पंजाब नेशनल बैंक, रेमंड, टॉरेंट फार्मा और डालमिया भारत है। आइए जानते हैं कि कौन सी कंपनी कितना डिविडेंड अपने निवेशकों को दे रही है -

**1- पंजाब नेशनल बैंक :** शेयर बाजार में आज पंजाब नेशनल बैंक के शेयर एक्स-डिविडेंड स्टॉक के तौर पर ट्रेड कर रही हैं। कंपनी अपने निवेशकों 0.65 रुपये का डिविडेंड हर एक शेयर पर देने जा रही है। कंपनी ने 23 जून 2023 की तारीख को रिकॉर्ड डेट घोषित किया है।

**2- रेमंड डिविडेंड :** कंपनी ने अपने योग्य निवेशकों को 3 रुपये का डिविडेंड देने जा रही है। इसके लिए रिकॉर्ड डेट 23 जून 2023 तय की गई है। कंपनी की तरफ से योग्य निवेशकों 11 जुलाई 2023 या उसके बाद डिविडेंड का भुगतान किया जाएगा।

## सोना आज भी हुआ सस्ता, चांदी 815 रुपये हुई सस्ती



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सर्राफा बाजारों में आज सोने-चांदी के भाव में गिरावट नजर आ रही है। चांदी आज भी 815 रुपये प्रति किलो सस्ती होकर 68194 रुपये पर खुली तो 24 कैरेट सोने का भाव 274 रुपये सस्ता होकर 58380 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। अब सोना अपने ऑल टाइम हाई से 3359 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता मिल रहा है। बता दें 5 मई को सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने का हाजिर भाव ऑल टाइम हाई 61739 रुपये पर पहुंच गया था। वहीं, चांदी इस दिन 77280 रुपये प्रति किलो थी। इस दिन के रेट से चांदी करीब 9000 रुपये किलो सस्ती मिल रही है। आईबीजेए द्वारा जारी रेट के मुताबिक आज यानी शुक्रवार को 22 कैरेट सोने का भाव 53476 रुपये और 23 कैरेट गोल्ड की कीमत 58146 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। जबकि, अब 14 कैरेट सोना 34152 रुपये और 18 कैरेट सोने का भाव 43785 रुपये पर आ गया है। सोने-चांदी के ये रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन द्वारा जारी किए गए हैं। सोने-चांदी के इस रेट पर जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज नहीं लगा है।

## इरोस इंटरनेशनल पर सेबी का कड़ा एक्शन, बिखरा कंपनी का शेयर, निवेशकों में हड़कंप



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से मीडिया कंपनी इरोस इंटरनेशनल मीडिया लिमिटेड पर की गई कार्रवाई का असर शेयरों पर भी पड़ा है। ट्रेडिंग के दौरान कंपनी के शेयर में 20 प्रतिशत तक की गिरावट आई। बीएसई इंडेक्स पर शेयर की कीमत गिरकर 21.08 रुपये पर आ गई। कंपनी का मार्केट कैप 208 करोड़ रुपये है। सेबी ने रुपयों की कथित हेराफेरी के एक मामले में इरोस इंटरनेशनल मीडिया, उसके प्रवर्तकों, प्रबंध निदेशक सुनील अर्जन लुला और सीईओ प्रदीप कुमार द्विवेदी को शेयर बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। अंतरिम आदेश के मुताबिक लुला एवं द्विवेदी को इरोस या उसकी किसी सूचीबद्ध कंपनी समेत किसी भी सूचीबद्ध कंपनी में निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय पद ग्रहण करने से भी प्रतिबंधित किया गया है। इरोस इंटरनेशनल और उसके दो वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा दो प्रवर्तक इकाइयों- इरोज वर्ल्डवाइड एफजेड एलएलसी और इरोज डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड को भी सेबी ने प्रतिबंधित कर दिया है।

## देश के सबसे मूल्यवान स्टार्टअप को एक और झटका, ऑडिटर के साथ बायजू के तीन बोर्ड सदस्यों का इस्तीफा

BYJU'S

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एडटेक कंपनी बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन के साथ मतभेदों के कारण उसके बोर्ड के तीन सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया है। उधर, डेलॉय ने भी बायजू के ऑडिटर पद से कार्यकाल समाप्त होने से तीन साल पहले ही इस्तीफा दे दिया है। यह देश के सबसे मूल्यवान स्टार्टअप के लिए बड़ा झटका है। रिपोर्ट के मुताबिक, सिकोइया कैपिटल (अब पीक एक्सवी पार्टनर्स) के जीवी रविशंकर, चैन जुकरबर्ग के विवियन वू और प्रोसस के रसेल ड्रेसेनस्टॉक ने इस्तीफा दिया है। अब बोर्ड में सिर्फ बाजयू रवींद्रन, रिजू रवींद्रन व दिव्या गोकुलनाथ ही बचे हैं। हालांकि, तीनों के इस्तीफे स्वीकार नहीं किए गए हैं। वहीं, डेलॉय ने कहा कि बायजू ने पिछले वित्त वर्ष के नतीजे जारी नहीं किए। रवींद्रन बायजू को पत्र लिखने के बाद ऑडिट नहीं हुआ। इसलिए वह इस्तीफा दे रही है।

## हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर हरकत में अमेरिकी एजेंसी, 10 प्रतिशत तक लुढ़क गए अडानी ग्रुप के शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रुप की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अडानी ग्रुप के शेयर शुक्रवार को 10 पर्सेंट तक लुढ़क गए हैं। ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में यह गिरावट एक रिपोर्ट की वजह से आई है। ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद अडानी ग्रुप ने अपने अमेरिकी इनवेस्टर्स को क्या रिप्रेजेंटेशन दिया है, यूएस अथॉरिटीज इसकी जांच-पड़ताल कर रही हैं। इस बीच, दिग्गज बिजनेसमैन गौतम अडानी के अडानी ग्रुप ने इनवेस्टर्स को किसी तरह का सम्मन जारी किए जाने से जुड़ी रिपोर्ट्स को खारिज किया है। ग्रुप ने यह भी कहा है कि उसके अलग-अलग इश्यूअर्स ग्रुप इस बात को लेकर कॉन्फिडेंट हैं कि कंपनी की तरफ से जारी किए गए डिस्क्लोजर्स फुल और कंप्लीट हैं। अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर शुक्रवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 10 पर्सेंट तक लुढ़ककर 2162.85 रुपये पर पहुंच गए। वहीं, अडानी विल्मर के शेयर 3 पर्सेंट से ज्यादा गिरकर 402.40 रुपये पर पहुंच गए। अडानी पोर्ट्स के शेयर भी 3.43 पर्सेंट की गिरावट के साथ 719.90 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। अडानी पावर के शेयर 3.56 पर्सेंट की गिरावट के साथ 247.65 रुपये पर पहुंच गए हैं। अडानी ट्रांसमिशन के शेयर करीब 5 पर्सेंट की कमजोरी के साथ 768.05 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। वहीं, अडानी टोटल गैस के शेयर भी 3 पर्सेंट की गिरावट के साथ 630 रुपये पर पहुंच गए हैं।



ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, जांच-पड़ताल की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने बताया है कि न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में यूएस अटार्नी के ऑफिस ने हाल के महीनों में अडानी ग्रुप की कंपनियों में बड़ी हिस्सेदारी रखने वाले इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स को इंक्वायरीज भेजी हैं। व्यक्ति ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि इंक्वायरीज में इस इंफॉर्मेशन पर फोकस किया गया है कि अडानी ग्रुप ने इन इनवेस्टर्स को क्या बताया है। दो अन्य लोगों ने बताया कि सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन भी ऐसी ही जांच कर रहा है।

## पैसे दो, नौकरी लो... टीसीएस के जॉब स्कैम से हड़कंप, 4 अधिकारी बर्खास्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा की आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में एक जॉब स्कैम का खुलासा हुआ है। मिंट की रिपोर्ट के मुताबिक टीसीएस के कुछ वरिष्ठ अधिकारी अपने उम्मीदवारों को नौकरी देने के बदले में स्टाफिंग फर्मों से रिश्वत ले रहे थे। कंपनी में ऐसा कई साल से चल रहा है। इस स्कैम का खुलासा होने के बाद टाटा समूह की कंपनी ने त्वरित कार्रवाई भी की। कंपनी ने अपने रिसोर्स मैनेजमेंट ग्रुप (आरएमजी) से चार अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया और तीन स्टाफिंग फर्मों पर प्रतिबंध लगा दिया है।




कैसे हुआ खुलासा- एक व्हिसलब्लोअर ने टीसीएस के सीईओ और सीओओ को पत्र लिखकर जॉब स्कैम का खुलासा किया। इस पत्र में दावा किया गया कि रिसोर्स मैनेजमेंट ग्रुप के वैश्विक प्रमुख ई एस चक्रवर्ती कई सालों से स्टाफिंग फर्मों से कमीशन ले रहे हैं। इस आरोप के बाद आईटी कंपनी टीसीएस ने जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया। इस समिति में मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी अजीत मेनन भी शामिल थे। जांच के बाद टीसीएस ने अपने हायरिंग हेड को छुट्टी पर भेजने के साथ ही आरएमजी के चार अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया।

100 करोड़ रुपये की कमाई- जानकारी के मुताबिक ई एस चक्रवर्ती को कार्यालय आने से रोक दिया गया है। वहीं, डिवीजन के एक अन्य अधिकारी अरुण जीके को बर्खास्त कर दिया गया है। एक अधिकारी के मुताबिक पिछले तीन वर्षों में कंपनी ने कॉन्ट्रैक्टर सहित 3,00,000 लोगों को काम पर रखा है। उन्होंने यह भी अनुमान लगाया कि घोटाले में शामिल लोगों ने कमीशन के जरिए से कम से कम 100 करोड़ रुपये कमाए होंगे। इस बीच, टीसीएस के शेयर की बात करें तो शुक्रवार को करीब 1 प्रतिशत तक गिरकर 3209 रुपये पर आ गया।

## आइडियल फोर्ग टेक्नोलाजी आईपीओ से इंफोसिस को होगा 6 गुना फायदा, 26 जून को हो रहा है ओपन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ड्रोन बनाने वाली कंपनी आइडियल फोर्ग टेक्नोलाजी का आईपीओ 26 जून को ओपन हो रहा है। इस कंपनी के आईपीओ से इंफोसिस का तगड़ा फायदा होगा। आईपीओ आने की वजह से इंफोसिस का कंपनी में निवेश 6.3 गुना बढ़ जाएगा। आइडियल फोर्ग टेक्नोलाजी आईपीओ के जरिए इंफोसिस अपने शेयर नहीं बेचने जा रही है। बता दें, आइडियल फोर्ग टेक्नोलाजी में इंफोसिस ने 6 साल पहले इनवेस्टमेंट किया था।

दिसंबर 2016 में इंफोसिस ने ड्रोन बनाने वाली कंपनी आइडियल फोर्ग टेक्नोलाजी में निवेश किया था। तब इस स्टॉर्ट-अप के 16,47,314 शेयर यानी 4.35 प्रतिशत हिस्सेदारी को इंफोसिस ने खरीदा था। अब आइडियल फोर्ग टेक्नोलाजी का आईपीओ आ रहा है। इस आईपीओ के लिए कंपनी ने 638 से 672 रुपये का प्राइस बैंड तय किया है। बता दें, आइडियल फोर्ग टेक्नोलाजी का आईपीओ 26 जून को ओपन हो रहा है। इस साल जून में आइडियल फोर्ग टेक्नोलाजी ने इंफोसिस के सीरीज ए के 12,20,852 शेयर को 80.73 रुपये प्रति शेयर और सीरीज बी के 4,03,862 शेयर को 185.71 रुपये की दर से कन्वर्ट किया था। इस हिसाब से कुल 16,24,714 शेयर के लिए इंफोसिस ने 17.35 करोड़ रुपये खर्च किए थे। आइडियल फोर्ग टेक्नोलाजी के आईपीओ के अपर प्राइस बैंड के हिसाब से देखें तो लिस्टिंग के साथ ही इंफोसिस की इनवेस्टमेंट वैल्यू 110.15 करोड़ रुपये हो जाएगी। जिस वजह से दिग्गज आईटी कंपनी को 6.34 गुना फायदा होगा। आइडियल फोर्ग टेक्नोलाजी के आईपीओ का साइज 566 करोड़ रुपये है। आईपीओ के जरिए इकट्ठा किए गए पैसे का उपयोग कंपनी 50 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाने के लिए करेगी। वहीं, 150 करोड़ रुपये का उपयोग वर्किंग कैपिटल के तौर पर किया जाएगा। बता दें, कंपनी 40 करोड़ रुपये प्रोडक्ट डेवलपमेंट के लिए करेगी।



## 3 करोड़ के पैकेज के साथ एलपीयू ने बनाया प्लेसमेंट का एक और रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) की 2018 की कक्षा के छात्र यासिर एम. ने 3 करोड़ रुपए हासिल कर इतिहास रच दिया है। वह एआई/एमएल परियोजनाओं पर काम करेंगे, जो उद्योग में अत्यधिक प्रतिष्ठित क्षेत्र है। एलपीयू से ग्रेजुएशन करने के बाद उन्होंने कोई और डिग्री हासिल नहीं की। वह अपनी सफलता का श्रेय एलपीयू में मिले मजबूत फंडामेंटल्स को देते हैं। यह उपलब्धि एलपीयू द्वारा प्रदान की जाने वाली शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता का प्रमाण है।

यासिर की सफलता कोई अकेली सफलता नहीं है, क्योंकि एलपीयू के हजारों पूर्व छात्र भी अच्छे पैकेज पर काम कर रहे हैं। दुनिया भर की अन्य फॉर्च्यून 500 कंपनियों जैसी कंपनियों में 1 करोड़ और उससे अधिक का पैकेज पर एलपीयू के पूर्व छात्र कार्यरत हैं। एलपीयू का प्लेसमेंट डेटा अपनी स्थापना के बाद से ही शानदार रहा है, जिसमें 2000 से अधिक शीर्ष भर्ती कंपनियां विश्वविद्यालय से भर्ती करती हैं, जिनमें वे भी शामिल हैं जो आईआईटी/आईआईएम/एनआईटी जैसे प्रमुख संस्थानों से भर्ती करती हैं। यासिर ने अपनी पूरी यात्रा में उनके मार्गदर्शन और समर्थन के लिए एलपीयू के फैकल्टी और प्लेसमेंट सेल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने नौकरी के लिए अपने चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव पर विश्वविद्यालय के जोर का श्रेय दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न पाठ्येतर गतिविधियों और कार्यक्रमों की भी प्रशंसा की, जिससे उन्हें अपने व्यक्तित्व और संचार कौशल को विकसित करने में मदद मिली।




इसके अलावा, एलपीयू बी.टेक छात्र हरेकृष्ण महतो 2022 में गूगल के बैंगलोर कार्यालय में शामिल हुए, उन्हें आइएनआर 64 लाख का पैकेज मिला, जो किसी भी युवा छात्र द्वारा प्राप्त किए गए उच्चतम पैकेजों में से एक है। पिछले कुछ बैचों से, 600 से अधिक एलपीयू छात्रों को 10-63 लाख रुपये के पैकेज पर रखा गया है। बड़ी संख्या में एलपीयू छात्रों को भर्ती करने वाली शीर्ष कंपनियों में कॉग्निजेंट शामिल है, जिसने 1850+ एलपीयू छात्रों को नियुक्त किया, कैपजेमिनी ने 1400+ छात्रों को भर्ती किया, विप्रो ने 500+ को भर्ती किया, एमफैसिस ने 230+ को भर्ती किया, और हाईरेडियस ने 800+ छात्रों को नियुक्त किया, जिनमें कई अन्य उल्लेखनीय कंपनियां शामिल हैं। हाल के वर्षों में, टॉप रिक्रूटर्स द्वारा एलपीयू के छात्रों को 20,000 से अधिक प्लेसमेंट/इंटर्नशिप की पेशकश की गई है, जिसमें कई फॉर्च्यून 500 कंपनियों ने 5000 से अधिक ऑफर दिए हैं।

एलपीयू अपने उद्योग-संरेखित पाठ्यक्रम के लिए प्रसिद्ध है, जिसे हमेशा बदलते नौकरी बाजार की मांगों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। विश्वविद्यालय विभिन्न उद्योग के नेताओं के साथ सहयोग करता है और कई और छात्रों को वास्तविक दुनिया की परियोजनाओं पर काम करने और उद्योग का प्रदर्शन हासिल करने के अवसर प्रदान करते हैं। विश्वविद्यालय का 300 से अधिक शीर्ष अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ गठजोड़ भी है, जो छात्रों को विदेश में अध्ययन करने और वैश्विक परिप्रेक्ष्य हासिल करने का अवसर प्रदान करता है। एलपीयू के 2023 के लिए प्रवेश प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है और आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि जल्द ही समाप्त हो रही है।

## आनंद, यिफान ने 'गंगाज ग्रैंडमास्टर्स को 'चिंगारी गल्फ टाइटंस पर बड़ी जीत दिलाई




**दुबई, एजेंसी**

पूर्व विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद और होउ यिफान के शानदार खेल से 'गांगाज ग्रैंडमास्टर्स 'ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) में अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। 'गांगाज ग्रैंडमास्टर्स ने गुरुवार रात यहां 'चिंगारी गल्फ टाइटंस को 10-4 से हराया। दिन के एक अन्य मुकाबले में 'अपग्रेड मुंबा मास्टर्स ने 'त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स पर 8-7 से रोमांचक जीत दर्ज की।

पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए सफेद मोहरों से खेलने का फायदा उठाया और 2021 विश्व कप विजेता जान-क्रिस्तोफ डूडा को शिकस्त दी। शतरंज में पहली बार है जब पूरी टीम के मोहरों का फैसला टॉस से हुआ। इस प्रतियोगिता में सफेद मोहरों से जीत दर्ज करने पर तीन जबकि काले मोहरों से जीत दर्ज करने पर चार अंक मिलते है। आनंद की जीत के बाद चार बार की महिला विश्व चैंपियन चीन की यिफान एक अन्य पूर्व महिला विश्व चैंपियन एलेकजेंड्रा कोस्टेनीयुक को रोमांचक मुकाबले में हराकर टीम को दूसरी सफलता दिलायी। टीम के अन्य चार खिलाड़ियों के मुकाबले ड्रॉ रहे। इस दमदार प्रदर्शन के बाद आनंद ने कहा, '' मेरी टीम ने अच्छी शुरुआत की। यह नयी परिस्थितियों में खेले जाने वाला शतरंज का मुकाबला है। हम सभी यह देखने के लिए उत्सुक थे कि क्या होगा और यह कैसे होगा। यह अब तक रोमांचक साबित हुआ है। टॉस गंवा कर काले मोहरों से खेलने के बावजूद मुंबा मास्टर्स ने रूस के अलेक्जेंडर ग्रिसचुक की जीत के दम पर 'त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स के खिलाफ एक अंक से जीत हासिल की।

## टी-20 के एक मैच में बने 506 रन, चेज हुआ 250 प्लस का टारगेट



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की धरती पर खेले जा रहे विटेलिटी टी-20 ब्लास्ट टूर्नामेंट में रनों का अंबार लगा है। सरे और मिडलसेक्स के बीच खेले इस मुकाबले में फटाफट क्रिकेट की रिकॉर्ड बुक तितर-बितर हो गई है। टी-20 क्रिकेट के इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा रन चेज सफलतापूर्वक हासिल किया गया है। एक ही मैच में कुल मिलाकर 506 रन बने हैं। कहां और कैसे हुआ है यह कारनामा आइए आपको विस्तार से बताते हैं।

### सरे ने खड़ा किया 250 प्लस का टोटल

टी-20 ब्लास्ट के 100वें मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सरे की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 252 रन टांगे। टीम की तरफ से विल जैक ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 45 गेंदों पर 96 रन कूटे, तो दूसरे सलामी बल्लेबाज लॉरी इवांस ने 229 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 37 गेंदों पर 85 रन ठोके। दोनों ने पहले विकेट के लिए 12.4 ओवर में 177 रन जड़े, जिसकी बदौलत टीम पहाड़ जैसा लक्ष्य खड़ा करने में सफल रही।

### मिडलसेक्स ने चेज किया 253 का लक्ष्य

सरे ने जब स्कोर बोर्ड पर 252 रन लगाए, तो हर किसी ने टीम की जीत पक्की मान ली थी। हालांकि, किसी को भी अंदाजा नहीं था कि मिडलसेक्स के बल्लेबाज ऐसी तूफानी बल्लेबाजी करेंगे कि हर कोई मैच खत्म होने के बाद उनका कायल हो जाएगा। मिडलसेक्स को कैप्टन स्टीफन एस्किनाजी और क्रैकनेल ने विस्फोटक शुरुआत दी। पहले विकेट के लिए दोनों ने मिलकर 6.3 ओवर में ही 90 रन कूट डाले। क्रैकनेल 36 रन बनाकर आउट हुए। नए बल्लेबाज के तौर पर क्रीज पर उतरे मैक्स होल्डन ने भी शुरुआत से ही तूफानी अंदाज में बैटिंग की और 35 गेंदों में नाबाद 68 रन कूट डाले। कप्तान स्टीफन ने 39 गेंदों पर 187 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 73 रन जड़े। इस तरह टीम ने चार गेंद शेष रहते हुए टी-20 क्रिकेट के दूसरे सबसे बड़े चेज को आसानी से पूरा कर लिया।

# धोनी की कप्तानी में खिलाड़ी खुद को असुरक्षित महसूस नहीं करते थे

## अश्विन ने टीम मैनेजमेंट और रोहित पर कसा तंज, धोनी का उदाहरण देकर की खिंचाई



**नई दिल्ली , एजेंसी**

भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में 209 रन की करारी हार झेलनी पड़ी। इस हार के बाद टीम इंडिया की रणनीति पर भी काफी सवाल उठे। साथ ही टीम मैनेजमेंट, कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा पर भी निशाना साधा गया। सबसे ज्यादा आलोचना वर्ल्ड नंबर वन टेस्ट बॉलर रविचंद्रन अश्विन को नहीं खिलाने को लेकर हुई।

सुनील गावस्कर, सौरव गांगुली और रिकी पोंटिंग समेत तमाम दिग्गजों ने अश्विन को नहीं खिलाने की आलोचना की थी। अब इस मामले पर खुद अश्विन ने भी टीम मैनेजमेंट और कप्तान रोहित पर तंज कसा है और धोनी के समय से तुलना की है। अश्विन ने कहा कि जब खिलाड़ी धोनी की कप्तानी में खेलते थे, तो खिलाड़ी असुरक्षित महसूस नहीं करते थे।

अश्विन ने अपने यू-ट्यूब चैनल पर कहा- यह समझा जा सकता है कि भारत के पिछ्ले 10 वर्षों से कोई आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीतने पर लोगों के बीच गुस्सा है। मैं फैंस का इसमें समर्थन करता हूं। सोशल मीडिया पर अब यह रिएक्शन है कि इस खिलाड़ी को ड्रॉप कर देना चाहिए या उस खिलाड़ी को शामिल किया जाना चाहिए। हालांकि, किसी खिलाड़ी की क्वालिटी सिर्फ एक रात से नहीं बदल जाती।

अश्विन ने कहा- हम में से कई महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी की बात करते हैं। उन्होंने क्या किया था? उन्हें चीजों को काफी साधारण रखा था। उनकी कप्तानी के दौरान, जिसमें मैं भी खेला था, वह 15 खिलाड़ियों का स्क्वॉड चुनते थे। हर सीरीज में वह वही 15 खिलाड़ियों का स्क्वॉड चुनते थे और उसी प्लेइंग-11 के साथ सालभर मैदान में उतरते थे। टीम में सुरक्षा की भावना किसी भी खिलाड़ी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

अश्विन ने 2021-23 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल में 61 विकेट लिए थे। वह इस दौरान भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी रहे। ओवरऑल 2021-23 डब्ल्यूटीसी साइकिल की बात करें तो अश्विन ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन और दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा के बाद तीसरे स्थान पर रहे थे। ऐसे में उन्हें फाइनल में नहीं खिलाने के फैसले की खूब आलोचना हुई थी। पूर्व कप्तान गांगुली ने कहा था- अगर टीम में आपके पास अश्विन, हरभजन सिंह और अनिल कुंबले जैसा गेंदबाज हो, चाहे कंडीशन कैसी भी हो, उन्हें खिलाना जरूरी होता है।

वहीं, पूर्व महान बल्लेबाज गावस्कर ने कहा था- अगर आपके पास वर्ल्ड नंबर वन आईसीसी रैंकिंग वाला बैटर होता। अगर वह पिछ्ले कुछ समय से घास वाली पिचों पर रन नहीं बना पाया हो या स्पिन की मददगार पिच पर रन न बना पाया हो तो क्या उसे टीम से बाहर कर दिया गया होता? बिल्कुल नहीं। सिर्फ गांगुली-गावस्कर नहीं बल्कि, रिकी पोंटिंग और माइकल वॉन तक ने अश्विन को न खिलाने को भारी भूल बताया था।

# वेस्टइंडीज दौरे के लिए हुआ टीम इंडिया का ऐलान, यशस्वी और ऋतुराज की टेस्ट टीम में एंट्री

**नई दिल्ली , एजेंसी**

वेस्टइंडीज दौरे के लिए बीसीसीआई ने भारत की टेस्ट और वनडे टीम का एलान कर दिया है। यशस्वी जायसवाल और ऋ तुराज गायकवाड़ को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। वहीं, अजिंक्य रहाण को क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है।

### यशस्वी जायसवाल और रुतुराज को मिला मौका

यशस्वी जायसवाल और रुतुराज गायकवाड़ को आईपीएल 2023 में बेहतरीन प्रदर्शन का इनाम मिला है। दोनों ही खिलाड़ियों को पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। रुतुराज का प्रदर्शन इंडियन प्रीमियर लीग में बेमिसाल रहा था। चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खेलते हुए सलामी बल्लेबाज ने 16 मैचों में 147 के स्ट्राइक रेट से 590 रन कूटे थे।




वहीं, यशस्वी जायसवाल ने राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए 14 मैचों में 625 रन जड़े थे। इसके साथ ही घरेलू क्रिकेट में भी यशस्वी का बल्ला जमकर बोल रहा था, जिसके चलते उनको लगातार टीम में शामिल करने की मांग उठ रही थी। वहीं, टेस्ट टीम में लंबे समय बाद नवदीप सैनी की भी वापसी हुई है।

### रहाणे फिर बने उपकप्तान

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने का इनाम अजिंक्य रहाणे को मिला है। रहाणे को फिर से टेस्ट टीम का उपकप्तान नियुक्त कर दिया गया है। रहाणे ने डब्ल्यूटीसी फाइनल की दोनों ही पारियों में शानदार प्रदर्शन किया था।

## अमरीकी खिलाड़ी को आईसीसी से झटका, गेंदबाजी से कर दिया निलंबित

**हरारे।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने संयुक्त राज्य अमरीका के खिलाड़ी काइल फिलिप को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। हरारे में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर के लिए आईसीसी के इवेंट पैनल द्वारा पुष्टि किए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया कि तेज गेंदबाज अवैध गेंदबाजी एक्शन का उपयोग करता है। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में बताया कि 18 जून को वेस्टइंडीज के खिलाफ उनकी टीम के मैच के बाद मैच अधिकारियों ने 26 वर्षीय खिलाड़ी की रिपोर्ट की थी। आईसीसी ने कहा, %इवेंट पैनल ने फिलिप के गेंदबाजी एक्शन के मैच फुटेज की समीक्षा की और निष्कर्ष निकाला कि वह अवैध गेंदबाजी एक्शन का इस्तेमाल करता है और नियमों के अनुच्छेद 6.7 के अनुसार उसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया जाता है। फिलिप का निलंबन तब तक जारी रहेगा जब तक वह अपने गेंदबाजी एक्शन का पुनर्मूल्यांकन नहीं करा देते, जिससे यह निष्कर्ष निकलता है कि उनका गेंदबाजी एक्शन वैध है।



## भूटान को 2-0 से हराकर मालदीव ने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की



**बेंगलुरू, एजेंसी।** दो बार के चैंपियन मालदीव ने गुरुवार को यहां सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप में भूटान को 2-0 से हरा दिया। मालदीव के लिए यहां श्री कांतीर्वा स्टेडियम में मोहम्मद हमजा ने छठे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर पहला गोल दागा। नेज हसन ने इसके बाद 89वें मिनट में एक और गोल दागकर मालदीव की 2-0 से जीत सुनिश्चित की और अपनी टीम को तीन अंक दिलाए। मालदीव की टीम अपने अनुभवी खिलाड़ियों के कारण इस मुकाबले में प्रबल दावेदार के रूप में उतरी थी लेकिन भूटान ने उसे कड़ी टक्कर दी। मालदीव ने हालांकि दोनों हाफ में एक-एक गोल दागकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की।

## मैं टेस्ट क्रिकेट में योगदान देने के लिए हमेशा तैयार रहता हूं :जो रूट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के दिग्गज क्रिकेटर जो रूट ने कहा है कि वह टेस्ट क्रिकेट में विकेट लेने के मौके के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। रूट ने एजबेस्टन टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड के लिए पहले एशेज टेस्ट में ट्रैविस हेड का विकेट लिया और दूसरे टेस्ट से पहले उन्होंनै कहा कि वह टीम में योगदान देने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।



दूसरे टेस्ट से पहले बोलते हुए, रूट ने कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट में विकेट लेने के लिए हमेशा तैयार हैं, साथ ही वह अपनी टीम के लिए बड़े क्षणों में आगे बढ़ना चाहते हैं। एजबेस्टन में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को दो विकेट से हराकर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। उस्मान ख्वाजा ऑस्ट्रेलिया के लिए असाधारण बल्लेबाज थे, उन्होंने पहली पारी में 141 रन बनाए और दूसरी पारी में 197 गेंदों में 65 रन बनाए।रूट ने कहा,यह बहुत अच्छा है जब आपको योगदान करने का मौका मिलता है, आप शामिल होना चाहते हैं और बड़े क्षणों में आगे बढ़ना चाहते हैं। रूट ने कहा, मैं टेस्ट विकेट लेने के मौके के लिए हमेशा तैयार रहता हूं। उन्होंने आगे कहा कि हर किसी को इंग्लैंड से समान शैली की क्रिकेट की उम्मीद करनी चाहिए, साथ ही इस बात पर जोर दिया कि हर किसी को टेस्ट सीरीज में कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा।

## मैकुलम से पहले इंग्लैंड के मुख्य कोच के पद के लिए मुझसे संपर्क किया गया था: पोंटिंग

**नई दिल्ली , एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग ने खुलासा किया है कि पिछ्ले साल ब्रैंडन मैकुलम के पदभार संभालने से पहले इंग्लैंड टेस्ट टीम के साथ कोच की भूमिका के लिए उनसे संपर्क किया गया था। पिछ्ले साल एशेज में 0-4 की शर्मनाक हार के बाद इंग्लैंड की पुरुष टीम की संरचना में बड़े पैमाने पर बदलाव किया गया था। क्रिस सिल्वरवुड की जगह मैकुलम और मैथ्यू मॉट को क्रमशः टेस्ट और सीमित ओवरों की टीम का कोच बनाया गया।

इस हार के बाद टेस्ट कप्तान जो रूट ने भी कप्तानी छोड़ दी, जबकि बल्लेबाजी सलाहकार ग्राहम थोर्प और टीम के प्रबंध निदेशक एशले जाइल्स को भी अपनी नौकरी गंवानी पड़ी। पोंटिंग ने कहा कि उनसे रॉबर्ट की ने संपर्क किया था। रॉबर्ट को तब इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के पुरुष क्रिकेट के नए निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। पोंटिंग ने 'गुरिल्ला क्रिकेट पॉडकास्ट को बताया, '' मैकुलम के कार्यभार संभालने से पहले मुझसे वास्तव में पूछा गया था। रॉबर्ट ने अपना कार्यभार संभालने के बाद मुझे फोन कॉल किया था। पोंटिंग इंडियन प्रीमियर लीग की टीम दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच हैं। उन्होंने उस समय पूर्णकालिक कोच बनने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था क्योंकि वह अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताना चाहते हैं।






पोंटिंग ने कहा, ''मैं अंतरराष्ट्रीय टीम के साथ पूर्णकालिक कोच की भूमिका निभाने के लिए तैयार नहीं हूं। मेरे बच्चे अभी छोटे है और मैं उनसे ज्यादा समय तक दूर नहीं रहना चाहता हूं। ब्रैंडन (मैकुलम) की बात करें तो उनका परिवार आज ही आ रहा है। जब आपके बच्चे स्कूल में हों तो आप ज्यादा यात्रा नहीं कर सकते।

# भारत के पास अच्छे गेंदबाज नहीं: शहजाद

### पाकिस्तान के क्रिकेटर का बेतुका बयान

**नई दिल्ली , एजेंसी**

पाकिस्तान के विराट कोहली कहे जाने वाले अहमद शहजाद ने भारतीय टीम को लेकर बेतुका बयान दिया है। शहजाद ने कहा है कि भारतीय टीम में अच्छे गेंदबाजों की कमी है, जबकि मौजूदा समय में टेस्ट के नंबर एक गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन और वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज मोहम्मद सिराज भारत से ही हैं। भारत के रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह भी टेस्ट रैंकिंग में टॉप 10 में हैं।

अहमद शहजाद ने नादिर अली के पॉडकास्ट में कहा कि भारत के पास रविचंद्रन अश्विन, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा जैसे गेंदबाज हैं, लेकिन उनकी राय में वे खतरनाक नहीं हैं। उन्होंने पाकिस्तान टीम से तुलना की जिसने ऐतिहासिक रूप से विश्व स्तरीय तेज गेंदबाज दिए हैं। उन्होंने कहा कि भारत पिछ्ले कुछ वर्षों में महान बल्लेबाज तैयार करने में सफल रहा है और बल्लेबाजों को टीम प्रबंधन से काफी समर्थन मिला है।

शहजाद ने भारतीय गेंदबाजों को लेकर कहा उनका कोई अनादर नहीं है। लेकिन भारत की ओर से ऐसा कोई खतरनाक गेंदबाज नहीं हुआ है, जिसका सामना करने से विपक्षी बल्लेबाज डरें। उनके पास बुमराह, जड़ेजा और अश्विन जैसे अच्छे गेंदबाज हैं. लेकिन उनके जैसा कोई खतरनाक गेंदबाज नहीं है। बल्लेबाज खतरनाक हैं।




जब उनसे सबसे खतरनाक गेंदबाज के बारे में पूछा गया, जिसका उन्होंने सामना किया है, तो शहजाद ने महान तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को चना और नेटस में अख्तर का सामना करने के अपने अनुभवों को याद किया। उन्होंने बताया कि अख्तर की गेंदबाजी कितनी अनुशासित थी और उन्होंने यह कैसे सुनिश्चित किया कि कोई भी बल्लेबाज कभी घायल न हो। शहजाद ने कहा मझे शोएब अख्तर के अलावा कोई अन्य गेंदबाज याद नहीं आ रहा है। जब मैं टीम में नया था, तो वह पहले से ही शोएब अख्तर ही थे। इसलिए मैंने अख्तर के खिलाफ रिवर्स-स्विंगिंग वाली पुरानी गेंद से छह-आठ गेंदों का सामना किया।

उन्होंने कहा, उनमें दो महान गुण थे। पहला, उन्होंने नेट्स में कभी भी नो-बॉल नहीं फेंकी। दूसरा, उन्होंने नेट्स में बल्लेबाजों को कभी भी अनावश्यक बाउंसर नहीं फेंके। उन्हें पता था कि बल्लेबाज को चोट लगेगी।

### भारत के खिलाफ कैसा है शहजाद का रिकॉर्ड

अहमद शहजाद ने भले ही कहा है कि भारतीय गेंदबाज खतरनाक नहीं हैं, लेकिन भारत के खिलाफ शहजाद का रिकॉर्ड अलग ही कहानी बयां करता है। शहजाद ने भारतीय टीम के खिलाफ सात पारियां खेली हैं, लेकिन एक अर्धशतक तक नहीं लगा सके हैं। भारत के खिलाफ सात पारियों में उन्होंने 26.28 के साधारण औसत से 184 रन बनाए हैं। उनका सबसे बड़ा स्कोर 47 रन रहा है। भारत के खिलाफ शहजाद कोई टेस्ट मैच नहीं खेले हैं, लेकिन टी20 और वनडे की पारियों को मिलाकर उनका स्ट्राइक रेट 83.63 का रहा है। भारत के खिलाफ सिर्फ 184 रन बनाने वाले शहजाद ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पांच हजार से ज्यादा रन बनाए हैं।

## मेघालय में फुटबॉल स्टेडियम का हिस्सा ढहा, पिछले साल दिसंबर में हुआ था उद्घाटन



**शिलॉन्ग।** मेघालय के तुरा में पीए संगमा फुटबॉल स्टेडियम का एक हिस्सा ढह गया। इस स्टेडियम का पिछ्ले साल दिसंबर में उद्घाटन किया गया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह प्रमुख स्टेडियम पीए संगमा खेल परिसर का हिस्सा है, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने किया था और जिसके निर्माण पर 127 करोड़ रुपये की लागत आई थी। अधिकारियों के मुताबिक, घटना बृहस्पतिवार को हुई और इस दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, ''पीए संगमा खेल परिसर के फुटबॉल स्टेडियम के चारों ओर बनी दीवार का एक हिस्सा ढह गया। दीवार ढहने का शुरुआती कारण तुरा और वेस्ट गारो हिल्स क्षेत्र में भारी बारिश के कारण हुई क्षति बताया जा रहा है।''



# अल्ट्रासाउंड टेक्निशियन

## रोग की जड़ तक पहुंचाने का पेशा

**सोनोग्राफी रोग का पता लगाने की एक जांच विधि है। इसके लिए जो मशीन इस्तेमाल में लाई जाती है, उससे अल्ट्रासाउंस वेव्स उत्पन्न की जाती हैं। जब इन तरंगों को शरीर के किसी खास हिस्से के ऊपर प्रवाहित किया जाता है, तो सोनोग्राफी मशीन से जुड़ी एक स्क्रीन पर संबंधित अंग, टिश्यू और शरीर के उस हिस्से में हो रहे रक्त संचार की तस्वीरें नजर आने लगती हैं। तस्वीरें लेने की इस प्रक्रिया को ही चिकित्सा क्षेत्र की कामकाजी शब्दावली में सोनोग्राफी या अल्ट्रासाउंड स्कैन कहा जाता है।**

अल्ट्रासाउंड टेक्निशियन को ही सोनोग्राफर कहा जाता है। पैरामेडिकल क्षेत्र के ये पेशेवर कुछ विशेष उपकरणों की मदद से मरीजों के रोगग्रस्त अंगों की तस्वीरें लेते हैं। सोनोग्राफी रोग का पता लगाने की एक जांच विधि है। इसके लिए जो मशीन इस्तेमाल में लाई जाती है, उससे अल्ट्रासाउंस वेव्स (उच्च फ्रिक्वेंसी वाली ध्वनि तरंगें) उत्पन्न की जाती हैं। जब इन तरंगों को शरीर के किसी खास हिस्से के ऊपर प्रवाहित किया जाता है, तो सोनोग्राफी मशीन से जुड़ी एक स्क्रीन पर संबंधित अंग, टिश्यू और शरीर के उस हिस्से में हो रहे रक्त संचार की तस्वीरें नजर आने लगती हैं। तस्वीरें लेने की इस

### जरूरी गुण

- निरीक्षण करने की बेहतर दृष्टि
- अच्छा संवाद कौशल
- मरीजों के प्रति नरम रवैया
- लंबे समय तक काम करने की शारीरिक क्षमता
- अपने क्षेत्र की नई तकनीकों की जानकारी धैर्य और सहनशीलता
- रोगियों का विश्वास जीतने का हुनर



प्रक्रिया को ही चिकित्सा क्षेत्र की कामकाजी शब्दावली में सोनोग्राफी या अल्ट्रासाउंड स्कैन कहा जाता है।


इसी तरह इस प्रक्रिया को संपन्न करने वाले पेशेवरों को सोनोग्राफर कहा जाता है। जिन सोनोग्राफरों के पास इमेजिंग और रक्त शिराओं का टेस्ट करने में विशेषज्ञता होती है, उन्हें वस्कुलर टेक्नोलॉजिस्ट कहा जाता है। सोनोग्राफी की जरूरत रोगी के शरीर (खासकर रोगप्रभावित अंग) को अंदर से देखने की यह एक ऐसी तकनीक है, जिसमें शरीर के साथ किसी भी तरह की चीर-फाड़ करने की जरूरत नहीं होती। सोनोग्राफी की इस खासियत के कारण इसका इस्तेमाल शरीर के कई अंगों मसलन पेट, स्तन, हृदय, रक्त नलिकाओं, प्रजनन संबंधी अंगों और पौरुष ग्रंथि आदि की जांच के लिए किया जाता है। हृदय रोगों, हृदयाघात और नाड़ी संबंधी रोगों की पहचान और उनके उपचार में सोनोग्राफी का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। यही नहीं कैंसर की जांच के लिए होने वाले बायोप्सी टेस्ट में भी सोनोग्राफी मददगार साबित हो रही है। कैंसर की आशंका वाले अंग में बीमारी का पता लगाने के लिए एक बारीक सुई की सहायता से संबंधित अंग से कोशिकाओं (सेल) का थोड़ा-सा नमूना लिया जाता है, जिसकी बाद में प्रयोगशाला में जांच की जाती है। इस प्रक्रिया के दौरान जब सुई को शरीर में प्रवेश कराया जाता है, तब सोनोग्राफी के माध्यम से ही देखा जाता है कि सुई तय स्थान पर पहुंच रही है या नहीं। स्पेशलाइजेशन के क्षेत्र (सोनोग्राफी में) ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजिक सोनोग्राफी एब्डोमिनल सोनोग्राफी (लीवर, किडनी, गालब्लैडर और पैनक्रियाज) न्यूरोसोनोग्राफी (मस्तिष्क) ब्रेस्ट सोनोग्राफी वस्कुलर सोनोग्राफी (ब्लड वेसल्स) कार्डियक सोनोग्राफी (हर्ट)

सोनोग्राफर का काम अस्पताओं, नर्सिंग होम और तमाम छोटे-बड़े चिकित्सा संस्थानों में सोनोग्राफर को नियुक्त किया जाता है। वहां वह अपने नियोक्ता संस्थान की जरूरत के अनुसार डायग्नोस्टिक इमेजिंग डिपार्टमेंट, ऑपरेशन थियेटर और आईसीयू (इंटेंसिव केअर यूनिट) आदि में डॉक्टरों और नर्सों के साथ काम करना होता है। उनके काम का मुख्य हिस्सा होता है, सोनोग्राफी के लिए उपकरणों को व्यवस्थित करना और मरीजों को सही पोजिशन में आने के लिए निर्देशित करना, ताकि बेहतर जांच रिपोर्ट मिल सके। इसके अलावा वह सोनोग्राफी के दौरान स्क्रीन पर यह भी देखते हैं कि रोगी के जिस अंग का चित्र (इमेज) लिया गया है, उससे रोग की पहचान संभव होगी या नहीं। वह लिए गए कई चित्रों में से उन्हीं चित्रों को अंतिम रूप से चुनते हैं, जिनके आधार पर डॉक्टर मरीज में रोग के होने या न होने के निष्कर्ष तक पहुंच सकें। सोनोग्राफर को अपने मूल कार्यो के अलावा कुछ अतिरिक्त कार्य भी करने होते हैं। इनमें रोगियों के रिकॉर्ड को रखना, उपकरणों का रख-रखाव और मरीजों को जांच के लिए समय देना आदि शामिल होता है। कई बार उन्हें पूरे डायग्नोस्टिक इमेजिंग विभाग के प्रबंधन संबंधी कार्यो को भी देखना होता है।

### योग्यता

देश के कई शिक्षण संस्थानों में सोनोग्राफी के पाठ्यक्रमों का संचालन हो रहा है। यहां से सर्टिफिकेट से लेकर बैचलर डिग्री तक हासिल की जा सकती है। सोनोग्राफर बनने के लिए संबंधित विषय क्षेत्र में कम से कम सर्टिफिकेट कोर्स पास होना जरूरी है।





# एथिकल हैकिंग

## जोर पकड़ रही है मांग


वचरुअल दुनिया का दायरा जिस तरह दिन-दुनी रात-चौगुनी रफ्तार से बढ़ रहा है, आईटी (इफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) आधारित सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं भी परेशानी का सबब बन रही हैं। हर रोज दुनिया के किसी न किसी कोने में नेटवर्क, वेबसाइट और ई-मेल अकाउंट्स की सुरक्षा दांव पर लगी होती है। इंटरनेट पर साइबर अपराध के मामलों में चिंताजनक रफ्तार से वृद्धि देखी जा रही है। इन मामलों में किसी व्यक्ति या संस्था के कंप्यूटर सिस्टम में सेंध लगाकर संवेदनशील डाटा चुराने से लेकर पासवर्ड चोरी करने, भद्दे ई-मेल भेजने और ई-मेल अकाउंट को हैक करने जैसी घटनाएं शामिल होती हैं। इंटरनेट से जुड़े कंप्यूटरों से सूचनाओं को अवैध ढंग से प्राप्त करने वालों को हैकर कहा जाता है। मगर जब यही काम कंप्यूटर सिस्टम के सुरक्षा उपायों को जांचने और उसे पुख्ता बनाने के उद्देश्य से किया जाता है, तो उसे एथिकल हैकिंग कहते हैं। इस कार्य को करने वाले पेशेवर एथिकल हैकर के नाम से जाने जाते हैं। साइबर अपराधों की बढ़ती तादाद के बीच मूल्यवान इंफॉर्मेशन सिस्टम की सुरक्षा के लिए एथिकल हैकरों की मांग जोर पकड़ रही है। इस कारण यह पेशा नौकरी की आकर्षक संभावनाओं के द्वार खोल रहा है।

### एथिकल हैकर का काम

इन पेशेवरों को व्हाइट हैट्स या पेनिशन टेस्टर के नाम से भी जाना जाता है। कंप्यूटर और नेटवर्क से संबंधित तकनीकों में इन्हें विशेषज्ञता प्राप्त होती है। इनका काम अपने नियोक्ता (कंप्यूटर सिक्योरिटी उत्पाद बनाने वाली कंपनी) के लिए किसी निर्धारित कंप्यूटर सिस्टम पर हमला करना होता है, ताकि सिस्टम की उन कमियों का पता लगाया जा सके, जिन्हें तलाशकर हैकर साइबर अपराधों को अंजाम देते हैं। एक प्रकार से एथिकल हैकर भी हैकरों (साइबर अपराधी) जैसा ही काम करते हैं, लेकिन उनका उद्देश्य किसी कंप्यूटर सिस्टम को नुकसान पहुंचाने की बजाए उसे पहले से ज्यादा सुरक्षित बनाना होता है। इंटरनेट पर बढ़ती निर्भरता के कारण एथिकल हैकर आईटी सिक्योरिटी इंडस्ट्री की अहम जरूरत बन गए हैं। यह एक चुनौतीपूर्ण पेशा है, जो जरूरत पड़ने पर 24 घंटे काम में जुट रहने की भी अपेक्षा रखता है। एथिकल हैकर को हमेशा खुद को कंप्यूटर सिस्टम से संबंधित नई तकनीकों से अपडेट रखना होता है, ताकि वह नई चुनौतियों का तेजी से हल तलाश सकें।

### पर्याप्त हैं रोजगार के अवसर

फिलहाल देश में एथिकल हैकरों की काफी कमी है। इसलिए कई-कई कंपनियां अपने नेटवर्क में मौजूद खामियों को खोजने के लिए एक ही पेशेवर की मदद लेती हैं। इन पेशेवरों की सरकारी क्षेत्र के संस्थानों में भी काफी पूछ है। सेना, पुलिस बलों (सीबीआई और एनआईए शामिल), फॉरेंसिक




प्रयोगशालाओं और रक्षा अनुसंधान संगठनों में विशेष रूप से एथिकल हैकरों की मदद ली जाती है। जासूसी एजेंसियों में भी इनके लिए काफी अवसर हैं।

### योग्यता

इस पेशे में आने के लिए कंप्यूटर प्रोग्रामिंग का अच्छा ज्ञान जरूरी होता है। इसलिए कंप्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी या कंप्यूटर इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री का होना आवश्यक है। शैक्षणिक योग्यता के साथ C, C++ और Java आदि प्रोग्रामिंग लैंग्वेज और कंप्यूटर में इस्तेमाल होने वाले ऑपरेटिंग सिस्टम मसलन विंडोज या लिनक्स की जानकारी का होना भी जरूरी है।



### उपलब्ध पाठ्यक्रम

- सर्टिफिकेट कोर्स इन साइबर लॉ
- सीसीएनए सर्टिफिकेशन
- सर्टिफाइड एथिकल हैकर
- सर्टिफाइड इंफॉर्मेशन सिस्टम सिक्योरिटी प्रोफेशनल
- एमएससी साइबर फॉरेंसिक्स एंड इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी
- पीजी डिप्लोमा इन डिजिटल एंड साइबर फॉरेंसिक्स
- पीजी डिप्लोमा इन साइबर लॉ
- पीजी डिप्लोमा इन आईटी सिक्योरिटी
- एडवांस डिप्लोमा इन एथिकल हैकिंग

**संबंधित संस्थान**

- एनआईईएलआईटी
- सीईआरटी
- इंडियन स्कूल ऑफ एथिकल हैकिंग
- तिलक महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी
- इन्नोबज नॉलेज सॉल्यूशन्स प्रा. लि.
- आईएमटी गाजियाबाद
- इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी






# चुनौतीपूर्ण पेशा है मसाज थेरेपिस्ट

**आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों के लिए खुलकर सांस ले पाना भी मुश्किल हो गया है। बढ़ती स्पर्धा के कारण कम या ज्यादा तनाव का रहना भी रोजमर्रा की बात हो गई है। दैनिक जीवन से जुड़ी इन थका देने वाली समस्याओं से पार पाने के लिए लोग नए उपायों को तलाश रहे हैं। मसाज ऐसा ही एक उपाय है, जो व्यक्ति को आराम पहुंचाकर उसे फिर से ऊर्जा से भर देता है। अगर आप उपचार की वैकल्पिक पद्धतियों में विश्वास करते हैं और अपने हाथों से काम करने में खुशी महसूस करते हैं, तो आप मसाज थेरेपिस्ट के रूप में काम कर सकते हैं।**

### मसाज की शुरुआत

उपचार की एक विधा के रूप में मसाज के प्रयोग का आरंभ जिन परंपराओं और तकनीकों से हुआ, उनके प्रमाण प्राचीन इतिहास में मिलते हैं। भारत में मसाज थेरेपी की शुरुआत करीब तीन हजार ईसा पूर्व में हुई थी। आधुनिक समय में मसाज के लाभकारी प्रभावों को नए सिरे से तलाशा जा रहा है। मसाज थेरेपी की उपयोगिता के कारण इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। इस वजह से वैकल्पिक स्वास्थ्य सेवाओं पर आधारित उद्योग क्षेत्र (वेल्नेस इंडस्ट्री) के दायरे में भी वृद्धि हुई है। नतीजा पेशेवर मसाज थेरेपिस्टों की मांग भी पैदा हो रही है। पेशे के रूप में मसाज थेरेपिस्ट के काम को देखें, तो यह एक ऐसा कार्य है, जो अच्छी कमाई के साथ-साथ क्लाइंट (मसाज कराने वाले) से दुआएं और शुभकामनाएं पाने का मौका देता है। लोग किसी मसाज थेरेपिस्ट के पास इसलिए जाते हैं, ताकि वह तनाव और चिंता से मुक्त होकर



शारीरिक और मानसिक सुकून हासिल कर सकें। उम्मीद के मुताबिक मसाज थेरेपिस्ट की सेवा का लाभ मिलने पर क्लाइंट खुद को इतना आनंदित महसूस करते हैं कि संबंधित थेरेपिस्ट के प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त करने लगते हैं।

### मसाज थेरेपिस्ट का कार्य

मसाज के दौरान उंगुलियों, हथेलियों और कोहनी का इस्तेमाल करके क्लाइंट के शरीर की मालिश की जाती है। इससे शरीर में रक्त का प्रवाह बेहतर होता है, तंत्रिकाओं की सक्रियता बढ़ती है और मांसपेशियों को आराम मिलता है। इन लाभों की वजह से ही मसाज थेरेपी का प्रयोग तनाव, थकान, पुरानी बीमारियों और दुर्घटनाओं के कारण शरीर को पहुंची चोटों के ईलाज में किया जाता है। मसाज थेरेपिस्ट अपना काम शुरू करने से पहले मसाज के लिए आने वाले मरीजों की मेडिकल हिस्ट्री, खानपान और जीवनशैली से जुड़ी आदतों का अध्ययन करते हैं। फिर अपने निष्कर्षो के आधार पर थेरेपिस्ट संबंधित क्लाइंट के लिए उपचार की एक योजना (ट्रीटमेंट प्लान) तैयार करते हैं। क्लाइंट के शारीरिक लक्षणों और उपचार के प्रभाव को देखते हुए वह उपचार योजना में बदलाव भी करते हैं। मसाज के लिए थेरेपिस्ट कई तरीकों का इस्तेमाल करते हैं। कभी वह क्लाइंट के तनाव को कम करने के लिए मसाज के दौरान शरीर के कुछ भागों पर अतिरिक्त दबाव देते हैं, तो कभी खास औषधीय गुण वाले तेलों का प्रयोग करते हैं। रोग की प्रकृति के अनुसार मसाज थेरेपी की अवधि भी अलग-अलग होती है। यह कुछ महीने से लेकर सालभर तक हो सकती है। उपचार के बाद थेरेपिस्ट अपने क्लाइंट को बेहतर दिनचर्या और स्वास्थ्य के लिए जरूरी सलाह भी देते हैं। वह क्लाइंट के स्वास्थ्य और उपचार से संबंधित विस्तृत रिकॉर्ड भी रखते हैं, जो जरूरत के समय क्लाइंट के डॉक्टर या फिजियोथेरेपिस्ट के लिए मददगार साबित होते हैं।

यह पेशा काम के लंबे घंटों की मांग करता है। क्लाइंट की आवश्यकता और उनकी संख्या के अनुसार लगातार घंटों तक काम करना पड़ सकता है। कई बार साप्ताहिक अवकाश और शाम के समय भी काम करना पड़ जाता है। आमतौर पर किसी एक क्लाइंट के मसाज पर 45 मिनट से दो घंटे तक का वक्त देना पड़ता है। समय की यह अवधि क्लाइंट की चिकित्सकीय जरूरत पर निर्भर करती है।

### रोजगार के अवसर

मसाज थेरेपिस्ट को स्पा, ब्यूटी सलून, हॉलिस्टिक हेल्थ क्लिनिक, फिटनेस सेंटर में नियुक्त किया जाता है। इसके अलावा उन्हें खिलाड़ियों को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए खेल टीमों और स्पोर्ट्स क्लबों में भी रखा जाता है। नौकरी करने का मन न होने पर मसाज थेरेपिस्ट स्वतंत्र रूप से भी काम कर सकते हैं। अपनी इस भूमिका में वह क्लाइंट के घर जाकर या उसके कार्यस्थल पर पहुंचकर अपनी सेवाएं दे सकते हैं।

### मसाज के हैं कई प्रकार

- अरोमाथेरेपी मसाज
- थाई मसाज
- हॉट स्टोन मसाज
- आयुर्वेदिक मसाज
- रिफ्लेक्सोलॉजी शिअत्सु



# अनिल कपूर
## ने फिल्म इंडस्ट्री में 40 साल पूरे किये

जानेमाने अभिनेता अनिल कपूर ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने 40 साल पूरे कर लिये हैं। अनिल कपूर ने फिल्म इंडस्ट्री में 40 साल पूरे होने पर सोशल मीडिया पर अपनी डेब्यू फिल्म 'वो सात दिन' की एक क्लिप शेयर की। अनिल कपूर ने एक इमोशनल नोट शेयर करते हुये लिखा, आज बतौर एक्टर और एंटरटेनर मैंने 40 साल पूरे कर लिए हैं। दर्शकों द्वारा स्वीकार किए जाने और प्यार पाने के 40 साल। कहते हैं कि जब आप कुछ ऐसा करते हैं जिसे आप प्यार करते हैं तो वक्त बहुत तेजी से गुजर जाता है। मेरे लिए कोई हैरानी की बात नहीं है कि इंडस्ट्री में मेरे 4 दशक पलक झपकते ही निकल गए। मैं जानता हूं कि मैं इसी के लिए बना हूं और यही मुझे करना है। अनिल कपूर ने लिखा, इस मुकाम तक पहुंचने में कई लोगों ने मेरी मदद की। मैं खास तौर पर अपने बापू साहब, मेरे भाई बोनी कपू और मेरे पिता सुरिंदर कपूर को मुझ पर विश्वास करने और मुझे पहला मौका देने के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा। मैं नसीरुद्दीन शाह और पद्मिनी कोल्हापुरे का भी हमेशा आभारी रहूंगा जिन्होंने एक न्यू कमर का इंडस्ट्री में स्वागत किया था। आज मैं जो कुछ भी हूं उसका श्रेय इन दिग्गजों और आप सभी से मुझे मिले प्यार और असेप्टेंस को जाता है। 'इन 40 साल के पूरा होने के मौके पर मैं 'द नाइट मैनेजर पार्ट 2' और 'एनिमल' के साथ दो बेहद खास अवतारों में आपके पास आ रहा हूं। उम्मीद है कि आप मुझे वैसे ही प्यार और सपोर्ट करेंगे जैसे हमेशा से करते रहे हैं।



# प्रेग्नेंसी को लेकर इलियाना डिक्रूज का बड़ा खुलासा

एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज इस वक्त खबरों में हैं। कुछ दिनों पहले एक फोटो शेयर कर यह खबर दी थी कि वह जल्द ही मां बनने वाली हैं। जैसे ही उन्होंने ये पोस्ट शेयर किया तो सभी की दंग रह गए। कई लोगों ने कमेंट कर उनसे पूछा कि उनके बच्चे का पिता कौन है। ऐसे में उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर बड़ा खुलासा किया है। इलियाना का बहुत बड़ा फैन बेस है। उनके फैंस यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि उनकी जिंदगी में क्या चल रहा है, वह अपनी प्रेग्नेंसी को कैसे एन्जॉय कर रही हैं। इलियाना सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। वह सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ अपनी प्रेग्नेंसी की अपडेट शेयर करती रहती हैं। अब उन्होंने प्रेग्नेंसी के दौरान वजन बढ़ने को लेकर कमेंट किया है।

इलियाना ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर आस्क मी एनीथिंग सेशन रखा। एक फैन ने उनसे पूछा, 'क्या आपका भी वजन बढ़ रहा है?' उन्होंने कहा कि शुरूआती दिनों में वह बढ़ते वजन से परेशान थीं लेकिन अब उन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने लिखा, 'जब आप बच्चे को जन्म देने वाले होते हैं तो बहुत से लोग आपके वजन के बारे में बात करते हैं। यहां तक कि जब आप डॉक्टर के पास जांच के लिए जाते हैं तो भी आपको इस संबंध में कोई मदद नहीं मिलती है।'

उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन मैं पिछले कुछ दिनों में अपने शरीर में आए बदलावों से बहुत खुश हूं। यह एक अद्भुत बात है। ये पूरा सफर बेहद खूबसूरत है। मैं एक इंसान हूं और कभी-कभी मैं थक भी जाती हूं। लेकिन मेरे साथ कई करीबी लोग हैं जो मुझसे प्यार करते हैं और प्यार से कहते हैं कि मैं अपने पेट में एक जिंदगी पाल रही हूं। इसलिए मुझे वजन बढ़ने से कोई परेशानी नहीं है।'

# ये क्या पहन के आ गई उर्फी जावेद?
## यूजर्स बोले- हिजाब का सम्मान करो



उर्फी जावेद अपने बोल्ड फैशन के लिए जानी जाती हैं। अधिकतर बार उन्हें उनके लुक्स की वजह से ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है। इन सबसे बेफिक्र उर्फी लुक्स से कुछ ना कुछ प्रयोग करती रहती हैं। जब भी वह पपराजी के सामने आती हैं तो सभी को चौंका देती हैं। गुरुवार की शाम को उर्फी अपने नए लुक से साथ एक बार फिर से नजर आईं। 'बिग बॉस ओटीटी' फेम एक्ट्रेस इस बार भी बोल्ड आउटफिट में दिखीं।

**कैसा लगा उर्फी का नया लुक**

यह पहली बार नहीं है जब उर्फी ने सार्वजनिक रूप से सभी का ध्यान खींचा हो। वह एक बर्थडे सेलिब्रेशन में हैंगआउट के लिए पहुंची थीं। उन्होंने हार्ट शेप का ब्रालेट बनाया था। इसके साथ उन्होंने व्हाइट कलर की बॉडी हगिंग ड्रेस कैरी की। उन्होंने अपने सिर को लाल दुपट्टे से कवर किया हुआ था और एक दुपट्टे को दोनों हाथों के साइड में लिया था जिसे वह लहराते हुए पोज दे रही थीं।

**पपराजी से उर्फी की गपशप**

उर्फी जब पोज दे रही थीं तो उनके पीछे बहुत से लोग खड़े थे जो उन्हें देख रहे थे। पपराजी से उर्फी कहती हैं, 'एक दूसरे को क्यों मार रहे हो मुझ पर मरो ना।' एक पपराजी ने कहा, 'हम भी तो मरते हैं आपके ऊपर।' उर्फी उससे आगे कहती हैं, 'दिखा तो नहीं। एक दिन असली में मर के दिखाओ।'

**यूजर्स ने किया ट्रोल**

वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। एक यूजर ने कमेंट में कहा, 'सार्वजनिक रूप से इस एक्पोजर के लिए क्यों उसकी गिरफ्तारी नहीं होती?' एक यूजर ने कहा, 'हिजाब का सम्मान करो। बाकी आपको जो करना है करो किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता।' एक अन्य ने लिखा, 'सस्ती लोकप्रियता, सस्ती मानसिकता।' एक ने लिखा, 'सिर्फ पैसे के लिए और कुछ नहीं, क्योंकि खूबसूरती तो कपड़ों में हैं।'

# विजय वर्मा के लिए तमन्ना भाटिया ने तोड़ी नो किसिंग पॉलिसी



नेटफ्लिक्स पर 'लस्ट स्टोरीज 2' जल्द रिलीज होने वाली है। फिल्म में कई बड़े एक्टर्स साथ में दिखेंगे। फैन्स तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा की जोड़ी को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। रियल लाइफ में एक दूसरे को डेट कर रहे तमन्ना और विजय पहली बार पर्दे पर रोमांस करते दिखेंगे। काफी दिनों से उनके रिलेशनशिप को लेकर चर्चा चल रही है। आखिर में कपल ने अपने रिश्ते को कबूल किया है। निर्देशक सुजॉय घोष के ऑफिस में उनकी पहली मुलाकात हुई थी और तब उनके बीच अच्छी बॉन्डिंग हो गई थी। इस फिल्म के लिए तमन्ना ने अपनी 17 साल पुरानी नो किसिंग पॉलिसी को तोड़ दिया है। वह पहली बार स्क्रीन पर किस करती दिखेंगी और उनके को-एक्टर विजय वर्मा हैं। एक इंटरव्यू में कपल ने पहली मुलाकात के बारे में बताया।

**विजय की बातें सुन शरमाईं तमन्ना**

विजय वर्मा ने बताया कि सुजॉय घोष के ऑफिस में जब तमन्ना मिलीं तो वह अपने करियर के बारे में बताने लगीं कि वह 17 सालों से काम कर रही हैं। तब विजय ने कहा कि हां वह जानते हैं। इंस्टैंट बॉलीवुड के साथ बातचीत में एक्टर ने कहा, "उन्होंने मुझसे कहा मेरे कॉन्ट्रैक्ट में नो किस पॉलिसी था। इससे पहले यह नहीं किया है। उन्होंने कहा 'तुम पहले एक्टर हो जिसे स्क्रीन पर किस करूंगी।' तो मैंने कहा थैंक्यू।" जब विजय यह बातें बता रहे होते हैं तो तमन्ना शरमा जाती हैं।

**रिलेशनशिप पर बोलीं तमन्ना**

वहीं तमन्ना ने अपने रिलेशनशिप में कहा कि 'कई बार ऊंचाई तक पहुंचीं महिलाओं के साथ होता है कि हमें लगता है सबकुछ बहुत मेहनत से मिलता है। यहां तक कि रिलेशनशिप में भी हम बहुत मेहनत करते हैं लेकिन जब आप सही इंसान से मिलते हैं तो आपको लगता है कि यहां आपको मेहनत की जरूरत नहीं है। चीजें आसान तरीके से होती जाती हैं और कुछ करने की भी जरूरत नहीं होती है। मैं अभी खुश हूं।'

**गोवा से वीडियो हुआ था वायरल**

बता दें कि तमन्ना और विजय के अफेयर की खबरें तब उड़ीं जब गोवा में इस साल न्यू इयर पार्टी में दोनों को किस करते हुए देखा गया।



# डेब्यू से पहले ही खुशी कपूर की अफेयर की चर्चा



दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी। वह जोया अख्तर द्वारा निर्देशित फिल्म 'द आर्चीज' में नजर आएंगी। इससे पहले भी उनके अफेयर के चर्चे होते रहे हैं। ऐसी अफवाह है कि खुशी ब्राउन मुंडे फेम सिंगर एपी ढिल्लों को डेट कर रही हैं। चर्चा तब शुरू हुई जब एपी ढिल्लों ने एक कॉन्सर्ट के दौरान गाने में खुशी कपूर का जिक्र किया। उस वक्त एपी ने कहा था, "जदो हंसे ता लगे तू खुशी कपूर।" अफेयर की चचाओं पर अभी तक न तो खुशी कपूर और न ही एपी ढिल्लों ने कोई टिप्पणी की है। सभी को इन दोनों के रिएक्शन का इंतजार है। खुशी की फिल्म 'द आर्चीज' की बात करें तो वह इसमें बेटी का किरदार निभाती नजर आएंगी। उनके साथ सुहाना खान भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। वह वेरोनिका का किरदार निभाएंगी। इस फिल्म में दोनों की अच्छी दोस्ती दिखाई जाएगी। नेटफ्लिक्स ने फिल्म का एक टीजर शेयर करते हुए कहा, 'आपने उन्हें कॉमिक्स, किताबों और रिवरडेल में देखा है। इस बार ये आपको भारत में देखने को मिलेंगे। आर्चीज 60 के दशक की फिल्म है जिससे हर कोई परिचित होगा। फिल्म 'द आर्चीज' का निर्देशन जोया अख्तर ने किया है। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसकी रिलीज डेट की घोषणा अभी नहीं की गई है।

# कुमार सानू ने अपने संघर्ष के दिनों को याद किया

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का देसी डांस रियलिटी शो इंडियाज बेस्ट डांसर 3 इस रविवार लेजेंडरी सिंगर एवं रोमांटिक गानों के सरताज कुमार सानू की मौजूदगी में 'सुपरहिट संडे विथ सानू दा' स्पेशल एपिसोड होगा।इस एपिसोड की एक हाईलाइट, कुमार सानू के मधुर गानों पर विपुल कांडपाल और कोरियोग्राफर पंकज थापा की शानदार डांस परफॉर्मेंस होगी। इस दौरान अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए कुमार सानू कहते हैं , विपुल ने कम उम्र में काम करना शुरू कर दिया था, ताकि वो अपनी फीस देने के लिए पैसे कमा सकें। मैंने भी वही किया था। मैं पैसों के लिए होटलों में गाता था। वहां मेरी मुलाकात एक म्यूज़िक डायरेक्टर से हुई और मुझे एक मौका मिला। हम दोनों की कहानी एक जैसी है। मैं यहां इसी वजह से पहुंचा हूं और मुझे यकीन है कि विपुल का भी एक बढ़िया फ्यूचर होगा। अपने सपनों पर भरोसा रखो, लगातार आगे बढ़ते रहो और कभी उम्मीद मत छोड़ो।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DLHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स-डब्लूए 30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।